रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 12

वैशाख शुक्ल पक्ष 14, संवत 2081 | रांची, बुधवार, 22 मई 2024, वर्ष-25, अंक-109, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

आइए गर्व के साथ मतदान करें
मनाएं लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव



इंडी गठबंधन वालों को भारत का गौरव हजम...

**सेंसेक्स** 73,953.31 -52.62

**डॉलर** 83.275 -0.015

**रांची सर्राफा**

10 ग्राम 70,000

01 किलो 99,990

**आज के मैच**

Royal Challengers Bangalore — Rajasthan Royals

समय : 7:30 बजे से

स्थान : अहमदाबाद

# हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में जोरदार बहस, आज भी सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ईडी की कार्रवाई को चुनौती देने और अंतरिम जमानत की मांग वाली याचिका पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। करीब दो घंटे तक दोनों पक्षों की ओर से जोरदार बहस हुई। जस्टिस दीपांकर दत्ता और सतीश चंद्र शर्मा की अवकाशकालीन बेंच ने बुधवार को भी सुनवाई जारी रखने का फैसला किया है। हेमंत सोरेन की याचिका इसके पहले 18 मई को जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए पेश की गई थी। उस दिन ईडी की तरफ से इसपर जवाब के लिए समय की मांग की थी। इसके बाद कोर्ट ने याचिका को 21 मई को सुप्रीम कोर्ट की अवकाश पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था। बता दें कि रांची के बड़गाईं अंचल में 8.66 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में ईडी ने विगत 31 जनवरी को हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## हेमंत का पक्ष रखते हुए सिब्बल ने कहा

- जिस जमीन पर कब्जे के आरोप में ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ कार्रवाई की है वह जमीन छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट के तहत भुईंहरी नेचर की है और इसे किसी भी स्थिति में किसी व्यक्ति को बेचा या हस्तांतरित नहीं किया जा सकता।
- इस जमीन की लीज राजकुमार पाहन के नाम पर है। इस जमीन पर बैजनाथ मुंडा और श्यामलाल पाहन भी अपना दावा कर रहे हैं। इसलिए यह सिविल डिस्प्यूट का मामला है और इससे हेमंत सोरेन का कोई संबंध नहीं है।
- हेमंत सोरेन पर 2009-10 में इस जमीन पर कब्जा करने का आरोप है, लेकिन इसे लेकर कहीं कंप्लेन दर्ज नहीं है। अप्रैल 2023 में ईडी ने कुछ लोगों के मौखिक बयान पर बता दिया कि यह जमीन हेमंत की है।
- ईडी के पास इस बात के कोई सबूत नहीं हैं कि हेमंत सोरेन ने इसपर कब, कहां और किस तरह कब्जा किया।



## ईडी के लिए एएसजी ने कहा

- इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि बरियातू की 8.86 एकड़ जमीन पर हेमंत सोरेन का अवैध कब्जा है। जमीन के कागजात में भले ही हेमंत का नाम दर्ज नहीं है, लेकिन जमीन पर अवैध कब्जा पीएमएलए के तहत अपराध है।
- सोमवार को ईडी ने अपना पक्ष लिखित तौर पर रखा, जिसमें अंतरिम जमानत की मांग का विरोध करते हुए कहा गया कि उन्होंने जांच को बाधित करने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करने का प्रयास किया है। यहां तक कि उन्होंने ईडी के अधिकारियों के खिलाफ एससी/एसटी अधिनियम के तहत झूठे मामले दर्ज किए हैं।
- यदि सोरेन को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दी जाती है, तो जेल में बंद सभी राजनेता इसी आधार पर छूट की मांग करेंगे। चुनाव प्रचार करने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है, न ही संवैधानिक या कानूनी अधिकार।
- अगर सोरेन की 'विशेष सुविधा' देने की प्रार्थना स्वीकार कर ली जाती है तो किसी भी राजनेता को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता और न ही न्यायिक हिरासत में रखा जा सकता है।

## शाह पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश

***भाजपा*** के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को सशरीर उपस्थित होने के लिए मंगलवार को समन जारी किया है। लोकसभा चुनाव की वजह से मामले की अगली सुनवाई 11 जून को होगी। राहुल गांधी की ओर से पूर्व में एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा जारी समन को झारखंड हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिसे हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद एमपी-एमएलए कोर्ट ने एक बार फिर राहुल गांधी को समन जारी किया है। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता नवीन झा के अधिवक्ता बिनोद कुमार साहू और अमरदीप साहू ने पैरवी की। 2018 में यह शिकायतवाद भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने दायर किया था। इसमें कहा गया है कि कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली सहित अन्य जगहों पर आयोजित पार्टी के अधिवेशन में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस दौरान राहुल ने कहा था कि भाजपा में एक हत्यारा अध्यक्ष बन सकता है लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं हो सकता।



# यहां मंत्री, एमपी, पीए व नौकर सब भ्रष्टाचारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और झामुमो को चुनौती देते हुए कहा कि यदि राजनीति करनी है तो जनता की आंखों में आंखें डालकर करें। उन्होंने कहा कि ये लोग ईमानदारी की बात करते हैं, लेकिन यहां मुख्यमंत्री तो छोड़िए इनके एमपी के आवास से नौकर के घर नोटों के पहाड़ निकलते हैं और ये मासूमियत से कहते है हमें मालूम नहीं पैसा किसका है। ये सब बिना मुख्यमंत्री के शह के नहीं हो सकता। आज उनको एजेंसियों ने गिरफ्तार कर लिया तो कहते हैं कि भाजपा विरोधियों को प्रताड़ित कर रही है। मोदी सरकार में यदि हमारा कोई व्यक्ति भ्रष्टाचार में पकड़ा जाएगा तो उसका स्थान उसका घर नहीं जेल होगा। ये झामुमो-कांग्रेस वाले भ्रष्टाचार करने के बाद भी हमारी सरकार के ऊपर आरोप लगा रहे हैं। कहते हैं मोदी आ गये तो आरक्षण खत्म कर देंगे। मोदी तो दस साल से है अब तक तो आरक्षण खत्म हो जाना चाहिए था। इतमीनान रहें न तो भाजपा ऐसा करेगी न ही इन्हें धर्म के आधार पर हम आरक्षण देने देंगे। हम जनता की आंखों में धूल नहीं झोंकते। हम आंखों में आंखे डालकर राजनीति करते हैं।। जो कहते हैं करके दिखाते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को बोकारो जिले के सेक्टर-2सी के दुर्गा पूजा मैदान में धनबाद लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे।



*कांग्रेस-झामुमो को राजनीति करनी है, तो जनता की आंखों में आखें डालकर करें* | *न भाजपा आरक्षण खत्म करेगी, न ही इन्हें धर्म के आधार पर आरक्षण देने देगी*

### पहली बार सुना किसी राज्य का सीएम 24 घंटे गायब रहा

उन्होंने कहा कि झारखंड में अकूत खनिज संपदा है। यहां बड़ी संख्या में आदिवासी और दलित रहते हैं। पहली बार मैंने सुना था कि किसी राज्य का मुख्यमंत्री 24 घंटे के लिए गायब था। ना झारखंड वालों को पता था और ना किसी एजेंसी को पता था। यहां बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास भाजपा के मुख्यमंत्री रह चुके हैं लेकिन इन तीनों के दामन पर कोई दाग नहीं लगा लेकिन गठबंधन की सरकार बनते हैं भ्रष्टाचार होने लगे। क्या यहां के भ्रष्ट लोग शासन संभालेंगे?

# यह संविधान को बचाने की लड़ाई मोदी को हराना जरूरी : केजरीवाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में मंगलवार को झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती के पक्ष में आयोजित विशाल जनसभा में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन सहित आप के राष्ट्रीय संयोजक सह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित अन्य नेता शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में लोगों से गठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील की। अपने संबोधन में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भारत को अगर बचाना है तो सबको मिलकर केंद्र की मोदी सरकार को चुनाव में हराना होगा। यह संविधान को बचाने की लड़ाई हैं। मोदी की सरकार रह गयी तो लोकतंत्र नहीं बचेगा। यह सरकार सच बोलने वालों को जेल भेज रही है। इसकी मंशा विपक्ष को जेल में डालने की है, लेकिन यह जान लेना चाहिए कि झारखंड और देश भाजपा की तानाशाही के आगे झुकने वाला नहीं है।

### झारखंड की जनता भाजपा गठबंधन को यहां से उखाड़ फेंकेगी : चंपाई

***सभा*** को संबोधित करते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भी भाजपा गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता भाजपा गठबंधन दल को यहां से उखाड़ फेंकेगी। केंद्र की मोदी सरकार विपक्षी एकता को देख डरी हुई है, यही वजह है विपक्ष के सारे नेताओं को जेल भेजा जा रहा है। प्रधानमंत्री सत्ता के नशे में चूर हैं, इसलिए इस तरह का तानाशाही रवैया अपना रहे हैं। इसका जवाब झारखंड की जनता देने को पूरी तरह से तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने जिस तरह से काम किया है, वह आज एक मिशाल है। उसी से डर कर भाजपा ने हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया। आज यहां जितने उद्योग हैं और जितना जीएसटी और सभी राजस्व केंद्र सरकार को मिल रहा है, उसका एक परसेंट भी केन्द्र की सरकार झारखंड के विकास में खर्च नहीं कर रही है। उसके उलट झारखंड सरकार राज्य में विकास की गंगा बहा रही है। आदिवासियों का कल्याण हो रहा है।

## एक नजर

### रामकृष्ण मिशन आश्रम के कुक्कुटों में बर्ड फ्लू की पुष्टि

**रांची।** रांची के रामकृष्ण मिशन आश्रम मोरहाबादी के कुक्कुटों के आईसीएआर-एनआईएचएसएडी भोपाल में जांच किए गए नमूनों में एच फाइव एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा की पुष्टि हुई है। एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) की पुष्टि के बाद उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को एहतियात के तौर पर रामकृष्ण मिशन आश्रम मोरहाबादी से एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा एवं मृत कुक्कुटों-कुक्कुट उत्पाद और अंडा की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी है। इनके परिवहन पर भी अगले आदेश तक रोक लगाई गई है।

### करंट लगने से आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चे की मौत

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत पूरनानगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में करंट लगने से एक बच्चे की मौत हो गयी। मृतक की पहचान गोलू कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार केंद्र में गेट के पास से बिजली का तार गया हुआ है, तार कटा होने के कारण गेट में करंट आ गया। इसी दौरान गेट से बच्चे को करंट लग जाने से उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर उसे सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### मंत्री के पीएस संजीव लाल और जहांगीर आलम भेजे गए जेल

**रांची।** ईडी ने मंगलवार को आलमगीर के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम की रिमांड अवधि समाप्त होने पर ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा के अवासीय कोर्ट में पेश किया। अदालत ने दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में होटवार कारागार भेज दिया। ईडी ने दोनों आरोपितों से 12 दिन तक रिमांड पर पूछताछ की। ईडी ने दोनों को छह मई को गिरफ्तार किया था। ईडी की छापेमारी में राज्य सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस नेता आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के नौकर जहांगीर सहित अन्य के घर से 35.23 करोड़ बरामद हुए थे।

# केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा ने दो पत्रकारों पर लगाया छवि खराब करने आरोप, आज होगी सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा थाने में एक दैनिक अखबार के ब्यूरो हेड संजीव समीर, पत्रकार और यूट्यूबर रवि पासवान के अलावा चरनजीत सिंह और प्रकाश कुमार के खिलाफ उनकी छवि खराब करने की शिकायत दर्ज कराई है। मंत्री के आवेदन को थाना प्रभारी ने एसडीओ के यहां फारवर्ड कर दिया, जिसके बाद एसडीओ के यहां से 107 का वाद शुरू करते हुए 22 मई को सुनवाई की तिथि निर्धारित की गयी है।



इधर, इस मामले में पत्रकार संजीव समीर का कहना है कि उन्होंने कभी भी सोशल मीडिया पर केंद्रीय मंत्री और कोडरमा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के खिलाफ कोई पोस्ट नहीं किया है।

# कल शाम थमेगा भोंपू का शोर

**रांची लोस चुनाव काउंट डाउन 3**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड का रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र भारत की चुनावी राजनीति में अपने महत्वपूर्ण स्थान रखता है। रांची लोकसभा सीट के लिए छठे फेज में 25 मई को मतदान होगा। इसके पहले प्रचार अभियान चरम पर है। 23 मई (गुरुवार) की शाम चुनाव प्रचार के भोंपू का शोर थम जाएगा। मालूम हो कि रांची लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र हैं। रांची, कांके, हटिया, खिजरी, सिल्ली व ईचागढ़ विधानसभा इसमें शामिल हैं। रांची लोकसभा में वर्ष 2019 की तुलना में 2024 में 2.5 लाख मतदाता बढ़े हैं। 2024 चुनाव में रांची लोकसभा में 2377 बूथ बनाए गए हैं। यहां कुल 21 लाख 42 हजार 991 मतदाता हैं, जिसमें 10,86,564 पुरुष मतदाता, 10,56,360 महिला मतदाता और 67 तृतीय लिंगी मतदाता हैं। वहीं 46 हजार 776 युवा मतदाता हैं। ये 18 से 19 वर्ष के मतदाता हैं जो पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मालूम हो कि 2019 के आम चुनावों में भाजपा के संजय सेठ ने 2,83,026 मतों के अंतर से जीत दर्ज की थी। उन्हें 7,06,828 वोट मिले। उन्होंने कांग्रेस के उम्मीदवार सुबोधकांत सहाय को हराया था, जिन्हें 4,23,802 वोट मिले थे। 2019 के लोक सभा चुनाव में 64.40% मतदान हुआ था। 2024 में भारतीय जनता पार्टी से संजय सेठ और कांग्रेस से यशस्विनी सहाय उम्मीदवार हैं।




## इंडिया



**सुनील बादल**

*शेष दो चरणों के बाद भी कांग्रेस शायद न्यूनतम 55 सीटें जीतकर नेता प्रतिपक्ष की प्रतिष्ठा न बचा पाए।*

# चुनाव समाप्ति से पहले ही नेताओं के बदलते सुर के मायने

पांच चरणों के चुनाव के बाद 400 सीटों के चुनाव नतीजों की आहट अनुभवी नेता भांप चुके हैं जिससे चुनाव बाद के समीकरण बदलने वाले हैं और उनके बयानों के गहरे मायने हैं जो 4 जून को स्पष्ट दिखाई देंगे।शरद पवार गहरी राजनीतिक समझ वाले नेता माने जाते हैं उन्होंने कुछ दिनों पूर्व बयान दिया है कि 4 जून के बाद अनेक पार्टियों का कांग्रेस में विलय हो जाएगा। इसका सीधा अर्थ यह है कि उनकी दो फाड़ में बंट चुकी एनसीपी का भी विलय होगा। महाराष्ट्र के क्षत्रप कहे जाने वाले पवार को राजनीति की गहरी समझ रखते हैं पांचवे चरण के चुनाव समाप्त होते ही यह अंदाजा मिल चुका कि शेष दो चरणों के बाद भी कांग्रेस शायद न्यूनतम 55 सीटें जीतकर नेता प्रतिपक्ष की प्रतिष्ठा न बचा पाए। ऐसे में उनकी या अन्य छोटी पार्टियों का कांग्रेस में शामिल होना दूरगामी लाभ देगा। शरद पवार के बयान भी कांग्रेस के प्रति नरम होने लगे हैं जिससे पूरी संभावना है अगले दो वर्षों में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए एनसीपी शरद पवार गुट सहित अन्य छोटे दल कांग्रेस में विलय कर लें।



शरद पवार को पता है 8 सीटें अधिकतम जीतने वाली एनसीपी विभाजित होकर क्या कर पाएगी यहां एक बात महत्वपूर्ण है कि एकनाथ शिंदे कमजोर कड़ी हैं जिससे एनडीए को भी कुछ नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसी प्रकार अपने अनिश्चित रूख और आग उगलते बयानों के लिए जाने जानी वाली ममता बनर्जी ने घोषणा की है की इंडी एलायंस की सरकार बनी तो वे बाहर से समर्थन देंगी यह एक प्रकार का संकेत है कि उनके लिए भाजपा भी एक विकल्प है। इन्हें अच्छी तरह मालूम है कि 2021 के विधान सभा चुनाव के बाद अराजक बंगाल में हिंसा हुई थी वैसी हुई तो इस बार मोदी सरकार बंगाल सरकार को हटाकर राष्ट्रपति शासन लगाने में देर नहीं करेगी। संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से मोदी ने न्याय दिलाने का वायदा किया था और ऐसा तभी संभव है। बंगाल में दो साल बाद विधानसभा चुनाव हैं और भाजपा के अनेक नेता कहते रहे हैं कि वे संदेशखाली की माताओं बहनों के साथ हुए अत्याचार को भूलेंगे नहीं और उन्हें न्याय मिलेगा। चुनाव में इस बार बंगाल में भाजपा को अच्छी खासी बढ़त मिलेगी जिसे भांपकार ममता ओड़िशा के नवीन पटनायक वाले रास्ते पर चलकर केंद्र से रिश्ते सुधारना चाहती हैं जिसकी संभावना भाजपा ही न्यून कर रही है। ममता ने तो स्पष्ट भी किया है कि वे बंगाल कांग्रेस या सीपीएस की सहभागिता वाली सरकार में शामिल नहीं होगीं। इंडी गठबंधन को शायद भाजपा की वापसी का पूरा अनुमान लग गया है। दक्षिण के डीएमके से इंडी ने उत्तर, पूरब और पश्चिम भारत की रैलियों में एकदम से किनारा कर लिया था क्योंकि एमके स्टालिन के पुत्र उदयनिधि स्टालिन के सनातन विरोधी बयान से सनातन समाज गुस्से में है। स्टालिन भी चुप हैं। आरजेडी और समाजवादी पार्टी इस बात को समझते हैं। डीएमके अब एनडीए से भाजपा से नजदीकी बनाने में भलाई समझ रहा है जैसी चर्चा इंडी एलायंस में भी है। स्टालिन अन्ना मलाई के माध्यम से दक्षिण में भाजपा के प्रभाव के पूर्व विधानसभा चुनाव कराकर बेटे को सीएम बनाना चाहते हैं। भाजपा के विरोध में आरजेडी और समाजवादी पार्टी के साथ कांग्रेस मुखर है। विश्लेषण यह बता रहे हैं कि राहुल गांधी रायबरेली बचा लें तो उपलब्धि होगी और अखिलेश कन्नौज और मैनपुरी बचा लें यह उपलब्धि होगी। कहा जा रहा है कि चुनाव परिणाम के पूर्व ये संकेत 4 जून के बाद बिल्कुल स्पष्ट हो जाएंगे।

### कोलकाता आकर लापता हुए बांग्लादेश के एक सांसद

**कोलकाता।** बांग्लादेश से इलाज कराने के लिए कोलकाता आए एक सांसद लापता हो गए हैं। कोलकाता में बांग्लादेश उप उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता पहुंचने के बाद 13 मई से लापता हैं। मंगलवार को बांग्लादेश उच्चायोग की ओर से बताया गया है कि बांग्लादेश की सत्तारूढ़ अवामी लीग के सदस्य अनार, बारानगर में एक दोस्त के घर पर रह रहे थे। 13 मई को वह किसी से मिलने के लिए निकले जिसके बाद से लापता हैं। कोलकाता में बांग्लादेश उप उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वह इलाज के लिए 12 मई को कोलकाता आए थे और शहर के उत्तरी इलाके बारानगर में अपने दोस्त के घर पर रह रहे थे। 13 मई को, वह किसी से मिलने गया लेकिन वापस नहीं लौटा।

**आज कल**



## एक नजर

### तल्हा खान के डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई चार को

**रांची।** रांची के बरियातू स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन घोटाले से जुड़े मामले के आरोपित तल्हा खान की ओर से कोर्ट में दायर डिस्चार्ज पिटीशन पर मंगलवार को सुनवाई हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि चार जून निर्धारित की है। तल्हा खान पर आरोप गठन होना है। इसे लेकर उनकी ओर से खुद पर लगे आरोप से मुक्त कराने के लिए डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया गया है।

### जो कृष्ण को लाने वाले हैं, हमें उनको लेकर आना है : अमर बाउरी

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि यह चुनाव देश का है। वोट करते समय ध्यान रखें कि देश किनके हाथ में सुरक्षित है। देश का विकास कौन कर रहा है। उनके लिए कमल का बटन दबाएं। जो राम को लाए हैं, हम उनको लेकर आएं। जो कृष्ण को लेकर आने वाले हैं, हमें उनको लेकर आना है। इस अवसर पर प्रत्याशी ढुल्लू महतो, विधायक बिरंची नारायण, भानु प्रताप शाही, लोकसभा क्षेत्र प्रभारी सुरेश साहू और बोकारो जिला अध्यक्ष जयदेव राय भी मौजूद थे।

### बूंद बूंद पानी को लेकर तरस रहे खटंगा जमनी टोली के ग्रामीण

**लापुंग।** ककरिया पंचायत के खटंगा जमनी टोली के ग्रामीण भीषण गर्मी में भी बूंद बूंद पानी को लेकर तरस रहे हैं। उनकी परेशानी देखकर भी विभाग के पदाधिकारियों का दिल पसीज नही रहा। लगातार चार महीनों से खराब पड़ा मोटर पंप और जलमीनार में पानी नहीं चढ़ने के कारण ग्रामीणों के समक्ष भारी परेशानी खड़ी हो गई है। विभागीय पदाधिकारियों के पास शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है। शिकायत के बाद लतरातु पंचायत के इलाके के चालू चापानल को देखकर ककरिया पंचायत के खराब पड़े जलमीनार को चालू नही कर रहा है विभाग इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है। स्थानीय सुषमा खलखो ने कहा कि क्या खटंगा जमनी टोली का निवासी होना ही हमारा बड़ा अपराध है या कुछ और कारण है क्या ? उन्होंने कहा कि 1 महीने पहले एसडीओ देवानंद सिंह ने मेरा मोबाइल नंबर लिया और कभी फोन नहीं किया। मुखिया, विधायक और सांसद को भी हमलोगों की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। वहीं गांव की सिबनी उराईन ने कहा कि लतरातु पंचायत के इलाके में एक चापानल है लेकिन हमारे इलाके के इकलौते चापानल में मशीन लगा दिया गया है और जलमीनार में ऊपर पानी चढाय़ा जाता है । चापानल में लगा मशीन खराब हो गया है और चार महीनों से जल मीनार में पानी नहीं चढ़ रहा है। इससे पूरा गांव प्यासा है। वहीं करमी उराईन ने कहा कि हर आदमी को पीने के लिए पानी की जरूरत होती है।

### बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर फैली है अव्यवस्था ◆ खिलौने जैसी है ट्रॉली, बैठने में डर रहे मरीज

# एक मई से निकासी व आगम मार्ग में हुए बदलाव से यात्रियों में भ्रम की स्थिति



**अमित कुमार**

रांची। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट राजधानी के लोगों के लिए महत्वपूर्ण है। लेकिन, पिछले कुछ दिनों से एयरपोर्ट की स्थिति को देख कर लगता है कि यहां कई प्रकार की अव्यवस्था है, जिसे बेहतर करने की जरूरत है।

सोमवार को रात्रि आठ बजे दिल्ली से इंडिगो की प्लाइट रांची पहुंची, तो यत्रियों की भीड़ से एयपोर्ट का माहौल ही बदला-बदला नजर आया। पहले की भांति एक मई से निकासी मार्ग और आगम मार्ग में बड़ा बदलाव किया गया है। एयरपोर्ट जाने के लिए जिस मार्ग को उपयोग होता था, वह मार्ग अब आने के लिए उपयोग होने लगा है। जिस मार्ग से पहले वापसी होती थी, उस मार्ग से अब इंट्री हो रही है। ऐसे में लोगो के बीच काफी भ्रम की स्थिति बनी हुई है।

इसके अलावे, एयरपोर्ट में दस मिनट निःशुल्क पार्किंग सेवा के साथ ट्रॉली की क्या व्यवस्था है और ट्रॉली का उपयोग करने वाले अक्षम लोगों के लिए क्या कुछ सेवा बहाल की गई है, इस संदर्भ में पिछले दिनों की व्यवस्था देख कर जब एयपोर्ट अथॉरिटी से बात की गई, तो कई बातें स्पष्ट रूप से सामने आई हैं। गुरुग्राम से इलाज करा कर लौट रहे एक व्यक्ति ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि गुरुग्राम एयपोर्ट पर इंडिगो प्लाइट पकड़ने से पहले जिस ट्रॉली का उपयोग किया गया, वहां एक मरीज को ले जाने और लाने के लिए बेहतर था। लेकिन, उसी एयरलाइंस से रांची एयरपोर्ट की ट्रॉली का उपयोग किया गया, तो यह बच्चों के खिलौने के समान थी। इसमें बैठने पर डर लग रहा था कि कहीं ट्रॉली टूट गया, तो ऑपरेशन वाले स्थान पर भारी नुकसान हो सकता है। इतना ही नहीं, ट्रॉली ले जाने वाले लोग भी अनट्रेंड लग रहे थे। उन्होंने कहा, ऑपरेशन करा कर रांची लौटा हूं। यहां की व्यवस्था देख डर गया हूं।

#### रात्रि आठ बजे एयरपोर्ट की सड़क हुई जाम

इंडिगो एयरलाइंस के आने के बाद यात्रियों की भीड़ से पूरी सड़क जाम हो गई। पहले की भांति जिस मार्ग से आना होता था, अब उस मार्ग से जाना पड़ रहा था। ऐसे में टोकन शुल्क को लेकर एग्जिट प्वाइंट पर काफी भीड़ हो गई थी। इस कारण एक के पीछ एक सैकड़ों की संख्या में गाड़ियों की लाइन लग गई।

#### लगेज के बेल्ट में आई गड़बड़ी

कई यात्री अपना लगेज लेने के लिए काउंटर संख्या-1 पर खड़े रहे। आधा लगेज तो आ गया, लेकिन बाकी के लिए घंटों इधर से उधर भटकना पड़ा। काफी पूछताछ के बाद पता चला कि यात्रियों का बाकी का लगेज काउंटर संख्या-3 पर रख दिया गया है। ऐसे में यात्रियों के सामान की सुरक्षा पर कई सवाल खड़े होते हैं।

**क्या कहते है यात्री :** यहां सबसे बड़ी परेशानी वाहनों के पड़ाव को लेकर है। देशभर के एयरपोर्ट पर यात्रियों के निकलते ही वाहन पड़ाव सामने की ओर होता है, लेकिन यहां तो आधा किलोमीटर दूर पड़ाव की व्यवस्था है।

**हाजी परवेज**

पहली बार ऐसा हो रहा है कि मेरा आधा लगेज काउंटर संख्या 1 पर तथा बाकी का लगेज काउंटर संख्या 3 पर उतार दिया गया है। ऐसे में यदि कोई मेरे लगेज को ले जाता, तो क्या हवाई अड्डा प्राधिकरण जिम्मेवारी लेता।

**आरती शुक्ला**


### आंधी में गिरा 33 केवी ट्रांस्मीशन लाइन का पोल तार 24 घंटे से ठप है खलारी में बिजली आपूर्ति

**खलारी।** खलारी में जेबीवीएनएल की बिजली आपूर्ति पिछले करीब 24 घंटे से ठप है। खलारी सहित आसपास के दूसरे प्रखंडों के कुछ इलाके में जेबीवीएनएल के मांडर विद्युत अवर प्रमंडल अंतर्गत बचरा स्थित 33/11 केवी विद्युत सब स्टेशन से बिजली की आपूर्ति की जाती है। बचरा सबस्टेशन को पतरातू सबस्टेशन से 33 हजार वोल्ट बिजली की आपूर्ति की जाती है। सोमवार रात 12.30 बजे से बचरा विद्युत सबस्टेशन की बिजली आपूर्ति बंद हो गई। जिसके कारण बचरा से बिजली पाने वाले खलारी सहित आसपास की लगभग 50 हजार आबादी को बिजली मिलना बंद हो गया। भीषण गर्मी के बीच रात में बिजली बंद हो जाने से लोग सारी रात परेशान रहे। सुबह जानकारी मिली कि बचरा और पतरातू के बीच आंधी में पोल गिर पड़ा जिससे चार पोल का बिजली तार गिर पड़ा। वहीं पतरातू ग्रीड में भी आंधी का असर पड़ा। बचरा सबस्टेशन से जुड़े जेबीवीएनएल के स्थाई व संवेदक कर्मी सहायक व कनीय विद्युत अभियंता के निर्देशन में ट्रांस्मीशन लाइन दुरूस्त करने में लग गए। लाइन दुरूस्त करने में मंगलवार का सारा दिन लग गया। मंगलवार को सारा दिन लोगों को बिना बिजली बिताना पड़ा। घर के बूढ़े, बीमार के लिए ज्यादा परेशानी रही। अधिकतर घरों में पानी की किल्लत हो गई। मोबाइल डिस्चार्ज हो गए। जिनके घर इन्वर्टर थे उनके बैटरी जबाव दे दिए। कनीय विद्युत अभियंता ने बताया कि पतरातू ग्रीड की खराबी को ठीक कर लिया गया है। ट्रांस्मीशन लाइन में काम चल रहा है। ठीक होते ही रात में किसी समय बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। समाचार लिखे जाने तक खलारी के अधिकतर गांव, टोले कालोनियां, हाट, बाजार अंधेरे में डूबे हुए थे। घर के अंदर और बाहर खुली हवा में पंखे झलते लोग बिजली के इंतजार में थे।

### इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया गया

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को लोवादाग पंचायत के गांव धरमपुर में रांची लोकसभा क्षेत्र की कांग्रेस इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी सुश्री यशस्विनी सहाय जी और झारखंड की बेटी के लिए चुनाव प्रचार प्रसार किया, डोर टू डोर जनसंपर्क किया गया साथ ही साथ कांग्रेस की गारंटी कार्ड वितरण कर 25 मई 2024 को हाथ छाप क्रम संख्या - 2 पर अधिक से अधिक वोट देकर विजय बनाने की अपिल की। इस जनसंपर्क कार्यक्रम में सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो, मो कलाम अंसारी, प्रकाश मुंडा, शिवनाथ अहीर, सोनाराम मुंडा,सिल्ली प्रखंड झामुमो अध्यक्ष राधिका महतो, अजीत महतो, वासुदेव मुंडा, सीपीआईएम नेता अमर महली, जितेंद्र नाथ महतो, अरुण कुमार महतो, चितरंजन महतो, रथु मुंडा,इत्यादि इंडिया गठबंधन के साथिगण उपस्थित थे।

### कच्ची व जर्जर सड़क के कारण घट सकती है बड़ी दुर्घटना



**सिल्ली/मुरी।** रांची जिला के मुरी ओ पी क्षेत्र अंतर्गत मुरी मे हिंडालको कंपनी अवस्थित है जो करीब 75 वर्ष से कार्यरत है। लेकिन मुरी फैक्ट्री मोड़ से हिंडालको कंपनी के मुख्य द्वार तक आने जाने वाली कच्ची सडक की हालत काफी खराब एवं काफी जर्जर हालत मे है। जिसपर प्रायः दिन सैकड़ो की संख्या मे भारी वाहन का आवागमन लगा रहता है। उसी सडक पर कंपनी के समीप मुरी ओपी अवस्थित है जहा उस क्षेत्र के ग्रामीणों का लगातार आना जाना लगा रहता है।थाना प्रभारी कुंदन कुमार के द्वारा बताया गया की आये दिन ग्रामीणों द्वारा शिकायत की जाती है की उक्त आने जाने वाले सडक से थाना आने के दौरान काफी मुसीबतो का सामना करना पड़ता है आने जाने के क्रम मे भारी वाहन जर्जर रोड से होकर गुजरती है जिससे आम ग्रामीणों के साथ कभी भी किसी बड़ी घटना को होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।उसी रास्ते पर हिंडालको कंपनी का लाल मिट्टी काफी मात्रा मे पड़ा हुआ है जो वाहन के आने जाने के क्रम मे उड़ता है जो आम ग्रामीणों के स्वास्थ के लिए काफी हानिकारक है।

# कांग्रेस पार्टी करती है संविधान से छेड़छाड़ : बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो** जिले के सेक्टर-2सी के दुर्गा पूजा मैदान में धनबाद लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं कि मोदी 400 सीटें लाकर संविधान को बदल देंगे जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संविधान के कारण ही वे सांसद और प्रधानमंत्री बने हैं। संविधान से छेड़छाड़ कांग्रेस पार्टी करती है। मरांडी ने कहा कि भाजपा के रहते संविधान कभी नहीं बदल सकता है। संविधान को कांग्रेस पार्टी ने बदला है। इमरजेंसी लगाकर संविधान को कांग्रेस पार्टी ने खत्म करने का काम किया था। वे लोग कहते हैं कि आरक्षण को समाप्त कर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री स्पष्ट कर चुके हैं कि किसी का आरक्षण समाप्त नहीं होगा। किसी को आरक्षण समाप्त करने भी नहीं दिया जाएगा। कांग्रेस की राज्य सरकारों ने एसटी, एससी और ओबीसी का आरक्षण कम करके मुसलमान को आरक्षण दे दिया है। यह संविधान के विरुद्ध है। बाबा साहब अंबेडकर ने कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता है। मरांडी ने कहा कि झारखंड को भ्रष्टाचारियों से बचाना है। राज्य की कानून व्यवस्था बिगड़ी हुई है। चोरी, डकैती, हत्या और अपहरण लगातार हो रहे हैं। कोई सुरक्षित नहीं है। कारोबारी को परेशान किया जाता है। इस राज्य में लगता है कि बदमाशों की सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन भी सरकारी आदेश का पालन कर उन लोगों को संरक्षण देते हैं जो इस राज्य की जनता को संरक्षण नहीं दे सके। ऐसे लोगों को जवाब देने की जरूरत है।

### सीएससी संचालकों को मिला मिशन कर्मयोगी का एक दिवसीय प्रशिक्षण

**सिमडेगा।** जिले के सीएससी संचालकों को मिशन कर्मयोगी के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन केंद्र सरकार द्वारा नागरिक सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने और डिजिटल इंडिया के लक्ष्यों को साकार करने के उद्देश्य से किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएससी संचालकों को नई तकनीकों और प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। इसमें डिजिटल सेवाओं की डिलीवरी, ई-गवर्नेंस, और नागरिक केंद्रित सेवाओं की बेहतर तरीके से पेशकश करने के तरीकों पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रशिक्षकों ने सीएससी संचालकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और उनके ऑनलाइन प्रबंधन के बारे में भी जानकारी दी।

# पंडित दीनदयाल को याद करने वाले को नोटिस दाग लगाने वाले के पक्ष में खड़ी भाजपा : सरयू राय



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** निर्दलीय विधायक सरयू राय धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ लगातार आक्रामक हैं। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया, जिसमें लिखा है कि दुखद आश्चर्य कि जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल का उद्धरण देने पर विधायक राज सिन्हा को प्रदेश भाजपा ने कार्रवाई का नोटिस दिया है जबकि भाजपा के चाल, चरित्र, चेहरा पर अपराध और जमीन कब्जा का बदनुमा दाग लगाने वाले प्रत्याशी के पक्ष में खड़ी हो गयी है। सरयू राय ने ढुल्लू महतो का प्रचार करने बोकारो पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी गारंटी मांगी है। उन्होंने कहा कि बोकारो की सभा में राजनाथ सिंह गारंटी दें कि भाजपा के धनबाद प्रत्याशी ने लेढ़ीडुमर के राजपूतों, दरिदा-चिटाही के तेलियों, मुसलमानों व अन्य पिछड़ों (सभी स्थानीय रैयत) की, जो 200 एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया है।

#### ढुल्लू महतो के पक्ष में प्रचार ना करने पर राज सिन्हा और जयंत सिन्हा को नोटिस

उल्लेखनीय है कि सोमवार को प्रदेश भाजपा ने सांसद जयंत सिन्हा और धनबाद के विधायक राज सिन्हा को नोटिस जारी किया है। नोटिस में लिखा गया है कि जब से पार्टी ने मनीष जयसवाल को हजारीबाग लोकसभा सीट से उम्मीदवार घोषित किया है तब से आप संगठनात्मक कार्यों और चुनाव प्रचार में कोई दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। इसके बावजूद इस लोकतंत्र के महापर्व में आपने अपने मताधिकार का प्रयोग करना भी उचित नहीं समझा। आपके आचरण से पार्टी की छवि खराब हुई है। राज सिन्हा से पूछा गया कि उन्होंने भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में प्रचार क्यों नहीं किया। क्यों चौक-चौराहों पर ऐसे बयान दिये, जो भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ जाता है। दरअसल, पिछले दिनों राज सिन्हा ने चित्रगुप्त महापरिवार के मतदाता जागरुकता अभियान में जनसंघ के संस्थापक दीन दयाल उपाध्याय का उद्धरण दिया था। उन्होंने कहा था कि हो सकता है कि पार्टी से प्रत्याशी के चयन में भूल हो जाये लेकिन कार्यकर्ता को उसे सुधार करना चाहिए।

## मिला आश्वासन

### डा. परमेश्वर भगत ने ग्रामीणों से मिलकर सुनी समस्याएं, कहा

# समस्याओं के निराकरण के लिए हर संभव होगा प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर** ग्रामीणों ने अपनी कई तरह की समस्याओं से डॉ परमेश्वर भगत को अवगत कराया। इसमें मुख्य समस्या पेयजल, बिजली, डीलर की मनमानी तथा प्रखंड व अंचल में विचालयों का बोलबाला है। लोगों का कहना था कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई मूलभूत समस्याएं ऐसी हैं, जो खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। डॉ परमेश्वर भगत ने लोगों को भरोसा दिलाया कि समस्याओं के निराकरण के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। मांडर के ग्रामीणों ने डॉ परमेश्वर भगत से कहा कि पेयजल की समस्या ऐसी है कि गर्मी आते ही कुएं व चापानल का जलस्तर काफी नीचे चला जाता है। इससे लोगों को पानी के लिए समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। महिला व पुरुष आधी रात से दूर-दराज के चापानलों व कुएं पर झुंड में जमा हो जाते हैं और पानी के लिए जंग शुरू हो जाती है। ग्रामीणों ने कहा कि पीने का पानी जमा करने के लिए लोगों की नींद हराम हो रही है। विभाग को इसकी सूचना दे दी गई है, लेकिन अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे कि लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके।



#### बिजली की समस्या पर शीघ्र होगी कार्रवाई

डॉ परमेश्वर भगत को स्थानीय निवासियों ने बताया कि दूसरी बड़ी समस्या बिजली की है। कहा कि क्षेत्र में बिजली की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। बिजली इतनी बार कटती है कि यहां के लोग काफी परेशान हो गये हैं। लोगों का कहना है कि जब रात के समय बिजली चली जाती है, तो सोना मुश्किल हो जाता है। लोग रातभर गर्मी और मछरों से परेशान रहते हैं। बिजली की आंखमिचौनी का असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। अभी स्कूलों में गर्मी की छुट्टी चल रही है और बच्चों को स्कूल का होमवर्क करने में काफी परेशानी हो रही है।

### बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलना जरूरी : धान

**लापुंग।** जब तक बच्चों को अच्छी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिलेगी तब तक अच्छा रोजगार भी नहीं मिलेगा और परिवार का आर्थिक सशक्तिकरण भी संभव नहीं होगा। उक्त बातें लापुंग प्रखंड के दरमीटोली में मंगलवार को सामाजिक बैठक के दौरान पूर्व मंत्री देव कुमार धान ने कही। देव कुमार धान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव की कोई रौशनी भी नजर नहीं आती। हमें अपने बच्चों की शिक्षा को अभी तक गंभीरतापूर्वक नहीं लिया है। वहीं जिनके बच्चों को अच्छी शिक्षा मिली ऐसे परिवारों की दशा और दिशा बदल गई। अच्छी और गुणवत्ता युक्त शिक्षा के माध्यम से ही बेरोजगारी दूर होगी। ग्रामीण इलाकों में अच्छे शैक्षणिक संस्थानों की कमी है।

## न्यूज | बॉक्स

### जेबीकेएसएस के अध्यक्ष जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका पर अगली सुनवाई तीन जून को

रांची । झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के अध्यक्ष और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका पर मंगलवार को रांची सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि तीन जून निर्धारित की है। इससे पूर्व सात मई को कोर्ट ने उसके खिलाफ किसी भी पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान इस आदेश को तीन जून तक विस्तार दिया है। साथ ही कोर्ट ने इस केस के अनुसंधानकर्ता को कोर्ट के समक्ष डायरी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। जयराम महतो के खिलाफ रांची पुलिस ने रांची के नगड़ी थाने में वर्ष 2022 में दर्ज कांड संख्या 48/22 में वारंट किया है। वारंट प्राप्त करने के बाद रांची पुलिस ने गिरिडीह में जयराम महतो को गिरफ्तार करने के लिए दबिश भी दी थी लेकिन वह पुलिस की पकड़ में नहीं आया।

### मतदान कक्ष में फोटो और वीडियो खींचना अपराध : के. रवि कुमार

**रांची।** लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान कक्ष का फोटो और वीडियो खींचना अपराध है। वोटिंग कम्पार्टमेंट का भी फोटो खिंचना प्रतिबंधित है। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कही। वे मंगलवार को निर्वाचन सदन में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पांचवें चरण के मतदान के दौरान हजारीबाग के एक मतदान कक्ष में मोबाइल से एक व्यक्ति द्वारा फोटो और वीडियो लेने संबंधी वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने का मामला संज्ञान में आया है। संबंधित व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज कराने संबंधी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पांचवें चरण में झारखंड के चार चतरा, पांच कोडरमा एवं 14 हजारीबाग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 20 मई को संपन्न मतदान के संबंध में कहा कि चुनाव कराकर मतदान कर्मी सुरक्षित वापस पहुंच गए हैं। ईवीएम स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है। सुरक्षाबलों का आगमन भी करीब-करीब हो चुका है। उन्होंने कहा कि पांचवें चरण का मतदान पूर्ण रूप से शांतिपूर्ण संपन्न हुआ है।

### कार्यकताओं के परिश्रम और जनता के आशीर्वाद से बनेगी तीसरी बार मोदी सरकारः शिव प्रकाश

दुमका/ रांची। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री शिव प्रकाश मंगलवार को एक दिवसीय प्रवास पर झारखंड पहुंचे । इसके बाद शिव प्रकाश ने दुमका में संथाल परगना क्षेत्र के तीन लोकसभा क्षेत्र दुमका,गोड्डा और राजमहल के प्रमुख कार्यकताओं के साथ बैठक की। जबकि शाम को रांची प्रदेश मुख्यालय में बैठक को संबोधित किया। इस दौरान राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ने चुनाव में जीत सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक सुझाव और निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार का संकल्प 2047 के विकसित भारत को सुनिश्चित कराने वाला संकल्प है। मोदी सरकार के एक दशक में गांव , गरीब, किसान दलित , पिछड़े, आदिवासी,महिला सभी विकास की मुख्यधारा से जुड़े है। देश का स्वाभिमान सम्मान दुनिया में बढ़ा है। उन्होंने कहा कि देशद्रोही,विकास विरोधी,सनातन विरोधी इंडिया ठगबंधन एनडीए के विजय रथ को रोकना चाहता है लेकिन जनता 400 पार के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के परिश्रम और जनता के आशीर्वाद से तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने अपने लोकसभा क्षेत्र पर फोकस करते हुए जनसमर्थन को वोट में परिवर्तित कराने पर केंद्रित हों। इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि यह चुनाव कोई सामान्य चुनाव नही बल्कि अगले 25वर्षों के भारत की दिशा और दशा और दिशा तय करने वाला चुनाव है। यह चुनाव देश को विकसित बनाने के साथ भारत की सनातन संस्कृति को सुरक्षित और संरक्षित बनाने के लिए योगदान देने का चुनाव है।

### रिम्स में कुव्यवस्था और दबंगई हद से पार हो गई

### कोडरमा से आए ढाई वर्ष के मरीज को बेड मिलने के बाद वार्ड से निकाल दिया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

'आसमान से गिरे और खजूर में अटके' वाली कहावत रांची स्थित राज्य के सबसे बड़े अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में सच्चाई बनती जा रही है। बात कर रहे हैं ढाई वर्षीय आकाश के बारे में। कोडरमा के कई बड़े डॉक्टरों से बुखार का इलाज कराने के बाद भी वह स्वस्थ नहीं हो पाया, तो अंत में उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। इधर, रिम्स में डॉक्टर ने आकाश को भर्ती करने के लिए कहा। भर्ती होने के बाद इलाज शुरू होना था, लेकिन तभी वार्ड के कर्मी ने मरीज को बेड से उतार कर बाहर निकाल दिया। यह तो कुव्यवस्था और दबंगई की हद है। इधर, वार्ड से बाहर आने के बाद बुखार से पीड़ित आकाश और उसके परिजन मंदिर के चबूतरे पर रात बिताने को विवश हैं। आकाश के परिजनों ने बताया कि पिछले दो माह से वह बुखार से पीड़ित है। उसके पिता वीरेंद्र राणा ने उसका इलाज कोडरमा के सबसे बेहतर डॉक्टर तरुण कुमार तथा डॉ वीरेंद्र यादव से करवाया, फिर भी बच्चे के स्वास्थ्य में कोई सुधार नही हुआ। पेशे से बढ़ई का काम करने वाले वीरेंद्र ने बच्चे के इलाज में लाखों खर्च कर दिया। पैसे खत्म होते ही कोडरमा के अस्पताल कर्मी ने रिम्स जाने की सलाह दी। पर उसे क्या पता कि रिम्स में इलाज के नाम पर प्रताड़ना मिलेगा। बच्चे के इलाज के लिए वहां की महिला डॉक्टर ने तुरंत ही एडमिट करने की सलाह दी थी। सारा कागज बनाने के बाद बच्चा बार्ड में बेड भी मिल गया, लेकिन बेड पर मरीज को लेटाने के कुछ देर बाद ही वहां पर वार्ड का एक कर्मी आया और मरीज के परिजन के साथ गलत व्यवहार करते हुए बेड छोड़ कर वार्ड से बाहर जाने को कहा। परिजन को रिम्स के बारे ज्यादा जानकारी नहीं होने की वजह से वह बाहर चला गया। इस दौरान किसी ने भी उसे उचित सलाह देने का प्रयास नहीं किया।

**पत्नी और भतीजी संग मंदिर में बिताई रात :** रात्रि नौ बजे राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता अमित कुमार से बात करने पर मरीज के परिजन ने बताया, रिम्स के बाहर आए, तो काफी रात हो गई थी। समझ नहीं आया कि कहां जाएं। ऐसे में मंदिर परिसर ही सुरक्षित जगह लगा और यहीं पर अपनी पत्नी, भतीजी, ससुर के साथ सोने के लिए चले गए। परिवार की सुरक्षा के लिए ससुर और हम रात में जगेंगे। वैसे, बाद में संवाददाता ने उन्हें सामने स्थित रैन बसेरा की जानकारी दी।

*ऐसी घटना मानवता को शर्मसार करती है। संबंधित कर्मचारी से इस संबंध में जानकारी ली जाएगी। लेकिन, पहले मरीज को जल्द से जल्द इलाज शुरू करने की जरूरत है। इस संबंध में विभाग से जानकारी मांगी गई है।* **हिरेन बिरुआ, सुप्रिटेंडेंट, रिम्स, रांची।**

### माकपा ने चलाया चुनाव जनसंपर्क अभियान

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार के दिन 20 मई को माकपा ने भगतसिंह चौक में चलाया चुनाव जनसंपर्क अभियान, मोदी हराओ देश बचाओ, संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ , सर्वाधिक महंगाई, बेरोजगारी, निजीकरण क्यों? मोदी सरकार जबाव दो, किसानों की आत्महत्याएं क्यों? मोदी सरकार जबाव दो आदि नारे लगा रहे थे।इस अवसर पर झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो, जिला कमिटी सदस्य अमर महली, गणपति भोगता अरूण महतो, जिला कौंसिल सदस्य चितरंजन महतो, संतोष कुम्हार, जितेन्द्र महतो, दीपक सोनार, आदि उपस्थित थे। तत्पश्चात तुनकु, बड़ाचांगरु,बंता आदि गांवों जनसंपर्क अभियान चलाया गया एवं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी यशश्वीनी सहाय को हाथ छाप में जिताने का आव्हान करते हुए घर घर अभियान चलाया गया।

‘उतिष्ठत जाग्रत’ स्मारिका के विमोचन के साथ श्री शिवनारायण मारवाड़ी कन्या मध्य पाठशाला के अमृत महोत्सव की हुई पूर्णाहुति

# शिक्षा को मात्र आजीविका का साधन नहीं मानें : स्वामी परिपूर्णानंद

*पाठशाला की स्थापना के 90 वर्ष पूरे होने पर मनाया गया अमृत महोत्सव*

*चरित्रवान, आत्मविश्वासी व स्वावलंबी देशभक्त बनने का लिया गया अमृत संकल्प*






**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री शिवनारायण मारवाड़ी कन्या मध्य पाठशाला, रांची की स्थापना के 90 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रकाशित स्मारिका ‘उत्तिष्ठत जाग्रत’ का विमोचन समारोह मंगलवार को भव्य रूप से संपन्न हुआ। चिन्मय मिशन के आचार्य स्वामी परिपूर्णानंद इस समारोह के मुख्य अतिथि थे। डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य रवि प्रकाश तिवारी समारोह के विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम का शुभारंभ वेद मंत्रों के उच्चारण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह के अध्यक्ष विनोद बंका ने बताया कि स्थापना के 90 वर्ष पूरे होने पर वर्ष 2023-24 को विद्यालय ने अमृत महोत्सव वर्ष के रूप में अनेक कार्यक्रमों के साथ मनाया। अमृत संकल्प लिया गया कि हमें चरित्रवान, आत्मविश्वासी एवं स्वावलंबी देशभक्त बनना है। अमृत महोत्सव वर्ष की अंतिम कड़ी के रूप में आज का कार्यक्रम संपन्न हुआ। विनोद बंका ने वहां उपस्थित छात्राओं, शिक्षिकाओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित सभी गण्यमान्य लोगों का स्वागत किया। छात्राओं ने स्वागत गान गाया। प्राचार्या गायत्री कुमारी ने विस्तार से गतिविधियों व उपलब्धियों के बारे में बतलाया। स्मारिका के संपादक आलोक तुलस्यान ने स्मारिका के विशिष्ट बिंदुओं पर प्रकाश डाला। संपादक मंडल की शिक्षिका प्रभारी पिंकी रानी ने स्मारिका की उपयोगिता के संबंध में बताया।

विशिष्ट अतिथि डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य रवि प्रकाश तिवारी ने सीमित संसाधनों में उतकृष्ट प्रदर्शन के सूत्र बताए। स्वामी परिपूर्णानंद जी ने कहा कि शिक्षा को मात्र आजीविका का साधन नहीं मानना चाहिए। इसके पाठ्यक्रम आत्मविश्वास उत्पन्न करने वाले और बढ़ाने वाले होने चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन सहसचिव बिजय सरायका ने किया। सफल संचालन सचिव वेदप्रकाश बागला ने किया। समारोह में सुभाष मोदी, प्रेम प्रकाश आर्या, गोवर्धन गाड़ोदिया, कमल गोयनका, किशोर मंत्री, आरएस अग्रवाल, दीपक मारू, सतीश तुलस्यान, बासुदेव भाला, उमा शंकर माहेश्वरी, विष्णु जालान, प्रदीप राजगढ़िया, आशीष मोदी, नरेश बंका सहित कई विद्यालय की सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे। सभी लोगों को स्मृति चिह्न देकर उनका आभार व्यक्त किसा गया। मौके पर विद्यालय की सभी शिक्षिकाएं भी उपस्थित थीं। राष्ट्रगान के साथ समारोह पूर्ण हुआ।

## रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ योग में स्नातक में नामांकन प्रारंभ

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत स्कूल ऑफ योग में सत्र 2024-27 के लिए बीएससी इन योग साइंस में 3 वर्षीय कोर्स को नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। बताया गया कि इच्छुक विद्यार्थी विभाग के वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वर्तमान में रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ योग में एमएससी इन योग साइंस कोर्स, पीजी डिप्लोमा इन योगिक साइंस 1 वर्षीय कोर्स तथा बीएससी इन योगिक साइंस 3 वर्षीय कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। बीएससी के अलावा अन्य सभी कोर्सों में नामांकन प्रक्रिया जल्द ही आरंभ होने वाली है। यहां से अध्यापन के पश्चात विद्यार्थी देश के कई शैक्षणिक स्वास्थ्य और खेल विभागों में कार्यरत हैं तथा विदेशों के कई प्रतिष्ठित संस्थानों में अपना योगदान दे रहे हैं। लगभग 25-30 विद्यार्थी नेट, जेआरएफ परीक्षा में उत्तीर्ण हो चुके हैं। इसके अलावा, खेल के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर विभाग का परचम लहराते आ रहे है। ऑनलाइन आवेदन में किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर हेल्प डेस्क से सुबह 8:00 बजे से दिन के 1:00 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

एफजेसीसीआई की स्टार्टअप उपसमिति की चैंबर भवन में हुई बैठक

# झारखंड की स्टार्टअप कंपनियों को एक प्लेटफॉर्म पर लाने का प्रयास करेगा चैंबर

*वर्तमान स्टार्टअप पॉलिसी बेहतर, पर विभागीय उदासीनता से नहीं मिल पा रहा लाभ*

*15-30 जून के मध्य में उप समिति वृहद् स्तर पर टॉक-शो का करेगा आयोजन*



**इनोवेटिव आइडिया रखने वाले युवाओं को हरसंभव सहयोग करेगा चैंबर : किशोर मंत्री**

**चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने वर्तमान पॉलिसी के प्रावधानों की सराहना करते हुए कहा कि पॉलिसी के जरिए सरकार ने वर्ष 2028 तक झारखंड में कम से कम 1000 नए स्टार्टअप्स शुरू किए जाने का लक्ष्य रखा है, जो उत्साहित करनेवाली है। इनोवेटिव आइडिया रखने वाले युवाओं को प्रोत्साहन देने के लिए उन्होंने सरकार और स्टार्टअप्स के बीच समन्वय बनाकर चैंबर की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के स्टार्टअप उप समिति की बैठक मंगलवार को चैंबर भवन में अध्यक्ष किशोर मंत्री और उप समिति चेयरमैन अमित अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। झारखंड की वर्तमान स्टार्टअप पॉलिसी की सराहना करते हुए सदस्यों ने कहा कि विभागीय उदासीनता के कारण पॉलिसी का इंप्लीमेंटेशन नहीं हो पा रहा है, जिसकी समीक्षा होनी चाहिए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जल्द ही चैंबर सूचना प्रोद्यौगिकी ई गवर्नेंस विभाग के सचिव से मिलकर कार्रवाई का आग्रह करेगा, ताकि पॉलिसी के अनुसार प्रदेश की स्टार्टअप्स कंपनियां लाभान्वित हो सकें। यह भी कहा गया कि स्टार्टअप्स के लिए एक विशेष पदाधिकारी की पदस्थापना भी आवश्यक है, जो पॉलिसी का कार्यभार देखें।

चर्चा के दौरान यह भी तय किया गया कि झारखंड की जितनी भी स्टार्टअप्स कंपनियां कार्यरत हैं, उन्हें एक प्लेटफॉर्म पर लाने का प्रयास किया जाएगा। इसी प्रकार कॉलेज, यूनिवर्सिटीज में अध्ययनरत विद्यार्थी, जो स्टार्टअप्स के क्षेत्र में आना चाहते हैं, उन्हें भी चैंबर एकजुट करेगा और उनकी परेशानियों के निराकरण पर काम करेगा। उप समिति चेयरमैन अमित अग्रवाल ने कहा कि 15-30 जून के मध्य में उप समिति द्वारा वृहद् स्तर पर टॉक-शो का आयोजन किया जाएगा। इसमें वैसी स्टार्टअप्स कंपनियां जो अपने क्षेत्र में बेहतर रूप से स्थापित हो चुकी हैं, उनकी उपस्थिति में नए युवाओं के साथ इन्वेस्टर मीट कराया जाएगा। इस कॉन्क्लेव में बैंकर्स भी शामिल रहेंगे, जो स्टार्टप्स के समक्ष फंडिंग की आनेवाली समस्या का समाधान करेंगे। चर्चा के दौरान यह भी कहा गया कि झारखंड में इन्क्यूबेशन सेंटर की संभावना है। वर्तमान में स्थापित इन्क्यूबेशन सेंटर कार्यरत नहीं है, जिसे सुचारू रूप से संचालित करने के लिए चैंबर द्वारा विभागीय अधिकारियों से वार्ता की जाएगी। बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया, उप समिति चेयरमेन अमित अग्रवाल के अलावा स्टार्टअप्स उद्यमी नीलकमल भरतीया, मनीष पियूश, राहुल मुरारका, रितु राज, सौरभ कुमार, प्रखर मिनोचा उपस्थित थे।

# रांची में पीसीआर वैन पर गिरा अनियंत्रित पिकअप वाहन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में एक अनियंत्रित पिकअप वाहन हाइवे पर गश्त कर रही पीसीआर वैन के ऊपर जा गिरा। इस दुर्घटना में बीआईटी ओपी के चालक और एक महिला जवान गंभीर रूप जख्मी हो गए।

इस संबंध में झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने बताया कि मंगलवार की सुबह एक सड़क दुर्घटना में होमगार्ड की महिला जवान बबीता कुमारी और बीआईटी ओपी के चालक नवल किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों का इलाज रांची के मेडिका अस्पताल में चल रहा है। घायल महिला होमगार्ड जवान बबीता कुमारी के दोनों पैरों में गंभीर चोटें लगी हैं जबकि चालक सिपाही का एक पैर टूट गया है। इस घटना में पिकअप वैन के ड्राइवर सहित दो अन्य भी जख्मी हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है। बीआईटी ओपी प्रभारी ने बताया कि पीसीआर-7 में हर दिन की तरह एक ड्राइवर, एक अफसर और एक महिला होमगार्ड की जवान हाइवे पर गश्ती कर रहे थे। मंगलवार की सुबह लगभग पांच बजे हाइवे के किनारे पीसीआर को खड़ा कर सभी बाहर निकल कर खड़े थे। इसी बीच, एक पिकअप वाहन तेजी के साथ पहले डिवाइडर से टकराया और उछलते हुए पीसीआर वैन के छत पर जा गिरा। मौके पर मौजूद महिला होमगार्ड जवान बबिता कुमारी और चालक नवल किशोर का पैर मालवाहक वाहन के नीचे जा दबा।

**महिला जवान सहित चार घायल**



# शिव हनुमान मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची रिंग रोड पर रातू के सिमलिया में नया टोली अवस्थित शिव हनुमान मंदिर का प्रथम वार्षिक महोत्सव मंगलवार को बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। मौके पर आजसू नेता व हटिया विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी जिला परिषद सदस्य भरत कांसी और भाजपा नेता व राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से प्रेस बयान जारी कर कहा, हमलोग सिमलियावासी शिव हनुमान मंदिर का प्रथम वार्षिक महोत्सव मना रहे हैं। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पुरोहित रमेश पांडेय ने बाबा भोलेनाथ एवं वीर हनुमान का श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की। मंदिर को फूलों एवं बिजली की लड़ियों से सजाया गया है। इस मौके पर आजसू नेता व भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह ने कलश यात्रियों को पूजा में कलश के महत्व के बारे में बताया। बाबा भोलेनाथ एवं वीर बजरंगी से क्षेत्र, राज्य के साथ राष्ट्र की अमन-चैन, सुख-शांति व कुशलता के लिए कामना की।



जिला परिषद सदस्य भरत कांसी शोभायात्रा के दौरान नयाटोली सिमलिया के गड्ढे में तब्दील रोड की स्थिति देखकर काफी उदास व चिंतित दिखे। उन्होंने कहा कि मंदिर के विकास के साथ इस क्षेत्र की विकास के लिए मेरे द्वारा जितना भी मदद संभव हो सकेगा, उतना मैं करूंगा। क्षेत्र के विधायक एवं सांसद से भी जनता के साथ आग्रह करेंगे कि अतिशीघ्र नयाटोली-सिमलिया सड़क का निर्माण कार्य कराया जाए। यात्रा में शामिल महिलाएं एवं बच्चों को नींबू शरबत पिलाया गया तथा सेव-बुंदिया का वितरण किया गया। भंडारे का भी आयोजन किया गया था, जिसमें खीर-पूड़ी, सब्जी व बुंदिया का प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। मौके पर शिव हनुमान मंदिर पूजा समिति के संरक्षक विजय साव, अध्यक्ष राहुल कुमार, उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, युवा नेता कार्तिक सिंह, लक्ष्मण सहदेव, विक्की वर्मा, कुमार रौशन, विजय साव, आदि मौजूद थे।

मारवाड़ी महिला सम्मेलन के तीन दिवसीय निःशुल्क समर कैंप की हुई शुरुआत

# सर्वांगीण विकास के लिए छात्राओं को मिला प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा के तत्वावधान में मंगलवार को तीन दिवसीय निःशुल्क समर कैंप कार्यक्रम का शुभारंभ शिवनारायण मारवाड़ी कन्या पाठशाला में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर की। विद्यालय के मार्गदर्शक प्रभाकर अग्रवाल, मारवाड़ी महिला सम्मेलन की निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल, रांची शाखा की अध्यक्ष मधु सर्राफ एवं सदस्यों ने श्री गणेश जी का स्मरण किया और सरस्वती वंदना की। रूपा अग्रवाल के नेतृत्व में शुरू हुए तीन दिवसीय समर कैंप के पहले दिन कक्षा-7 एवं कक्षा-8 की 85 छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए उन्हें ललिता नारसरिया ने ओमकार का उच्चारण, गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, बेबी शर्मा ने योग, मनीष, कमल एवं रेखा जैन ने चित्रकला, सुनील किस्पोट्टा ने जूडो-कराटे और जिज्ञासा नारसरिया ने नृत्य का प्रशिक्षण दिया। सभी बच्चियों को ज्ञानवर्धक



पुस्तक, ड्राइंग कॉपी, पेंसिल, इरेजर, शार्पनर, कलर, टॉफी, स्नैक्स और लीची जूस दिए गए। शाखा अध्यक्ष मधु सर्राफ ने कहा कि मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा द्वारा 11वां निःशुल्क समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में निवर्तमान शाखा अध्यक्ष नैना मोर, सचिव उर्मिला पाड़िया, उपाध्यक्ष लक्ष्मी पाटोदिया, सरिता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शशि डागा, रीता केडिया, सीमा टांटिया, मंजू लोहिया, अरुणा गुप्ता, छाया अग्रवाल, प्रीति पोद्दार, रीना सुरेखा, करुणा अग्रवाल, स्वर्णलता जैन, शोभा हेतमसरिया, दुर्गा देवी बाहेती, सरोज राठी, प्रीति फोगला, सुनैना लॉयलका का मुख्य रूप से योगदान रहा। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची द्वारा किए जा रहे रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा की है। ये जानकारी मीडिया प्रभारी रीना सुरेखा ने दी।

# वोट करेगा रांची स्वीपेथॉन का हुआ समापन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के स्वीप रांची की ओर से आयोजित ह्यवोट करेगा रांचीह्ल #स्वीपेथॉन का मंगलवार को समापन हो गया। रांची नगर निगम सभागार में आयोजित समापन समारोह में मतदाता जागरूकता में सहयोग करने वाले सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स व संगठन को सम्मानित किया गया। निवार्ची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा, स्वीप नोडल सह उप विकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव एवं निवार्ची पदाधिकारी रांची विधानसभा क्षेत्र उत्कर्ष कुमार ने मतदाता जागरूकता में सहयोग करने वाले सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स व संगठन को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। अलग-अलग कैटेगरी में सभी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मतदाता जागरूकता में सभी के सहयोग की सराहना करते हुए निवार्ची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि भविष्य में भी आप सभी से सहयोग की अपेक्षा है। 25 मई 2024 को रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए वोट डाले जाएंगे। आप सभी वोट करें एवं अन्य मतदाताओं को भी बूथ पर आकर मतदान करने हेतु प्रेरित करें। नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव ने कहा कि आप सभी अपने हुनर और सामर्थ्य का सदुपयोग लोकतंत्र को मजबूत बनाने में करें। समारोह के अंत में सभी ने मतदाता शपथ भी ली।



## न्यूज बॉक्स

### मंडा पूजा कल, 24 को निकलेगी भगवान शिव की शोभायात्रा

**रांची ।** श्री मंडा पूजा और सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति इस वर्ष भी 23 मई को मंडा पूजा का आयोजन कर रही है। 23 मई बुद्ध पूर्णिमा के दिन को दोपहर दो बजे से शिव मंदिर प्रांगण में वेतजोरी, लोटन सेवा, समधी भेट आदि अनुष्ठान होंगे। भक्तों को एक-एक कर खूंटे पर टांगकर आग के ऊपर झुलाया जाएगा। इसके बाद फूलबुंदी होगी। भक्त आग पर चलेंगे। इस क्रम में पुरुलिया और झालदा की टीम छऊ नृत्य करेगी। 24 मई को अरगोड़ा दादुलघाट से सभी भक्त रंग-बिरंगे परिधान में सजकर शिवजी की विशाल शोभायात्रा में शामिल होंगे, जो बूढ़ा महादेव मंदिर की परिक्रमा करेंगे।

### शंकरा हेल्पिंग एंड केयरिंग हैंड फाउंडेशन ने फुटबॉलर दिव्यानी को किया सम्मानित



**रांची।** कांके के सदमा गांव के एंजेल गार्डन स्कूल में स्टार वारियर्स फुटबॉल एकेडमी द्वारा आयोजित फुटबॉल समर कैंप के दौरान मंगलवार को सामाजिक संस्था शंकरा हेल्पिंग एंड केयरिंग हैंड फाउंडेशन के संस्थापक शंकर दुबे की ओर से ग्रामीण फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच चार फुटबॉल एवं फल का वितरण किया गया। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी दिव्यानी लिंडा, उनकी माता प्रतिमा देवी एवं उनके कोच अनवारूल हक को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कैंप में बड़ी संख्या में आए हुए फुटबॉल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए शंकर दुबे ने युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद का संदेश ‘उठो, जागो, भागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए’ का नारा दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में यहां से कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी निकलेंगे। ऐसा मेरा विश्वास है। साथ ही, वहां आए हुए युवा खिलाड़ियों, मुखिया, सरपंच, बुद्धिजीवी, समाजसेवी एवं सम्मानित दर्शकों के बीच उन्होंने लोकतंत्र के महापर्व में मतदान के बारे में विस्तृत चर्चा की। सभी से निवेदन किया कि एक विकसित, समृद्ध और शक्तिशाली भारत के लिए स्वयं मतदान करें और अपने मित्र, पड़ोसी से भी मतदान करने का आग्रह करें। सभी ने मिलकर शंकर दुबे के साथ संकल्प लिया कि पहले मतदान फिर जलपान।इस अवसर पर शंकरा हेल्पिंग एंड केयरिंग हैंड फाऊंडेशन के सदस्य आशुतोष द्विवेदी, एजी ऑफिस रांची में कार्यरत बिरसा कच्छप, पत्रकार डॉ शाहनवाज कुरैशी, समाजसेवी समेंद्र लाल, पूर्व क्रिकेटर शबीर हुसैन, पंचायत समिति सदस्य रेशमा तिर्की, फुटबॉल कोच शशि केशरी, जिला परिषद ओरमांझी कमिश्नर मुंडा, मुखिया चंदरा सीमा तिर्की आदि उपस्थित थे।

### श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का हुआ पाठ



**रांची ।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 102वां श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि श्री श्याम मित्र मंडल प्रत्येक मंगलवार को श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन करता है। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी अपनी धर्मपत्नी अन्नपूर्णा सरावगी के संग हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित कर-के केसरिया पेड़ा, गुड़, चना, फल का प्रसाद अर्पित कर राज्य एवं देश के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। सुरेश सरावगी ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचकों का चंदन-वंदन किया। श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत एवं ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक, डफली, झांझ, करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महाआरती की गई। सभी भक्तजनों में प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, स्नेह पोद्दार आदि उपस्थित थे।

**श्री शालीग्राम पूजन कल**

**वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार (23 मई) को प्रातः 9:15 बजे से 25वां श्री शालिग्राम पूजन एवं श्री सत्यनारायण कथा का पूजन पाठ मंदिर परिसर में किया जाएगा।**

**श्री श्याम भंडारा 25 को**

**हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आगामी 25 मई को 113वां श्री श्याम भंडारा सायं 5:00 बजे से होगा। ये जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।**

### मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने की आठवें स्थायी प्याऊ की स्थापना

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा (सत्र 2024-25) ने अमृतधारा महोत्सव के अंतर्गत ‘7 दिन, 7 स्थान, 7 स्थायी अमृतधारा’ लगाने का संकल्प 10 मई को लिया था। इसके तहत शाखा ने सातवां स्थायी अमृतधारा लगाकर 7 स्थायी अमृतधारा लगाने का संकल्प पूर्ण किया। इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए मंगलवार को आठवीं स्थायी अमृतधारा लगाई गई। इस स्थायी अमृतधारा की स्थापना स्टेशन रोड मंदिर में की गई, जिसमें राहुल शर्मा द्वारा सहयोग प्राप्त हुआ है। इसके लिए शाखा ने उन्हें धन्यवाद दिया। समर्पण शाखा ने दानदाता और उनके परिवार को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रांतीय मुख्यालय उपाध्यक्ष विशाल पड़िया भी उपस्थित थे। इस 7 दिवसीय कार्यक्रम में अमृतधारा प्रभारी निकिता जालान एवं शशि बंका ने कड़ी मेहनत से इस 8वीं स्थापना को सुचारू तरीके से पूर्ण किया।

### रांची में युवक का मिला शव

**रांची।** शहर के चुटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेशन रोड में बीएनआर होटल के समीप मंगलवार को एक युवक का शव मिला। युवक के पॉकेट से मिले आधार कार्ड में उसका नाम चंद्रकांत बी तलवार लिखा है और वह कर्नाटक का रहने वाला है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी उमाशंकर ने बताया कि जांच-पड़ताल की जा रही है। मृतक के परिजनों को इसकी जानकारी दे दी गई है।




# कांग्रेस ने सबसे अधिक उड़ायी संविधान की धज्जियां : प्रतुल शाहदेव

**ब्यूरो रिपोर्ट। रांची**

2024 लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन के सभी घटक दल के छोटे-बड़े भाजपा के सत्ता में आने पर संविधान बदलने का मुद्दा जनता के समक्ष खूब जोर-शोर से उठा रहे हैं। जिसका भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को प्रदेश मीडिया सेंटर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस पर जोरदार पलटवार किया। भाजपा प्रवक्ता ने जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के प्रधानमंत्री काल में हुए संविधान संशोधनों के बारे में एक-एक कर जिक्र किया, तो वहीं राहुल गांधी पर मनमोहन सिंह कैबिनेट के अध्यादेश का कॉपी फाड़ने पर निशाना साधा ।



**पं. नेहरू ने सबसे पहले बदला संविधान :** भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग संविधान बचाने की बात कहकर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। दरअसल, संविधान का सर्वाधिक बार अपमान इसी इंडी गठबंधन के लोगों ने किया है। उन्होंने कहा कि संविधान का पहला संशोधन 1951 में जवाहरलाल नेहरू ने किया था, जब वे अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री थे। अभिव्यक्ति की आजादी पर कई पाबंदियां लगाई थी। प्रतुल ने कहा कि 1975 में जब राजनारायण मामले में इंदिरा गांधी मुकदमा हार गई, तो उन्होंने पूरे संविधान को ही सस्पेंड करते हुए देश में आपातकाल लगा दिया। लोगों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए। जबरन नसबंदी की जाने लगी।

**इंदिरा गांधी ने 20 फीसदी संविधान बदला :** पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने संविधान का सबसे बड़ा परिवर्तन किया था, जब 1976 में 42वें संशोधन के जरिए 20 प्रतिशत संविधान को बदल दिया गया। राज्य सरकार, सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट की शक्तियों को कम करके पीएमओ को दे दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने मिनर्वा वर्सेस यूनियन ऑफ इंडिया मामले में इसके विवादास्पद प्रावधानों को निरस्त किया।

**राजीव गांधी ने सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदला :** प्रतुल ने कहा कि 1986 में तत्कालीन पीएम राजीव गांधी ने शाहबानो मामले में सिर्फ मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदलते हुए संविधान की मूल भावना के विपरीत जाकर अदालत के निर्णय को पलटवा दिया। इसके अतिरिक्त संविधान में प्रेस की आजादी वर्णित है, लेकिन राजीव गांधी ने 1988 में मानहानि विधायक लाकर प्रेस पर अंकुश लगाने का प्रयास किया था।

### जनहित व अधिकारों की रक्षा के लिए संशोधन किया गया : कांग्रेस

**रांची।** कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि संविधान में बदलाव कर भाजपा देश से चुनाव प्रणाली को समाप्त करना चाहती है। कांग्रेस हमेशा संविधान की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित है और वह किसी भी स्थिति में संविधान में बदलाव की भाजपा की नियत को पूरा नहीं होने देगी। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा के नेतागण लगातार अपनी सभा में संविधान बदलने के लिए जनता से बहुमत मांग रहे हैं, प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह कई बार अपनी सभाओं में इस ओर इशारा कर चुके हैं, नरेंद्र मोदी संविधान बदलकर देश में व्यक्तिवादी सत्ता प्रणाली लाना चाहते हैं,ये हिटलर की राह पर चल रहे हैं। संविधान में जितने संशोधन कांग्रेस के कार्यकाल में किए गए हैं, वह जनहित में लोगों के अधिकार क्षेत्र में वृद्धि के लिए और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए किए गए हैं। लेकिन बीजेपी संविधान के मूल प्रस्तावना के साथ-साथ पूरे संविधान को ही बदलकर आर एस एस के नागपुर मुख्यालय में लिखित संविधान लागू करना चाहती है। आरएसएस के इशारे पर देश में आरक्षण व्यवस्था को समाप्त करना चाहती है, लेकिन समय रहते जनता को इसकी भनक लग गई है और उनके मंसूबे धरे रह गए। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि अगर 2013 में वह अध्यादेश लागू होता, तो आज सजा पाए लोग भी चुनाव लड़कर संसद में पहुंच रहे होते। राहुल गांधी ने इस परंपरा को आगे बढ़ने से रोका और मिसाल कायम की। समय-समय देश में बदलाव की सुनामी चलती है और भाजपा इस बार की सुनामी में बहने वाली है, यही कारण है कि भाजपा की मंशा को भांपकर कांग्रेस ने जनता को सच्चाई से अवगत कराने का काम किया ।

# भाजपा के तानाशाही रवैया से बदला लेने को जनता तैयार : कल्पना सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**



जमशेदपुर संसदीय सीट से इंडी गठबंधन के झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी समीर मोहंती के समर्थन में बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में मंगलवार को विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। इस सभा में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के साथ शामिल हुए। वहीं, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, मंत्री हाफिजूल हसन समेत पार्टी के अन्य नेता इस सभा में शामिल हुए। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि कि भाजपा झारखंड के लोगों का हक-अधिकार छिनना चाहती है। उन्होंन कहा कि उनके पति निर्दोष हैं, लेकिन एक साजिश के तहत उन्हें जेल भेज दिया गया। भाजपा के इस तानाशाही रवैया से बदला लेने का मौका है और जनता केन्द्र की तानाशाह सरकार को सबक सीखाने को तैयार है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि केंद्र की सरकार सबको जेल में डाल देना चाहती है। लेकिन सरकार को मालूम होना चाहिए कि झारखंड और पूरे देश की जनता इस तानाशाही के आगे झुकनेवाली नहीं है। इस लोकसभा चुनाव में जनता केन्द्र सरकार से बदला लेने के लिए तैयार है और इस सरकार को उखाड़ फेंकने को लेकर संकल्पित है। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन, जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी, पोटका के विधायक संजीव सरदार समेत पार्टी के पदाधिकारी एवं इंडिया अलायंस के घटक दलों के नेता भी मौजूद रहें।

# कांग्रेस के शासनकाल में भ्रष्टाचारियों को शह मिला

**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**

बोकारो में ढुल्लू महतो के समर्थन जनसभा को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में बराबर भ्रष्टाचारियों को शह दी जाती रही है। संरक्षण दिया जाता रहा है। आपको जानकर आश्चर्य होगा को कांग्रेस के शासनकाल में मात्र 32 लाख ही जब्त हुआ था।



भ्रष्टाचारियों के खिलाफ ये हिम्मत नहीं करते थे। जब से मोदी पीएम बने हैं तब से एक लाख करोड़ की संपत्ति जब्त हुई है। इन लोगों ने लंबे समय तक शासन किया है। कुछ कर नहीं कर पाए तो अब झूठे आरोप लगा रहे हैं। राजनाथ ने कहा कि हमारी विश्वसनीयता पर कौन प्रश्नचिन्ह लगा सकता है। हमने बहुमत मिलने पर 370 हटा दिया। हमने कहा था कि राम मंदिर बनकर रहेगा। जब इनकी सरकार केंद्र में थी तो कहते थे रामलला आएंगे लेकिन ये कांग्रेस वाले दिन तारीख नहीं बताते थे।

### राजनीति देश चलाने के लिए करनी चाहिए

राजनाथ ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस से पूछा जाना चाहिए कि फवाद हुसैन राहुल गांधी की तारीफ कर रहे हैं। मैं अपील करना चाहता हूं कि देश को बचा लीजिए। झामुमो की हरकत के कारण भारत की छवि खराब होती है। राजनीति केवल सरकार चलाने के लिए नहीं, बल्कि देश चलाने के लिए करनी चाहिए। समाज बनाने के लिए करनी चाहिए।

## असम के सीएम हिमंता का धनबाद और दुमका में जनसभा आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिश्व सरमा 22 मई को धनबाद और दुमका लोकसभा क्षेत्रों में तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वे 11:30 बजे धनबाद लोकसभा क्षेत्र के बोकारो जिले के चंदनक्यारी स्थित सिनेमा हॉल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। डॉ सरमा दुमका जिले के शिकारीपाड़ा के रामेश्वर स्थित रघुनाथपुर मैदान में 01:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा क्षेत्र प्रभारी राज पलिवार और प्रत्याशी सीता सोरेन भी मौजूद रहेंगी।

### शिवराज की धनबाद में जनसभा और गोड्डा में रोड-शो

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 22 मई को दोपहर 12:00 बजे से धनबाद के झरिया के डिगवाडीह स्थित मानस मंदिर मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। वे दोपहर दो बजे से गोड्डा जिले के मोहनपुर चौक से बसुआ चौक तक रोड-शो में हिस्सा लेंगे। इसके बाद रांची के मोरहाबादी स्थित संगम गार्डन में शाम 5:00 बजे से युवा सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

### तेजस्वी सूर्या की रांची में बाइक रैली और जमशेदपुर में जनसभा

भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद तेजस्वी सूर्या 22 मई को रांची में बाइक रैली में शामिल होंगे। यह रैली पूर्वाह्न 11:00 बजे से बिरसा चौक से शुरू होगी। वे जमशेदपुर में दोपहर एक बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद शाम चार बजे से रांची के मोरहाबादी स्थित संगम गार्डन हॉल में युवा सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे।

## जमीन घोटाले के आरोपित तापस घोष की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाले मामले में आरोपित कोलकाता रजिस्ट्री ऑफिस के कर्मी तापस घोष की जमानत याचिका ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने मंगलवार को खारिज कर दी। इससे पूर्व 17 मई को अदालत ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन मामले में नौ मई को कोलकाता रजिस्ट्री ऑफिस के कर्मी तापस घोष, संजीत कुमार और हजारीबाग के डीड राइटर इरशाद अख्तर को ईडी ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। तीनों आरोपितों को ईडी रिमांड पर लेकर पूछताछ भी कर चुकी है। मूल दस्तावेज से छेड़छाड़ कर फर्जी दस्तावेज तैयार करने के ये मास्टरमाइंड हैं। फर्जी दस्तावेज के आधार पर इन पर जमीन पर कब्जा कर खरीद-बिक्री करने का आरोप है।

# महागठबंधन का सिर्फ नाम बदला है चरित्र अब भी वही : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने टुंडी उच्च विद्यालय मैदान, टुंडी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के गिरिडीह लोकसभा से उम्मीदवार चंद्र प्रकाश चौधरी के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत गठबंधन के कई नेता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। भाजपा झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जनसभा में उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए गिरिडीह से एनडीए उम्मीदवार चंद्र प्रकाश चौधरी को जिताने और 400 पार के संकल्प को पूरा करते हुए नरेंद्र मोदी जी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस करप्शन के सिवाय कुछ नहीं जानते। इन दोनों ने राज्य को लूटा है। उन्होंने कहा कि राजनेता अपने क्षेत्र में बेहतर शिक्षा के लिए सरकारी प्रयास करते हैं, वहीं मथुरा बाबू ने अपने और अपने परिवार के नाम पर निजी विद्यालय, महाविद्यालय खोल कर प्राइवेट प्रयास किया है।



### अबकी बार 400 पार हमारा लक्ष्य और संकल्प

जमसभा को संबोधित करते हुए आजसू नेता ने कहा कि अबकी बार 400 पार हमारा लक्ष्य और संकल्प है। हमारे इस लक्ष्य से विपक्ष परेशान है। महागठबंधन का सिर्फ नाम बदला है चरित्र नहीं। जब भी 400 पार की बात होती है तो जेएमएम-कांग्रेस के पसीने छूट जाते हैं। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए झारखंड की जनता अपने प्यार, आशीर्वाद, साथ व सहयोग से 13 फूल और 1 फल को दिल्ली भेजने का काम करेगी। उम्मीदों और आकांक्षाओं का सबसे विश्वसनीय प्रतीक नरेंद्र मोदी हैं। सुदेश महतो ने कहा कि टुंडी की जनता ने पिछले लोकसभा चुनावों में अपना अपार प्यार एनडीए उम्मीदवार चंद्र प्रकाश चौधरी को दिया था। टुंडी की जनता पिछले बार से भी अधिक संख्या में अपना मत हमें देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि इन्होंने अपने गठबंधन का सिर्फ नाम बदला है चरित्र नहीं। तुष्टिकरण की राजनीति पहले भी इनकी पहचान थी और आज भी है।

### रांची विश्वविद्यालय में मतदाता जागरूकता समारोह का आयोजन

# चुनाव के दिन हर मतदाता घर से निकले और मतदान करे : के. रवि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में मतदाता जागरूकता समापन समारोह तथा सम्मान समारोह-सह- पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मोके पर सीईओ ने एनएसएस वालेंटियर एवं अन्य को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बेहतर करने में युवाओं की बड़ी भूमिका रही है।**

### मतदान करना आपका अपना अधिकार

युवाओं से मतदाता जागरूकता में सहयोग मिला है। राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस) के वालेंटियर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदान दिवस तक सक्रियता से जागरूकता का कार्य करते रहें। मतदान के दिन हर घर से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक कर बूथ तक लाना एन.एस.एस वालेंटियर सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े लोगों एवं जागरूक नागरिकों की बड़ी जिम्मेवारी है। एन.एस.एस के वालेंटियर के सहयोग से भी मतदान प्रतिशत में इजाफा होगा और रांची सहित राज्य का नाम बेहतर होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए निबंधन, नैतिक मतदान एवं मतदान के दिन मतदान केंद्र तक मतदाताओं को भेजने के लिए कार्य करने की आवश्यकता है।



### युवा शक्ति से मतदाताओं में आयी जागरूकता

सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता ने कहा कि युवा शक्ति से मतदाताओं में जागरूकता आयी है। युवा मतदान के दिन सभी मतदाताओं को उनके घर से निकालने का प्रयास करें। मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए सभी न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं हैं। उन्होंने कहा कि एन.एस.एस. वालेंटियर के प्रयास से मतदान में सभी मतदाताओं की सहभागिता बढ़ेगी। एन.एस.एस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ब्रजेश कुमार ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए एन.एस.एस. वालेंटियरों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कैंपस के साथ पब्लिक कनेक्ट कर मतदाताओं को जागरूक किया।

### मतदान करना हमारा कर्तव्य : कुलपति

**रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि मतदान करना अधिकार के साथ हमारा कर्तव्य है। उन्होंने एनएसएस के वालेंटियर्स में उत्साह भरते हुए कहा कि आपकी मेहनत का फल मतदान के दिन दिखेगा। उन्होंने इसका उदाहरण एडमिट कार्ड वितरण एवं परीक्षा से देते हुए कहा कि मतदान के दिन मतदाताओं को सहयोग कर अधिक-से अधिक मतदान करवाना बेहतर अंक प्राप्त करने जैसा है। उन्होंने कहा कि आप सभी फ्यूचर ऑफ नेशन हैं। अपने कर्तव्यों को समझें और उसका निर्वहन करते हुए मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें।**

## मतदान के बाद लौटे मतदान कर्मी, ईवीएम वज्रगृह में सील

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने एक बार फिर कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान कक्ष का फोटो और वीडियो खिंचना अपराध है। वोटिंग कम्पार्टमेंट का भी फोटो खिंचना प्रतिबंधित है। वे आज निर्वाचन सदन में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। सीईओ ने कहा कि पांचवें चरण में झारखंड के 4 चतरा, 5 कोडरमा एवं 14 हजारीबाग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 20 मई 2024 को संपन्न मतदान के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि चुनाव कराकर मतदान कर्मी सुरक्षित वापस पहुंच गए हैं। ईवीएम स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है। सुरक्षा बलों का आगमन भी करीब-करीब हो चुका है। उन्होंने कहा कि पांचवें चरण का मतदान पूर्ण रूप से शांतिपूर्ण संपन्न हुआ है।

## न्यूज | बॉक्स



रांची के धुर्वा स्थित शालीमार बाजार में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

### भाजपा का सिर्फ एक ही काम, चंदा दो और धंधा लो : साधना भारती




**रांची ।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता साधना भारती ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में भाजपा पर जमकर निशाना साधा। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि चुनाव आते ही भाजपा में धर्म को धन्धा बनाने के सब प्रबन्ध हो जाते हैं, सत्ता की खुरचन चाटने के लिए भाजपा में कई नेवलों के भी सांपों से सम्बन्ध हो जाते हैं। भाजपा रामवादी नहीं रावणवादी है, कृष्णवादी नहीं कंसवादी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के ठगबन्धन में शामिल संजय निषाद ने कहा था कि भगवान राम दशरथ के पुत्र नहीं है, संजय- निषाद ने तो ही माता कौशल्या के अस्तित्व पर संदेह जताया था, फिर भी भाजपा ने संजय निषाद को योगी मंत्री मण्डल का सदस्य बनाया, आज तक संजय निषाद को मंत्री पद से नहीं हटाया। भाजपा के नेता नरेश अग्रवाल ने राज्य सभा में भगवान राम की तुलना रम से और माता सीता की तुलना शराब से की, फिर भी भाजपा ने नरेश अग्रवाल को राज्य सभा पहुंचाया, उनके पुत्र को योगी मंत्री मण्डल में शामिल कराया।

### झामुमो के एक-एक कार्यकताओं में बसते हैं दुर्गा सोरेन : विनोद

**रांची ।** झामुमो के कद्दावर नेता, झारखण्ड आन्दोलनकारी और जामा से विधायक रहे स्व. दुर्गा सोरेन के पुण्यतिथि पर नामकुम के लोवाडी स्थित दुर्गा सोरेन चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता झामुमो जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम ने की। स्व. दुर्गा सोरेन के आदमकद प्रतिमा पर मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सह प्रवक्ता एवं झारखण्ड राज्य समन्वय समिति के सदस्य विनोद कुमार पांडेय भी मौजीद रहे। सभी झामुमो नेता और कार्यकताओं ने अपने दिवंगत नेता को माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विनोद पांडेय ने कहा कि आज दुर्गा सोरेन जी की पुण्यतिथि है।

### राजीव गांधी की 33 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**रांची ।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुणयतिथि पर मंगलवार को गोड्डा जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, ऑल इंडिया कांग्रेस कमिटी की सचिव सह महागामा विधायक दीपिका पांडे सिंह, जिलाध्यक्ष दिनेश यादव, पूर्व विधायक राजेश रंजन, श्यामल सिंह, सोशल मीडिया चेयरमैन गजेन्द्र सिंह, अनुकूल मिश्रा, अशोक वर्मा, बिंदु मंडल सहित कई कांग्रेस जन उपस्थित रहे। सभी कांग्रेसियों ने पूर्व पीएम राजीव गांधी को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। भारत को एक सुदृढ़ एवं सशक्त राष्ट्र बनाने में उनके उल्लेखनीय योगदान को सदैव याद किया गया।

### कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय का समर्थन करेगा एचईसी नागरिक संघ



**रांची ।** एचईसी नागरिक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक धुर्वा में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष कैलाश यादव ने किया । बैठक में चर्चा के दौरान निर्णय लिया गया कि रांची लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन का उम्मीदवार यशस्विनी सहाय को समर्थन दिया जाएगा । विदित है कि एचईसी एशिया महादेश का पहला मातृ उद्योग हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लि. कारखाना का निर्माण वर्ष 1958-60 में देश के पहले प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में हुआ था जिसमें तकरीबन 22 हजार कर्मचारियों की बहाली हुई थी । एचईसी ने राष्ट्रहित में अनेकों ऐतिहासिक उपकरण बनाकर देश विदेशो में ख्याति प्राप्त किया । सौभाग्य का बात है कि एचईसी राष्ट्र का गौरव प्राप्त भारी उद्योग कारखाना है , स्थापना के लगभग 65 वर्षो के दौरान एचईसी की कई बार बदहाली के रास्ते पर गया, लेकिन पूर्व की कांग्रेस सरकार ने समय समय पर विशेष पैकेज का राहत देकर हमेशा सहयोग करने का काम किया है । ज्ञातव्य है कि एचईसी का आवासीय परिसर में लाखो लोगो की घनी आबादी है।

### प्रियंका गांधी के दौरे को लेकर तैयारियों का लिया जायजा

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी की चुनावी सभा की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। सभा की सफलता के लिए जनता के साथ लगातार जनसंपर्क और बैठकों का दौर जारी है। सभा की तैयारी हेतु कार्यक्रम स्थल हाईटेंशन मैदान लोवाडीह नामकुम का प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने दौरा कर जायजा लिया। ताकि सभा में भाग लेने वाले नेताओं कार्यकताओं एवं आम जनता को परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि चुनाव के प्रथम चरण से ही लोगों को प्रियंका गांधी द्वारा झारखंड में सभा करने की उम्मीद थी।

### ट्रिपल टेस्ट के फैसले पर ओबीसी ने सरकार प्रति जताया आभार

**रांची।** जून में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग मध्य प्रदेश की तर्ज पर राज्य में ट्रिपल टेस्ट करने का निर्णय अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ने लिया है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद, सदस्य केशव महतो कमलेश, नंदकिशोर मेहता, लक्ष्मण यादव के प्रति आभार जताते हुए इस निर्णय का स्वागत किया है। मोर्चा के अध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा राज्य में ट्रिपल टेस्ट कराने हेतु कई आंदोलन किए हैं, पांच दिवसीय धरना प्रदर्शन, मशाल जुलूस,आक्रोश मार्च, आक्रोश यात्रा, मंत्री, विधायकों का आवास घेराव, घंटा बजाओ नींद से जगाओ कार्यक्रम किया था।

## एक नजर

### तेज आंधी में उड़ा पोल्ट्री फार्म का शेड 1 लाख का नुकसान

**रामगढ़।** रामगढ़ प्रखंड के छत्तरमाण्डू निवासी किसान अरविंद सिंह का पोल्ट्री फार्म रविवार को आई तेज आंधी में क्षतिग्रस्त हो गया। आंधी इस कदर थी कि पोल्ट्री फार्म में लगे एस्बेस्टस शीट व दीवार और उसमें लगे 1 हजार लीटर पानी का टंकी आदि का नुकसान हो गया है। इसे लेकर किसान अरविंद सिंह ने बताया कि रविवार की शाम को अचानक तेज आंधी तूफान आने से उनका पोल्ट्री फार्म उजड़ गया। जिसमें 10 फीट वाला करीब 120 एस्बेस्टस शीट और पानी की टंकी हवा में उड़कर अन्यत्र गिर कर क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, पोल्ट्री फार्म के अंदर पाइपलाइन, भूसा व अन्य सामानों समेत लगभग एक लाख की क्षति हुई है।

### टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन ने बच्चों के लिए समर कैंप का किया उद्घाटन

**रामगढ़।** टाटा स्टील के वेस्ट बोकारो डिवीजन ने खेल के क्षेत्र में ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए मंगलवार को समर कैंप 2024 का उद्घाटन किया। शिविर के माध्यम से, टाटा स्टील का लक्ष्य फिटनेस के महत्व को बढ़ावा देते हुए बच्चों के बीच टीम वर्क, नेतृत्व और प्रतिस्पर्धी भावना को बढ़ावा देना है। 21 मई से 31 मई तक चलने वाला यह कैंप टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, वेस्ट बोकारो और जय हिंद विद्या निकेतन स्कूल, सोनडीहा में आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को उद्घाटन समारोह में महाप्रबंधक टाटा स्टील, वेस्ट बोकारो डिवीजन अनुराग दीक्षित और राकोमयू सचिव पीके सिंह की मौजूदगी में लगभग 500 बच्चों के लिए 10 दिवसीय खेल और प्रशिक्षण उत्सव की शुरूआत हुई। इस अवसर पर डिवीजन के वरिष्ठ अधिकारी एवं यूनियन पदाधिकारी उपस्थित थे।

### रतवे शिवमंडा पूजन में भक्तों ने दिखाई आस्था

**कुजू।** रतवे स्थित मंडाटांड़ के शिव मंदिर प्रांगण में मंगलवार को शिवमंडा पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान 125 भोक्ताओं ने पूरे विधि विधान से निकटवर्ती तालाब के पवित्र जल से स्नान करने के बाद नए वस्त्र धारण कर मंडा में प्रवेश किया। पंडित मुकेश तिवारी ने भोक्ताओं के हाथों पूजन संपन्न कराया। बाद में शिवभक्तों ने दहकते अंगारे पर नंगे पांव चलकर व अपने पीठ में चुभोए गए कील के सहारे 30 फीट ऊंचे वनसझूला पर झूलकर भक्ति का परिचय दिया। इस दौरान मंडास्थल के पास छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। इसमें विनोद महतो हनुमान, बुधु महतो देवासीव राजन महतो ने चटिया की भूमिका निभाया। मौके पर प्रभात महतो डऊ नृत्य पश्चिम बंगाल व भगवान महतो छऊ नृत्य कोटशिला के कलाकारों से एक से बढ़कर एक झांकी व नृत्य ने आमजन का मनोरंजन किया। इस दौरान मंडास्थल के पास भव्य मेला का आयोजन किया गया।

### हाथी का झुंड आने से मतदान कर्मी में मचा हड़कंप

**टाटीझरिया ।** प्रखंड क्षेत्र में वोट 20 मई को पांचवा चरण का मतदान के लिए मतदान कर्मी प्रखंड क्षेत्र पहुंचे जैसे ही नारायपुर में एका एक लगभग 25 हाथियों का झुंड गोधीया जंगल होते हुए नारायणपुर पहुंचा तो मतदान कर्मी मध्य विद्यालय नारायणपुर में ठहरे हुए थे जैसे ही पता चला की हाथियों का झुंड गांव में आ गया है सभी में हड़कंप मच गया कारण की हाथी स्कूल को ही पहला निशाना बनाता है लाइट लगे रहने के कारण हाथियों का झुंड नारायापुर में लगे दो एकड़ में टमाटर की खेती नारायण प्रसाद और द्वारिका प्रसाद की फसल पूरी तरह बर्बाद कर दिया भक्त भोगीयो ने कहा ऋण लेकर फसल लगाया था। वही किसान मित्र प्रबील प्रसाद ने कहा की ऋण लेकर किसान खेती करते है खून पसीना करके मेहनत कड़ी धूप में करते है मैं इसकी सूचना वन विभाग को दे दिए है।

### जीत को लेकर इंडी और एनडीए दोनों के समर्थक दिख रहे हैं विश्वास से लबरेज

# मतदाताओं को 4 जून का है बेसब्री से इंतजार



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में सोमवार को मतदान संपन्न हुआ. जिसमें बरही विस के 61 प्रतिशत मतदाताओं ने हिस्सा लिया. इस दौरान पूरे विस क्षेत्र में एनडीए और इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता सक्रिय दिखे. उमवि हरिला में एनडीए गठबंधन के परमेश्वर यादव, ब्रह्मदेव यादव, बालेश्वर यादव, बिनोद यादव आदि अपने समर्थको के साथ पूरे दिन बूथ पर जमे रहे. वही इंडिया गठबंधन के छट्ठू गोप, बद्री यादव आदि ने मतदाताओं पर पूरी नजर रखी. दोनों समर्थकों ने अपने पक्ष में अधिक मतदान का दावा किया है. मतदाताओं ने भी गुगली डालते हुए दोनों समर्थकों के बीच सस्पेंस बरकरार बनाए रखा है. कुछ महिलाओं और वृद्धों से मिली संकेत को माने तो एनडीए का पलड़ा भारी दिख रहा है. कई युवाओं ने दोनों को खारिज कर किसी नए विकल्प की ओर इशारा किया है. बहरहाल परिणाम चाहे जो भी हो दोनों पक्षों में आपसी सामंजस्य देखने को मिला. हालांकि अभी कुछ भी नहीं कहा जा सकता है कि किसी करवट ऊंट बैठेगी और किस को जीत मिलेगी। लोकिन अभी से ही जीत को लेकर बाजार गर्म है। हर पार्टी के समर्थक अपने-अपने उम्मीदवारों की जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे हैं। मतदान की पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न हुआ. फिलहाल मतदाताओं के फैसले को जानने के लिए 4 जून तक इंतजार करना होगा. जो प्रत्याशी और उनके समर्थकों के साथ आम जनता के लिए महत्वपूर्ण घड़ी होने वाली है.

### पवित्र एकादशी पर श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार ने किया भव्य भजन संध्या का आयोजन

# श्रद्धालु भजन गायक शिवम पंसारी का भजन सुनकर भक्ति से हुए सराबोर



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
पवित्र एकादशी के पावन अवसर पर शहर के रामनगर साई सिटी अपार्टमेंट में खाटू श्याम का भव्य कीर्तन उत्सव आयोजित किया गया इस उत्सव में बाबा श्याम के आकर्षण व अद्भुत सजावट के बीच श्याम भक्तों ने बाबा श्याम कीर्तन का आनंद लिया। सर्वप्रथम बाबा श्याम की पूजा अर्चना की गई, तत्पश्चात बाबा की ज्योत के साथ भव्य कीर्तन उत्सव प्रारंभ हुआ। कीर्तन उत्सव में सुप्रसिद्ध भजन गायक बराकर निवासी शिवम पंसारी ने अपने अनेकों भजनों से श्याम प्रेमियों को झुमाया, उन्होंने खाटू वालो के भरोसे चले.... म्हारा घर, बाबा श्याम जगत को सेठ ..... सब काम पूरा होशी जैसे अनेकों भजन प्रस्तुत किया। साथ ही आयोजक मंडली के द्वारा भी अनेकों भजन प्रस्तुत किए गएं। श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार प्रत्येक एकादशी को खाटू श्याम बाबा का कीर्तन आयोजित करता है। जल्द ही आयोजक मंडली के द्वारा बाबा श्याम का भव्य महोत्सव आयोजित किया जाएगा,जिसकी तैयारी आयोजक मंडली के द्वारा बाबा के आशीर्वाद से चल रहा है। एकादशी को देर रात्रि तक भजन कीर्तन के माध्यम से श्याम प्रेमी झूमते रहे। अंत में बाबा श्याम की आरती के साथ भव्य भजन कीर्तन संपन्न हुआ।आयोजक मंडली ने कहा कि बाबा श्याम के विशेष आशीर्वाद से भजन कीर्तन कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ।

### लोकतंत्र के महापर्व में वोटरों ने डाले जमकर वोट


**मांडू।** मांडू प्रखंड के मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में सोमवार को उत्साह के साथ मतदान किया। प्रखंड के 229 बूथ पर प्रचंड गर्मी होने के बावजूद सुबह 6:30 बजे से ही मतदाताओं की कतारबद्ध लाइन देखी गई। मतदान केंद्रों में पुरुष व महिलाओं के साथ-साथ फर्स्ट टाइम वोटरों की भीड़ देखी गई। शहरी क्षेत्र के अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान की रफ्तार धीरे-धीरे तेज हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान दिन चढ़ने के साथ ही अपने पहचान पत्र के साथ मतदान किए। क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं की लंबी कतार देखी गई। प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कांशीखाप बूथ संख्या 194 में 11 बजे तक सबसे अधिक 60 प्रतिशत मतदान हुआ था। जबकि डीएवी पब्लिक स्कूल आरा बूथ संख्या 253 में सबसे कम 9 प्रतिशत ही मतदान हुआ।

### वृद्ध और दिव्यांगों ने भी मतदान में बढ़ चढ़कर लिया भाग

**पतरातू।** पतरातू प्रखंड क्षेत्र के वृद्धि और दिव्यांगों ने भी बढ़ चढ़कर मतदान में भाग लिया। प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों वृद्ध और दिव्यांगों ने आसन्न लोकसभा चुनाव में अपने परिजनों के साथ बूथ में पहुंचे और उत्साह से मतदान में भाग लिया। वृद्धों का कहना था कि लोकतंत्र में वोट देना बहुत ही जरूरी है। प्रखंड क्षेत्र नेताओं ने भी अपने अपने बूथ में मतदान किया। इसमें भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, आजसू के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी सपरिवार बूथ संख्या 256 में मतदान किया। इसके अलावा डॉ संजय सिंह, संजय कुशवाहा,अनिल राय, परसों राजाराम प्रजापति ने भी अपने-अपने बूथ में मतदान किया।

# पहली बार मतदान करने का युवक-युवतियों में दिखा उत्साह



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
चुनाव में पहली बार वोट करने वाले युवक-यवितयों ने मतदान करने के उपरांत खुशी जाहिर कि । उन्होंने अपने उंगली पर लगे स्याही का निशान दिखाते हुए कहा कि माता-पिता व बड़े-बुजुर्गों को वोट करने जाते देखते थें तो सोचते थें कि हम कब वोट करेंगे। 18 आयु वर्ष पुरा होने के बाद जब इस वर्ष लोकसभा चुनान में हमें भी मतदान करने का अधिकार मिला तो हमें बहुत खुशी हुई। लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए हैदराबाद से अपने घर आई रिभर साईड निवासी सह जुबिली कॉलेज भुरकुंडा के सेवानिवृत प्रो. शंभु प्रसाद की पुत्री सीबी सौर्या अपने कंपनी से छुट्टी लेकर प्लेन से भुरकुंडा रिभर साईड अपने घर पहुंची। मतदान करने के बाद उंगली में लगे स्याही को दिखाते हुए सेल्फी लेते हुए खुशी का इजहार किया। भुरकुंडा पंचायत के हॉस्पिटल कॉलोनी निवासी संजय कुमार मिश्रा के दोनो पुत्र अपूर्व राज व आदर्श राज ने बूथ संख्या 372 मतदान केंद्र पंचायत भवन में प्रथम बार मतदान किया। जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी ललन सिन्हा की पुत्री ऋषिका सिन्हा व रिभर साईड भुरकुंडा निवासी सेवानिवृत प्रो. शंभु प्रसाद की पुत्री सीबी सौर्या ने पहली बार मतदान करने के बाद कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में भाग लेकर उन्हें काफी खुशी हो रही है।

# कोडरमा के मतदाताओं ने भ्रष्टाचार खत्म करने को किया मतदान : रामचंद्र



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
पांचवें चरण के मतदान के बाद कोडरमा लोकसभा से बीजेपी प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी की जीत सुनिश्चित माना जा रहा है। इस निमित पत्रकारों से बातचीत में ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी ने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा की जनता ने बढ़ चढ़ कर मतदान में भाग लिया तथा भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए मतदान किया । यह मतदान सनातन विरोधियों को सबक सिखाने के लिए और आदिवासी, दलित, पिछड़े, युवा, महिला, किसान सभी को ठगने वाली नीति के खिलाफ हुआ है । सभी बुथो पर वोट अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में हुआ है। हजारीबाग जिला में कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के सभी पदाधिकारी, जिला मोर्चा के सभी सात अध्यक्ष, महामंत्री व सभी मंडल चलकुशा, बेडोकला, बरकट्ठा, इचाक पुर्वी, इचाक पश्चिमी के अध्यक्ष, बुथ कमिटी, बरकट्ठा विधानसभा के विधायक सह संयोजक अमित कुमार यादव , प्रभारी प्रदीप साहु, सह प्रभारी अशोक यादव, दिना यादव, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री कुमकुम देवी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बटेश्वर मेहता, सह संयोजक सुनील मेहता, रघुवीर महतो, बालेश्वर ठाकुर, सुशील पाण्डेय, कुलदीप पाण्डेय समेत बरकट्ठा विधानसभा के सभी नेता, मतदाता व कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट करता हूं। कहा कि हजारीबाग, कोडरमा और चतरा लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी की जीत निश्चित है।

### सयाल एसएमपीएल आउटसोर्सिंग में अज्ञात अपराधियों ने की हवाई फायरिंग

# जेसीबी मशीन को किया आग के हवाले



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
सयाल परियोजना एसएमपीएल आउटसोर्सिंग में अज्ञात अपराधकर्मियों ने जमकर तांडव मचाया। अपराधियों ने आउटसोर्सिंग में लगे एक जेसीबी मशीन को आग के हवाले कर दिया। इस बीच कंपनी के हाईवा चालक ने बताया कि दो राउंड हवाई फायरिंग की गई है जिसकी आवाज सुनी गई है। हालांकि गोली चलने के मामले पर फिलहाल पुष्टि नहीं की गई। इस सम्बन्ध में पुलिस ने बताया कि जांच चल रही है। विदित ही कि तीन दिन पूर्व सौंदा बस्ती सेल संचालन समिति के अध्यक्ष नितीश कुमार के घर में भी अज्ञात अपराधकर्मी ने गोलीबारी की थी।

### पानी की भारी किल्लत / सुख गए कई जलस्त्रोत, पेयजल के लिए मचा हाहाकार

# जन प्रतिनिधियों के वायदे और आश्वासन हुए बेकार



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
बढ़ती गर्मी और सूखते जलस्त्रोत ने बरही वासियों को परेशान कर रखा है. लोगों को पीने का पानी मिलना मुश्किल हो रहा है। लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अभी यह हालात हैं तो आगे और क्या होगा? सवाल उठता है। गांव में बने कुएं और लगे चापानल सभी बेकार नजर आ रहे हैं। महिलाओं को डेढ़ से दो किमी सफर कर तिलैया डेम से पानी का जुगाड़ करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं आधी रात से ही पानी की जुगाड़ में घर से निलती हैं और काफी मशक्कत के बाद पानी ला पाती हैं। लेकिन जनप्रतिनिधयों के आश्वासन बावजूद भी लोगों की परेशानी दूर नहीं हो सकी औरदिन प्रतिदिन बढ़ती नजर आ रही है। वहां बिजली की भी स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण जो घरों में बोरिंग हैं वह भी नाकाम नजर आने लगे हैं। इन सभी समस्याओं को लेकर लोगों को जनप्रतिनिधियों खिलाफ काफी आक्रोश दिखाई दे रहा है। बरही पश्चिमी, पूर्वी, कोनरा, तुरी टोला, कारीमाटी, पड़ीरमा आदि विभिन्न इलाकों के जलस्त्रोत पूरी तरह सुख गए है. विभिन्न स्थानों पर लगे सरकारी जलमीनार लगभग दम तोड़ चुके हैं. बरही बाजार निवासी जयप्रकाश कटरियार ने बताया कि पानी की किल्लत से मुहल्लेवासी परेशान हैं. पेयजल की समस्या के कारण उन्हें अपना घर छोड़कर रहना पड़ रहा है. उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधि से इसे गंभीरता से लेते हुए प्रतिदिन टैंकर से पानी उपलब्ध करवाने की मांग किया है।

#### पेयजल के साथ-साथ बिजली की स्थिति भी दयनीय

ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या तो है ही इसके साथ ही बिजली की भी आवाजी से काफी परेशानी बढ़ गयी है। रात के समय बिजली के चले जाने से लोगों की नींद हराम हो जाती है। लोगों सो नहीं पा रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई में बिजली के नहीं रहने से अच्छी तरह से हो नहीं पा रही है। हालांकि इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी गयी है लेकिन अभी तक इसपर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी है। विभाग का कहा है कि गर्मी के दिनों में लोडशेडिंग काफी होती है जिससे बिजली की परेशानी बढ़ जाती है। बिजली की समस्याओं का शीघ्र ही समधान किया जायेगा जिससे लोगों की परेशानी दूर हो जायेगा।

### होसिर कॉलेज में किया गया शोकसभा का आयोजन

**गिद्दी।** झारखंड इंटर कॉलेज होसिर में मंगलवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम में कॉलेज के लिपिक अभिमन्यु स्वांसी के आकस्मिक निधन पर दो मिनट को मौन रखकर शोक प्रकट किया गया। इसके बाद कॉलेज के सचिव और प्राचार्य ने अभिमन्यु स्वांसी के कॉलेज के विकास में किए योगदान की चर्चा किया। साथ ही उनके निधन से कॉलेज की अपूरणीय क्षति होने की बात कही है। शोक सभा में शोक व्यक्त करने वालों में कॉलेज के सचिव सुरेश महतो, प्राचार्य खेमनाथ महतो, दीपचद महतो, एके वर्मा, मंसुर आलम, जगतपाल टुंडवार, बासुदेव प्रसाद, दानो महतो, देवेंद्र कुमार, वरुण कुमार, धर्मेंद्र प्रजापति, कुमार विनोद, सुनीता कुमारी, कुमारी मुन्नी, पुष्पा कुमारी, रीता रानी शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### पूर्णतः फ्रॉड है सोशल मीडिया पर प्रचारित विशेष दवा से डायबिटीज का शर्तिया इलाज : डॉ आरसी प्रसाद मेहता



**हजारीबाग।** आजकल सोशल मीडिया खोलते ही मधुमेह ठीक करने की शर्तिया इलाज की गारंटी वाला विज्ञापन देखने को मिल रहा है, जिसमें बड़े-बड़े फर्जी सेलिब्रिटी न्यूज एंकर राजनेता, मुख्यमंत्री तक आपको बताते मिलेंगे कि इस दवा की एक खुराक लेते ही मेरी जिंदगी बदल गई, मेरा डायबिटीज ठीक हो गया है, इंसुलिन लेना बंद हो गया यह ठगी है। इससे भोली भाली जनता ठगी जा रही है। इस फ्रॉड पर सरकारे मौन है। जनता को गुमराह किया जा रहा हैं। उक्त बातें डॉ आरसी प्रसाद मेहता अध्यक्ष स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग उत्तरी छोटा नागपुर कांग्रेस कमेटी झारखंड ने अपने कार्यालय में कही। कहा कि यह पूर्ण रुपेन फर्जी है विज्ञापन में न्यूज एंकरों द्वारा शर्त रखा जाता है कि ठीक नहीं होने पर लाखों का इनाम दिया जाएगा,यह विश्व का लेटेस्ट खोज के द्वारा दवा बनाई गई है दवा स्टॉक में नहीं बचा है जल्द से जल्द आर्डर करें।जिस कारण आनेको डायबिटिक मधुमेह रोगी इस फ्रॉड के शिकार हो रहे हैं। दर्जनों लोगों ने आज तक मेरे पास शिकायत किया कि 4 से 6 हजार रु तक दवा खरीदकर खाया जिससे कोई फायदा नहीं हुआ।

### लोकतंत्र के महापर्व पर 32 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर महोत्सव मनाया




**हजारीबाग।** लोकतंत्र के महापर्व के अवसर पर वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के द्वारा थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे लोगों ने देश के लोकतंत्र को मजबूत करने के बाद मतदान करते हुए थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान भी किया। शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन द्वारा किया गया शिविर का शुभारंभ एसोसिएशन के प्रचार सचिव गौरव यादव नियमित रक्तदाता महेंद्र बग्गा एवं आदर्श जैन अजमेरा ने रक्तदान कर के किया।तत्पश्चात प्रदीप जैन विनायक एवं अमित जैन पाटौदी अपने परिवार के साथ मतदान केंद्र से सीधे रक्तदान केंद्र में आकर प्रदीप जैन अपने पुत्र -पुत्री प्रशांत जैन, प्रज्ञा जैन, पारुल जैन ने रक्तदान किया। अमित जैन एवं उनकी भांजी आयुषी जैन ने भी रक्तदान किया।अन्य रक्तदाताओं में रोशन कुमार,राजू सिन्हा, राजकुमार सोनी, पृथ्वी कुमार,मोहन कुमार पासवान,निकेश जैन, कामाख्या नारायण सिंह, मोहित जैन, विकास जैन, इशू जैन,अभिमन्यु कुमार, प्रभात कुमार ,निलेश जैन और अंत में ऋषभ जैन जिन्होंने पहली बार मतदान एवं रक्तदान किया साथ ही अपने पिता संजय जैन से प्रथम बार रक्तदान कराया।

### जदयू नेता ने शांतिपूर्ण मतदान पर मतदाताओं का जताया आभार



**हजारीबाग।** संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव संपन्न होने बाद जदयू नेता ने समस्त मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने मजबूत एवं सशक्त राष्ट्र का निर्माण करने का कार्य किया है। हजारीबाग लोकसभा में 63 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। देश की उन्नति और विकास के लिए मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग कर अपनी अहम भागिदारी सुनिश्चित किया है। जदयू नेता राकेश गुप्ता ने लोकसभा चुनाव में मतदान करने वाले हजारीबाग के सभी मतदाताओं को हृदय की गहराई से आभार जताया। साथ ही लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान करने वाले नये मतदाताओं को बहुत- बहुत शुभकामनाएं दी। इस दौरान शांति पूर्ण वतावरण में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन का भी आभार व साधुवाद ज्ञापित किया।

### 79 दिनों के चुनाव प्रचार अभियान के बाद मनीष जायसवाल ने परिवार संग बिताया वक्त



**हजारीबाग।** सोमवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में चुनाव समाप्त होने के साथ ही मंगलवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल 79 वें दिन के अति व्यस्तम चुनावी कैंपेन और भागदौड़ भरी दिनचर्या के बाद पुरी तरह आराम के मूड में दिखे। पूर्व की दिनों की भांति ही वे अहले सुबह सोकर उठे और नित्यकर्म करने के पश्चात अपने चहेते नाई कुसुम्भा निवासी महेश ठाकुर से अपने ही विशेश्वर दयाल पथ स्थित आवास में हजामत बनवायी। स्नान- ध्यान करने के उपरान्त नितदिन की भांति पूजा- पाठ की। जिसके बाद परिवारजनों के साथ चाय की चुस्की के साथ अखबारों की सुर्खियों पर नजर डाली। बहुत दिनों बाद अपने माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों ने एक साथ मिलकर नास्ता किया और पारिवारिक सुख- दुःख की बातें की। इसी बीच हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता और उनके समर्थक बड़ी संख्या में उनके आवास पंहुचकर उनसे मिलकर चुनाव की यथास्थिति से उन्हें अवगत कराते रहे। घर पर लगातार लोगों के आने- जाने का सिलसिला चलता रहा। लोगों से मिलते- जुलते रहे और देर दोपहर तक परिवारजनों संग हंसी- खुशी करते हुए राहत भरा समय बिताया।

### दिनदहाड़े इचाक बाजार से 49000 रुपये लेकर अज्ञात चोर हुए फरार

**टाटीझरिया ।** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के इचाक प्रखंड अंतर्गत जलौंध गांव निवासी जीरिया देवी पति कैलाश गोप के 49000 रूपए दिन दहाड़े चोर छीनतई कर फरार हो गया। इचाक थाना में आवेदन देकर पीड़ित परिवार ने चोर को पकड़कर पैसा दिलाने का मांग किया गया। आवेदन में लिखा कि दिनांक 21 मई के दोपहर 02 बजे इचाक बाजार के ग्रामीण बैंक से 49000 निकासी कर वापस जलौंध अपना घर लौट रही थी। इसी दरमियान दर्जी मौहल्ला के ठोकर पास एक बाइक में सवार दो लड़का (चोर) बैठा हुआ था। हमलोग भी बाइक से घर जा रहे थे। पैसा थैला में पकड़कर घर जा रहे थे। चोर ने ठोकर पास, थैला में रखे हुए पैसे को झपट कर भागने लगा। पीड़ित परिवार ने चोर की पीछा किया। लेकिन तेजी गति से भागने में चोर कामयाब हो गया। फरार हो गया चोर को लेकर इचाक थाना में आवेदन दिया गया है।बाजार के सीसी टीवी कैमरे में चोर को देखा भी जा रहा है। पीड़ित परिवार ने आग्रह किया है की जिन्हे भी चोर दिखाई दे।

## एक नजर

### मॉडल डिग्री कॉलेज बानो में सत्र 2024-28 में नामांकन के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**बानो।** मॉडल डिग्री कॉलेज बानो में स्नातक के लिए नामांकन के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गया है। 10 मई से 30 मई तक रजिस्ट्रेशन का समय निर्धारित है ।सभी छात्र छात्राएं जल्द से जल्द अपना रजिस्ट्रेशन करवा ले। रजिस्ट्रेशन की सुविधा महाविद्यालय परिसर के स्टूडेंट सर्विस सेंटर में उपलब्ध है। ज्यादा जानकारी हेतु कॉलेज परिसर के हेल्प डेस्क से जानकारी प्राप्त किया जा सकता है। उक्त जानकारी कॉलेज के प्राचार्य डॉ रामकुमार प्रसाद ने दी।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर पुलिस ने मंगलवार को एक युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले युवक को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया । जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र की 25 वर्षीय युवती को शौच के लिए निकलने के दौरान जबरन पीछा कर खूंटी जिले के कर्रा निवासी साहिर अंसारी उसके साथ जंगल में दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गया। आरोपी अलसंगा बांस टोली भाड़े के मकान में रहकर जल मीनार में राजमिस्त्री का काम था।पीड़िता एक पेट्रोल पंप मे रहकर तेल नापने का काम करती थी ।पुलिस ने आरोपी साहिर अंसारी गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा और उसके विरुद्ध कांड संख्या 22/ 24 धारा 376 के तहत थाना में मामला दर्ज किया।

### जहरीले सांप के डसने से महिला की हुई मौत शोक में डूबा परिवार

**बोलबा।** बोलबा थाना क्षेत्र के किलेसेरा गांव में जहरीले सांप के डसने से गंभीर रूप से इलाज रथ महिला की मंगलवार की सुबह सिमडेगा सदर अस्पताल में मौत हो गई। महिला की पहचान बालो देवी के रूप में हुई। जानकारी देते हुए पति लक्ष्मण माझी ने बताया कि उसकी पत्नी सोमवार के शाम में ईंट के पास कुछ काम कर रही थी ,इसी दौरान उसे किसी चीज का काटने का एहसास हुआ लेकिन वह उसे गौर नहीं की और घर में खाना खाने के बाद सो गई ।अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तब परिवार वाले उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया, जहां पर इलाज के क्रम में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । वहीं पति ने बताया कि उसके चार बच्चे हैं और इस प्रकार से अचानक पत्नी की मौत होने पर परिवार में बहुत बड़ा संकट आ पड़ा है । बच्चों की देख रेख के लिए बड़ी समस्या आन पड़ी है। सवाल उठता है कि उसे कौन देखेगा। इधर पुलिस ने मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। वहीं सरकारी प्रक्रिया के तहत सरकार द्वारा मिलने वाली मुआवजा दिलाने की बात कही।

## जीईएल चर्च झामबेड़ा में चौथे युवा सम्मेलन का हुआ आयोजन

# युवा देश निर्माण व समाज को विकसित करने में सहयोग करें : पादरी विरसेन कुलदीप गुड़िया



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** प्रखंड के झामबेड़ा मंडली चर्च परिसर में जीईएल चर्च लचरागढ़ पास्टोरेट युवा संघ का चौथा वार्षिक युवा संघ सम्मेलन का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विरसेन कुलदीप गुड़िया उपस्थित थे। उन्होंने युवा संघ सम्मेलन का उद्घाटन कैडल जलाकर किया। इस अवसर पर धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए पादरी विरसेन कुलदीप गुडिया ने कहा कि वर्तमान में युवाओं के कंधे पर बहुत बड़ी जिम्मेवारी है। युवा देश निर्माण समाज को विकसित करने में सहयोग करें। युवा सामाजिक कार्यों में बढ़ छढ़कर हिस्सा ले। आज की युवा नशा पान जैसी कुरीतियों की चपेट में आ रहे हैं ।समाज को बचाने के लिए युवा नशापन जैसी कुरीतियों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि युवा पढ़ लिखकर कैरियर बेहतर बनाने के लिए मेहनत करें। प्रतिदिन प्रभु यीशु का मनन करें। मौके पर क्विज प्रतियोगिता बाइबल प्रतियोगिता, आदर्श भजन प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमेंविजेता मंडली को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर रामजड़ी, पोगलोया, जामबेड़ा और बरबेड़ा मंडली के नेतृत्व में भजन प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम में वार्षिक परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत भीबकिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मन्नीएल लुगुन, अनिल होवो, रशिकन कडुंलना, पर्हषण लुगनु, प्रदीप केरकेट्टा, नेलसन बुढ़, संदीप समद,अमर लुगुन, सलीम समद, वेदन बागे इलियास सुरीन नेलन कोंनगाडी सहित काफी संख्या में मसीही उपस्थित थे।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग को भगा ले जाने के आरोपी को तीन साल का सश्रम कारावास

**कोडरमा।** नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने के मामले की अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई की है। इसमें आरोपी मो रिजवी बेहरवाटांड़, थाना कोडरमा निवासी को 363 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए तीन साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही कोर्ट ने 20 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला साल 2022 का है। लड़की के पिता के आवेदन पर कोडरमा थाना कांड सं 45/ 2022 और एसटी 61/2022 दर्ज किया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया।

### सैनिक स्कूल में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथे दिन कई टीमों ने जीते मैच

**चंदवारा।** सैनिक स्कूल तिलैया में चल रहे अखिल भारतीय सैनिक स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 के चौथे दिन भी खेल प्रतिस्पर्धा जारी रही। सुबह आयोजित खेलों में बालक वर्ग के जूनियर वर्ग में कपूरथला पंजाब और ईस्टसियांग अरुणाचल प्रदेश में मैच खेला गया। इसमें ईस्टसियांग ने 3-0 से पटखनी दी। जूनियर बालक वर्ग में ही कोरूकुंडा आंध्र प्रदेश और चित्तौड़गढ़ राजस्थान के बीच मैच खेला गया। इसमें कोरुकुंडा ने चित्तौड़गढ़ को 3-2 से हराकर इस जीत को हासिल किया। जबकि बालिका वर्ग में-ईस्टसियांग अरुणाचल प्रदेश और घोड़ाखाल उत्तराखंड के बीच मैच खेला गया। इसमें दोनों टीमें-1-1 से बराबरी पर रही। बालिका वर्ग में ही संबलपुर ओडिशा और गोपालगंज बिहार के बीच खेल गये मैच का परिणाम भी 1-1 से बराबर रहा।

## 07 से 11 वर्ष आयुवर्ग के लिए 22 से 25 मई तक टेस्ट आयोजित

# प्रतियोगिता में 180 खिलाड़ी ले रहे भाग



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** हॉकी की नर्सरी सिमडेगा में ग्रास रूट स्तर से हॉकी को आगे बढ़ाने में हमेशा तत्पर रहने वाला हॉकी सिमडेगा जिला में बाल अवस्था से हॉकी खिलाड़ियों में ग्रास रूट स्तर से ही प्रतियोगी क्षमता लाने के लिए एक नए अध्याय की शुरूवात कर रही है। जिसके तहत जिला के आयु वर्ग 07 वर्ष से 11 वर्ष उम्र सीमा तक के नन्हे मुन्ने बालक और बालिका हॉकी खिलाड़ियों के लिए हॉकी सिमडेगा द्वारा हॉकी झारखंड के वित्तीय सहायता और जिला प्रशासन सिमडेगा के सहयोग से प्रथम हॉकी सिमडेगा मिनी सब जूनियर बालक -बालिका ग्रास रूट डेवलपमेंट हॉकी प्रतियोगिता 2024 का आयोजन 22 से 25 मई 2024 तक एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में की जा रही है। इस प्रतियोगिता में कुल 10 टीम बालक वर्ग ने 06 तथा बालिका वर्ग में 04 टीम में कुल 180 खिलाड़ी भाग ले रही है। जिसकी शुरूवात कल 22 मई को प्रातः 06:00 बजे से तथा विधिवत उद्घाटन आज अपराह्न 4:30 बजे की जायेगी। प्रतियोगिता में शामिल बालक बालिका के अलग अलग सभी टीम आपस में एक दूसरे से लीग मैच खेलेगी और लीग में प्रथम दो स्थान लाने वाले दोनो टीम आपस में फाइनल खेलेगी। किसी मान्यता प्राप्त संघ द्वारा इतनी कम उम्र सीमा के खिलाड़ियों के लिए हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन भारत ने संभवत पहली बार आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का पहला मैच आज सुबह 06.00 बजे से बालक वर्ग का गोंडवाना क्लब सिमडेगा बनाम आर सी उत्क्रमित मध्य विद्यालय करगागुड़ी , प्रातः 07:00 बजे से जाम बहार बनाम आर सी प्राथमिक विद्यालय कोचेडेगा एवम प्रात 08:00 बजे से पाईकपारा बनाम आत्म निर्भर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र कुरकुरा के बीच होगी। बालिका वर्ग का मैच 4.30 बजे से होगी।

## छोटानागपुर कल्याण निकेतन संस्था ने दो जगहों पर रोका बाल विवाह

# 18 वर्ष होने के बाद ही कराएं शादी, नहीं तो होगी कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जिले के प्रखंड पाकरटांड़ में न्याय के बढ़ते कदम अभियान के तहत बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। संस्था ने कहा कि 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी बच्चों की शादी की जाये अन्यथा पहले होने पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। जागरूकता अभियान के क्रम में संस्था छोटानागपुर कल्याण निकेतन के प्रतिनिधि को सिकरियाटांड़ पंचायत के सिकरियाटांड़ टांगरटोली ग्राम तथा आसानबेड़ा पंचायत के भुन्डूपानी कुरपानी ग्राम में बाल विवाह से संबंधित जानकारी प्राप्त हुई। मामले की सत्यता जानने के लिए प्रतिनिधि द्वारा ग्राम में विवाह की सत्यता की जांच की गई। विवाह की पुष्टि होने पर जिस बच्चे का विवाह कराया जा रहा था उस बच्चे की आयु की भी जांच की गई है। जांच के दौरान पता चला कि बच्चे की आयु विवाह के लिए अनुकूल नहीं है। तत्पश्चात प्रतिनिधि द्वारा संस्था को इस विवाह की जानकारी दी गई तथा संस्था द्वारा बाल कल्याण समिति एवं पाकरटांड़ थाना में भी में इसकी सूचना देकर बाल कल्याण समिति एवं पाकरटांड़ थाना के सहयोग से इस विवाह को रोका गया एवं बच्चे के परिवार को बाल विवाह से संबंधित जानकारी और बाल विवाह के कानून से भी अवगत कराया गया।

## बदलाव को लेकर आमलोगों में दिखा उत्साह जनता के प्रति आभार : रामधन

**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा** बदलाव को लेकर आम अवाम का उत्साह हर बूथ पर नजर आया। जनता ने स्थानीय मुद्दे को लेकर अपना मतदान किया है। कई बूथों पर अप्रत्याशित वोटिंग प्रतिशत सत्ता के खिलाफ आक्रोश की ओर इशारा कर रहा है। उक्त बातें महागठबंधन के संयोजक सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने सोमवार को चुनाव को लेकर कही है। उन्होंने कहा कि कोडरमा विधानसभा में महागठबंधन लीड करेगी। उन्होंने कहा कि कोडरमा के मतदाताओं ने जाति, धर्म से ऊपर उठकर सत्ता परिवर्तन के लिए मतदान किया। उन्होंने कहा कि राजद समेत झामुमो, कांग्रेस,आप और वाम दल के कार्यकर्ताओं ने एकजुटता प्रदर्शित कर हर बूथ पर बेहतर बूथ मैनजमेंट किया। यादव ने कहा कि कोडरमा लोकसभा में इस बार महागठबंधन की जीत होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की धनबल का जनता ने करारा जबाब वोट से दिया है। उन्होंने कहा कि कोडरमा के छह प्रखंड में महागठबंधन मजबूत बढ़त हासिल करेगी। उन्होंने महागठबंधन की ओर से माले प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह के पक्ष में मतदान करने के लिए जनता मालिकों को लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ -चढ़कर हिस्सा लेने के लिए सभी कोडरमा वासियों का आभार जताया।

## विक्टर खेस की बेटी रीना खेस के शादी समारोह में शामिल हुए विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** विधायक भूषण बाड़ा अपने निचले स्तर तक के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों को मान सम्मान देने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। मंगलवार को विधायक भूषण बाड़ा पाकरटांड के सोगड़ा में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता की बेटी की शादी समारोह में शामिल होकर बूथ स्तरीय कार्यकर्ता को पूरा सम्मान देने का काम किया। मंगलवार को सोगड़ा बूथ के अध्यक्ष विक्टर खेस की बेटी रीना खेस की शादी समारोह होना तय हुआ था। जहां विधायक शामिल हुए और नव वर वधु को आशीर्वाद दिया। विधायक के साथ जिला परिषद सदस्य और विधायक की धर्मपत्नी जोसिमा खाखा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिमा कुजूआदि भी शामिल होकर नव दम्पति जोड़े को आशीर्वाद दिया।

# पुण्यतिथि के मौके पर याद किए गए पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 33 में पुण्यतिथि के मौके पर मंगलवार को सिमडेगा जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित करते हुए सभी लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके पर पूर्व प्रधानमंत्री की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया, मौके पर कोलेबिरा विधायक ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी 21वीं सदी के आधुनिक भारत के स्वप्नद्दष्टा, भारतीय सूचना क्रांति के जनक, पंचायतीराज सशक्तिकरण के सूत्रधार, एवं शांति व सद्भाव के पुरोधा थे। मौके पर खो गया कि हमें उनके बताए गए मार्ग पर चलकर भारत की संविधान बचाना है। इस दौरान कोलेबिरा के विधायक नमन विकसल कोंगाडी , जोनसन मिंज, समी आलम, कौशल किशोर रोहिल्ला, सामरोम टोपनो, अनूप लकड़ा, शिशिर मिंज, प्रवक्ता रणधीर रंजन, सुनील मिंज,खुशी राम कुमार, मो जमीर खान, मो जमीर अहमद, अनिल खेस, सचिन हेरेंज, मो शकील, डॉ इम्तियाल, अरमान खान, अशोक तिर्की सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे ।

## न्यूज बॉक्स

### बिजली तार की चपेट में आकर युवक झुलसा



**कुरडेग।** प्रखंड के आसन बेड़ा टोंगरी टोली में 11 हजार भोल्ट के बिजली तार के चपेट में आने से मवेशी चरा रहे व्यक्ति घायल हो गया। घायल की पहचान संग्राम मांझी पिता स्व गोपाल मांझी आसन बेड़ा टोगरी टोली के रूप में हुई ।घटना के संबन्ध में परिजनो ने बताया कि घर से कुछ दुरी पर संग्राम मांझी मवेशी चरा रहा था, इसी बीच नीचे झुलते हुए विजली के तार के सम्पर्क में आ जाने से घायल हो गया जिसे आनन फानन में कुरडेग अस्पताल लाये ,जहाँ चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल व्यक्ति को सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिये ।अस्पताल परिषर में खड़ी एम्बुलेस के खराब होने के कारण घायल व्यक्ति एम्बुलेंस बनने के इंतजार में समाचार लिखे जाने तक कुरडेग अस्पताल में पड़ा रहा।

### बीडीओ ने बानो प्रखंड कार्यालय में मनरेगा व अबुआ आवास योजना की समीक्षा की



**बानो।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मनरेगा योजना व अबुआ आवास योजना को लेकर समीक्षा बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने की। बैठक में प्रत्येक पंचायत के मनरेगा योजना से संचालित योजनाओं का समीक्षा किया गया तथा निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। वहीं मनरेगा योजना संचालित विभिन्न योजनाओं को भी जल्द पूरी करने का निर्देश दिया गया। अबुआ आवास योजना की प्रगति रिपोर्ट का समीक्षा किया गया तथा जल्द पूरा करने के लिए भी निर्देश दिया गया इस अवसर पर बीपीओ चारु मांझी पीएम आवास समन्वयक आशुतोष कुमार,जैई अमरेश कुमार,इई नीतीश कुमार ,मोहम्मद अली पंचायत सचिव अजय सिंह, आकाश महतो ,त्रिवेणी प्रसाद राहुल कुमार रोजगार सेवक केदारनाग, बसंत मड़की संदीप कुमार, रियासत खान, रूबी कुमारी श्रीपति,सनोज महतो,प्रवीण टोप्पो,सलीम आदि लोग उपस्थित थे ।

### कुरडेग थाना क्षेत्र के पास कार व मोटरसाइकिल की टक्कर में बाइक सवार का पैर टूटा



**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के पक्का बांध के समीप इनोभा कार और बाइक में टक्कर बाइक सवार का पैर टुट गया। घटना शाम लगभग 7:00 बजे की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इनोवा कार कुरडेग से कुटमा कछार की ओर जा रही थी कार चालक का पहचान पवन नामक युवक कुरडेग दलकी बताया जा रहा है। इसी क्रम में विपरित दिशा से बाइक चालक लरबन राउत उम्र 25 वर्ष अपने साथी सुरेन्द्र खेरवार के साथ तपकारा से वापस अपने घर बड़की बिउरा जा रहा था, पक्का बांध के समीप अनियंत्रित होकर दोनो वाहन आपस में टकरा गये जिससे ईनोभा कार सड़क से नीचे गिर गया कार चालक सुरक्षित है, वहीं बाइक चालक लरबन राउत का पैर टुट गया जिसे कुरडेग अस्पताल में प्राथमिक ईलाज के बाद बेहतर ईलाज के लिए सिमडेगा रेफर कर दिया गया। बताते चलें कार चालक पवन काफी नशे में था ।गौरतलब हो अस्पताल में एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं होने पर कुरडेग वन विभाग के रेंजर नथुनी सिंह ने मानवता का परिचय देते हुए घायल बाइक चालक को वन विभाग के वाहन से सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया जहां इलाज चल रही है ।

### बानो से बेंगलुरु गए दो मजदूर एक सप्ताह से लापता



**बानो।** बानो के दो मजदूर बेंगलुरू से लापता एक सप्ताह से लापता हैं। मिली जानकारी के अनुसार गोवा से घर आने के लिये 12 मई को निकला था ।परन्तु गलत ट्रेन पर चढ़ कर बेंगलुरु पहुंच गया। 16 मई को परिजनों से मोबाईल पर बात होने पर बताया कि बेंगलुरु में हैं। उसके बाद मोबाईल बंद बता रहा है। इस कारण परिजन परेशान हैं। मालूम हो कि अनूप तोपनो उम्र 25 बानो सदाबहार टोली का है तथा बिनोद लुगुन उम्र 27 चिरूबेडा चकलाबासा का रहने वाला है। दोनों गोवा काम करने गये थे दोनों साथ में काम करते हैं। परेशान होकर दोनो परिजनों के मजदूरों के परिजनों ने इसकी सूचना बानो को दी। मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक से अपने मालिक से बात होने पर राउरकेला पहुंचने की बात बताया ।इधर लगातार मोबाईल बंद होने के कारण परिजन परेशान हैं। दोनों परिवार के परिजनों ने बानो जिला परिषद बिरजो कंडुलना मुलाकात कर सहयोग करने की अपील की है। जिला परिषद बानो ने सहयोग करने की बात कहा है।

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र के कोम्बाकेरा गांव में पेड़ में फांसी लगाकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली युवक की पहचान गांव के संजय सिंह के रूप में हुई ।घटना की सूचना स्थानीय लोग एवं परिजनों के द्वारा कोलेबिरा पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची एवं मृतक के शव को पेड़ से उतर कर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के संबंध में परिवार वालों ने बताया कि संजय सिंह की दिमागी हालत ठीक नहीं थी, कुछ दिन से इधर-उधर भटक रहा था और अचानक मंगलवार की सुबह पेड़ पर झूलता हुआ उसका शव देखा गया। वहीं पर परिजनों ने बताया कि वह मानसिक हालत ठीक नहीं होने की वजह से फांसी लगाया होगा ।इधर पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है ,पुलिस में इस मामले में यूडी के दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई।

## आभार व्यक्त

## लोकतंत्र के महापर्व पर पूर्व विधायक ने पुलिस प्रशासन व जनता का जताया आभार

# बीजेपी समर्थित एनडीए उम्मीदवार की जीत तय : मनोज



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** लोकतंत्र के महापर्व 18वीं लोकसभा चुनाव के 5वें चरण के शांतिपूर्ण समाप्ति पर पूर्व विधायक सह विधानसभा संयोजक मनोज कुमार यादव ने संसदीय क्षेत्र की जनता और पुलिस प्रशासन व मतदान कर्मी सहित राजनीति पार्टियों के कार्यकर्ताओं का आभार जताया है. उन्होंने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होना, पुलिस प्रशासन के मुस्तैदी व सक्रियता का परिचायक है. साथ ही मतदाताओं राजनीतिक दल के नेताओं कार्यकर्ताओं के सहनशीलता व धैर्य को दशार्ता है. यह हर्ष की बात है कि इस लोकतंत्र के महापर्व में यहां के नागरिकों व मतदाताओ ने सार्थक योगदान दिया है. विशेषकर महिलाओ की भागीदारी और युवाओं की हिस्सेदारी तथा बड़े बुजुर्गो की जिम्मेवारी की तारीफ करते हुए शुक्रगुजार जताया है. शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर प्रदेश के प्रशासन और चुनाव आयोग को भी धन्यवाद दिया. पूर्व विधायक ने दो टूक शब्दों में कहा कि इस चुनाव में भी जनता ने मोदी सरकार पर भरोसा जताया है. हजारीबाग संसदीय सीट से एनडीए के भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल की जीत तय है. जनता ने मत रूपी अपना आशीर्वाद दे दिया है, जो 4 जून को जीत की डंका के साथ स्पष्ट हो जाएगा. इसके लिए एनडीए गठबंधन के सभी घटक दल, उनके समर्थक और समर्पित कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं।

### जयनगर प्रखंड में महिला वोटर दिखीं काफी उत्साहित

**जयनगर।** कोडरमा लोकसभा का चुनाव 20 मई को शांति के साथ संपन्न हो गई। किसी तरह का कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। लोग अपने बूथों पर वोट डालने के लिए सभी महिला, पुरुष मतदाता काफी उत्साहित दिखे। प्रखंड के सभी बूतों पर सुबह से मतदाताओं का वोट देने के लिए लंबी लाईन लगी रही । खासकर महिलाओं में ज्यादा उत्साहित दिखे। महिला मतदाताओं ने सुबह में अपने वोट देकर अपने घरों का काम निपटाया। सरकार के नारे को महिलाओं ने अमलीजामा पहनाया। पहले मतदान फिर जलपान ऐसा जयनगर के महिला मतदाताओं ने कर दिखाया। सभी बूथों पर पुरुष मतदाताओं से ज्यादा महिला मतदाताओं का भीड़ सुबह से ही रही। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा सभी बूथों पर सभी तरह कि सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी। दिव्यांग व वृद्ध मतदाताओं के लिए वाहन की व्यवस्था की गई थी। मतदाताओं को किसी तरह कि परेशानी नहीं हो उसके लिए सभी बूथो पर बीएलओ को रखा गया था और शांति से मतदान संपन्न कराने के सभी बूथों पर जैप जवानों को तैनात किया गया था।

### डोमचांच इलाके में हल्की नोंकझोंक के बीच लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

**डोमचांच।** कोडरमा लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को डोमचांच के कुल 100 बूथों पर शांतिपूर्वक तरीके से मतदान संपन्न हुआ। इस दौरान कई बूथों पर चिलचिलाती गर्मी के कारण लोगों को धूप में ही खड़े होकर वोट करना पड़ा। सभी बूथों पर लोग सुबह पांच बजे से ही लाइन में लगकर वोट करने मतदान केंद्र पहुंचे थे। वोट को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह नजर आया। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में भी वोट करने को लेकर उत्साहित दिखे। ।ग्रामीण और सुदूरवर्ती क्षेत्र में भी मतदान को लेकर मतदान केंद्रों पर काफी भीड़ थी। कडी धूप में भी लोग वोट करने के लिए पहुंचे थे। लेकिन कई बूथों पर शेड और पानी की उचित व्यवस्था नहीं होने से लोगो को परेशानी हुई। दिव्यांग,बुजुर्ग मतदाताओं को वाहनों के जरिए मतदान केंद्रों तक लाकर मतदान करवाया गया।

## एक नजर

### राजीव गांधी की शहादत को आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाया

**आदित्यपुर।** कुलुपटांगा स्थित कांग्रेस कार्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के शहादत को आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाया गया। मौके पर उनके तस्वीर पर फूल माला डालकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके कृतित्व को याद किया गया।बता दें कि आज ही दिन तमिलनाडु के पैरेंमबुदूर में श्रीलंकाई आतंकवाद संगठन ने आत्मघाती हमले में उन्हें मौत के घाट उतार दिया था। इस मौके पर कांग्रेस नेता राजमंगल ठाकुर, दिवाकर झा, खिरोद सरदार, सुनील सिंह, विनोद प्रधान, प्रदीप मुखी, सपन प्रधान, संगीता प्रधान, मिसर बंसरियार, झरना मन्ना, बैजयंती बारी, अर्जुन प्रधान, अजित प्रधान आदि शामिल रहे।

### मोदी ने 10 वर्ष में जमशेदपुर को कुछ नहीं दिया : समीर मोहंती

**डुमरिया।** जमशेदपुर से इंडी गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी समीर मोहंती ने मंगलवार को डुमरिया प्रखंड का दौरा किया। समीर मोहंती ने खैरबनी, काश्मार, भागाबांदी, कुमड़ाशोल आदि गांवों में नुक्कड़ सभा कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 19 मई को पीएम घाटशिला आये थे, लेकिन उन्होंने जमशेदपुर क्षेत्र के लिए कुछ नहीं कहा। इस क्षेत्र के माइंस और कारखाने बंद हैं, उनको चालू करने को लेकर कोई घोषणा नहीं की। इससे इस क्षेत्र के लोगों को बहुत निराशा हुई।
समीर मोहंती ने कहा पीएम के आने और माइंस खुलने को लेकर कुछ नही कहने से इनका वोटिंग नेगेटिव में चला गया है। सांसद विद्युत वरण महतो पर कटाक्ष करते हुए कहा जमशेदपुर जैसे क्षेत्र में एक एम्स जैसे अस्पताल खुलवाने के लिए कुछ नहीं कर सके।

### मानगो में पुराने विवाद में पड़ोसियों के बीच तलवारबाजी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो थाना अन्तर्गत दाईगुट्टू में पुराने विवाद को लेकर मारपीट शुरू हो गई। मामले इतना बढ़ गया कि दोनो पक्षों के बीच तलवारबाजी भी हुई। इस घटना में दोनो पक्षों के लोग घायल हुए है। सभी घायलों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में एक पक्ष से शिवजी शुक्ला और रामजी शुक्ला जबकि दूसरे पक्ष से अभिषेक और अंकित शामिल है। शिवजी शुक्ला की स्थिति को देखते हुए उन्हें टीएमएच रेफर कर दिया गया जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। शिवजी के सिर पर धारदार हथियार से हमला किया गया है।जानकारी देते हुए थाना प्रभारी निरंजन कुमार ने बताया कि दोनो परिवारों के बीच पूर्व से रास्ते को लेकर विवाद चला आ रहा था। इसी बीच मंगलवार को सुबह दोनो पक्ष आपस में भिड़ गए जिसमे दोनो पक्षों के लोग घायल हो गए।

## अरका जैन यूनिवर्सिटी में आंधी-तूफान से नुकसान का हुआ सर्वे

# 38 सोलर पैनल हुए थे क्षतिग्रस्त



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

पिछले दिनों मौसम की बेरुखी ने गम्हरिया स्थित अरका जैन यूनिवर्सिटी में तबाही मचा दी थी। तेज आंधी-तूफान के कारण यूनिवर्सिटी में लगा सोलर पैनल प्लांट क्षतिग्रस्त हो गया था। इसका संबंधित विभाग की ओर से सर्वे किया गया। यूनिवर्सिटी की ओर से बताया गया है कि पिछले 11 मई को आये आंधी-तूफान से काफी नुकसान हुआ था। विश्वविद्यालय परिसर स्थित बोधायन भवन में स्थापित सोलर पैनल प्लांट नींव व संरचना सहित उखड़ कर दूर जा गिरा था। घटना के वक्त हवा की रफ्तार करीब 50-60 किलोमीटर प्रति घंटा रही होगी। घटना के दिन शाम करीब 4 बजे से हवा का वेग बढ़ने लगा। विद्यार्थी तब तक घर लौट चुके थे। विश्वविद्यालय के अधिकारी, कुछ शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे। आंधी-तूफान की वजह से सभी अपने-अपने कार्यालय कक्ष में थे। शाम करीब 4 :10 बजे आंधी चरम पर थी। उसी दौरान बोधायन भवन की छत से पूरी नींव व संरचना के साथ सोलर पैनल उखड़ कर नीचे जा गिरा। विश्वविद्यालय प्रबंधन को शुरूआत में 30 सोलर पैनल को क्षतिग्रस्त हुआ पाया गया, बाद में गहन पड़ताल में देखा गया तो कुल38 सोलर पैनल क्षतिग्रस्त हो चुके थे। विश्वविद्यालय की ओर से उसे पुनः दुरुस्त कर स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

### महिला कॉलेज के वज्रगृह का डीसी ने किया निरीक्षण

**चाईबासा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी के द्वारा उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा की उपस्थिति में महिला कॉलेज चाईबासा वज्रगृह का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त के द्वारा वज्रगृह एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण के क्रम में संलग्न पदाधिकारी को सभी मूलभूत कार्यों यथा? स्थल मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, बैरिकेडिंग, अग्नि सुरक्षा, समेत अन्य बिंदुओं को लेकर दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होंने पार्किंग की भी व्यवस्था को सुनियोजित रूप से करने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना के पूर्व आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा पेयजल, शौचालय जैसे मूलभूत सुविधाएं व मतगणना से जुड़े कर्मियों की सुविधा को लेकर किये जानेवाले कार्यों को ससमय पूर्ण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया।

## आसनसोल में हुई बिरनी के युवक की मौत

**राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता**
**बिरनी गिरीडीह**



फाइल फोटो

**दो साल पूर्व हुई थी युवक की शादी**

बिरनी थाना के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के कारूपहाड़ गांव के रहने वाले युवक का बंगाल के आसनसोल सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बता दें कि मृत युवक की पहचान कारूपहाड़ गांव निवासी मुस्तकीम अन्सारी के 24 वर्षीय पुत्र असलम अन्सारी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि वे आसनसोल में ट्रक चालक के रूप में काम कर रहे थे। रात को ट्रक से नीचे उतरकर शौच के लिए सड़क पार कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया। युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना आसनसोल पुलिस को दिया गया। आसनसोल पुलिस द्वारा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुँचकर शव को कब्जे में लेकर परिवार वालो को सूचना दिया गया। सूचना मिलने के बाद परिवार वालो का रो रोकर बुरा हाल है। यूवक के शव को लाने के लिए परिवार वाले आसनसोल रवाना हो गए हैं। खबर लिखे जानें तक मृत युवक का शव नहीं पहुचा था।

### बच्चों ने खेल-खेल में सीखे शारीरिक व मानसिक फिटनेस के गुर

**बोकारो।** गर्मी की छुट्टियों में समय का सदुपयोग करते हुए विद्यार्थियों के समग्र विकास के उद्देश्य से डीपीएस बोकारो में समर कैंप का आयोजन हुआ। 12 मई से शुरू दस दिवसीय समर कैंप का मंगलवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। शिविर में स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों के साथ-साथ शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनाने के कई गुर सीखे। स्कूल के प्राइमरी व सीनियर सेक्शन के विद्यार्थियों को प्रतिदिन सुबह 6 से 7:30 बजे तक एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, फुटबॉल, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, क्रिकेट, एरोबिक्स समेत अन्य खेलों का अभ्यास कराया गया।

## विद्युत महतो लगाएंगे जीत की हैट्रिक : धरमलाल कौशिक

▷ **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया**

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं. अब तक भाजपा अपने कार्यों और नीति से जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरी है और अपने कई वादों को पूरा किया है. कांग्रेस ने आधी सदी से अधिक समय तक गरीबी हटाओ का नारा दिया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया। इसने देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। नरेंद्र मोदी के प्रति जनता की आस्था पिछले दस वर्षों में गहरी हुई है और आज देश को नरेंद्र मोदी की जरूरत है। उक्त बातें छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा के विधायक धरमलाल कौशिक ने कही। वे मंगलवार को साकची स्थित भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रधान कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, जमशेदपुर लोकसभा मीडिया प्रबंधन विभाग के अनिल मोदी एवं प्रेम झा उपस्थित थे।छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की उपलब्धि एवं सांसद विद्युत वरण महतो के कार्यों और उनके प्रयासों से जमशेदपुर लोकसभा सीट पर भाजपा की प्रचंड जीत होगी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र को साकार करते हुए समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचायी है। इसके साथ ही, सरकार सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं सभी वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। सांसद विद्युत महतो के कार्यो की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि श्री महतो के 10 वर्ष के कार्यकाल में 1 रुपया का आरोप उन पर नहीं लगा है। वहीं, इंडी गठबंधन के प्रत्याशी टेंडर मैनेज करते देखे जाते हैं। झारखंड में खनिज संपदाओं के अवैध खनन में जमशेदपुर के विधायकों का संरक्षण माफियाओं को मिलता है, जिससे माफियाओं और खास गिरोह ने साढ़े चार साल में झारखंड को लूट-लूटकर खोखला कर दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में माफियाओं की सरकार चल रही है।

## पुलिस ने 5.58 करोड़ का डोडा व 6 लाख नकद बरामद किया



**चाईबासा।** पुलिस ने 5.58 करोड़ रूपया का डोडा बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने मंगलवार को जानकारी दी। बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक अवैध डोडा लदा वाहन चक्रधरपुर से चाईबासा की ओर आ रहा है। जिसके बाद पुलिस की टीम ने छापेमारी दल द्वारा चेक नाका लगाया गया। इसी दौरान पुलिस को देखकर एक कंटेनर वाहन पुलिस दल को देखकर चेक नाका से कुछ दूरी पर रूक गया। वाहन चालक व सहायक अंधेरे का फायदा उठाकर गाड़ी छोड़कर भागने लगे। सशस्त्र बलों के सहयोग से दोनों को अंधेरे में ढूढ़ने का प्रयास किया गया। लेकिन दोनों जंगल और अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। वाहन की जांच के दौरान 40 प्लास्टिक के बोरा में चावल का मूढी और 186 प्लास्टिक के बोरा में डोडा भरा हुआ पाया गया। जिसका वजन करने पर कुल वजन 3723 किलो ग्राम पाया गया। बरामद डोडा का अनुमानित मूल्य 5.58 करोड़ आंका गया। साथ ही वाहन से छह लाख रूपया नकद भी बरामद हुआ।

## राशन दुकानदार पर अभद्रता का आरोप महिला कर्मियों ने किया हंगामा

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के साकची बाजार स्थित एक राशन दुकान की महिला कर्मियों ने दुकान संचालक सोहन सिंह पर अभद्रता करने और शारीरिक शोषण के प्रयास करने का आरोप लगाते हुए दुकान के बाहर जमकर हंगामा किया। इस दौरान सोहन सिंह ने महिला कर्मियों के साथ गाली-गलौज की और दुकान बंद कर मौके से फरार हो गए। महिला कर्मचारी दुकान के बाहर ही धूप में खड़ी रही और इंसाफ की मांग करने लगी। महिला कर्मियों ने साकची थाना पहुंचकर लिखित शिकायत भी की है।महिला कर्मियों ने बताया कि सोहन सिंह अपनी दुकान में सिर्फ महिलाओं को ही काम पर रखता है। इस दौरान वह कर्मियों को अकेले में बुलाता है और यौन शोषण का प्रयास करता है। जो महिलाएं इसका विरोध करती है उनपर दुकान में चोरी का आरोप लगाकर उसे निकाल देता है। बीते दिनों उसने एक महिला कर्मी के साथ ऐसा ही किया।

## संदिग्ध अवस्था में पकड़ाए युवक और युवती, ग्रामीणों ने कराई शादी



**दोनों पक्षों में नोंकझोंक**

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गावां प्रखंड के डडकोल में युवक और युवती को आपत्तिजनक स्थिति में देखने के बाद ग्रामीणों द्वारा बगल के मंदिर में दोनों की शादी करा देने का मामला सामने आया है। दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं। बाद में युवक के पिता ने स्थल पर हंगामा करते हुए युवती को घर ले जाने से इनकार कर दिया। इस दौरान युवक और युवती दोनों पक्षों के बीच नोंकझोंक होने लगी। मामले की सूचना के बाद मुखिया प्रतिनिधि निरंजन सिंह ने गावां पुलिस को इसकी सूचना दी।

**एक ही गांव के हैं दोनों**

सूचना पर गावां पुलिस मौके पर पहुंची और युवक और युवती के परिजनों को थाना में उपस्थित होने का निर्देश दिया। पुलिस युवक को अपने साथ ले गई, जबकि युवती अपनी परिजनों के साथ थाना पहुंची। मामले में थाना प्रभारी महेश चंद्र ने कहा कि युवक और युवती के परिजनों को थाना बुलाया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। घाटशिला**

लोकसभा चुनाव के द्वारा मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर पिछले डेढ़ माह से चल रहे स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का समापन मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में एसडीओ सचिदानंद महतो मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान जेएसएलपीएस के महिलाओं द्वारा मतदाता को जागरुक करने को लेकर एक हांडी में मतदान को लेकर कई बातों को दशार्या गया था। इस दौरान 25 मई को होने वाले मतदान की जानकारी भी दी गई थी। एसडीओ सचिदानंद महतो ने कहा कि पिछले कई बार के चुनाव में घाटशिला क्षेत्र में मतदान के प्रतिशत काफी कम था। मतदाता को जागरुक करने के उद्देश्य से पिछले डेढ़ माह से विभिन्न प्रकार का कार्यक्रम स्वीप के तहत संचाचित किया जा रहा था। यह कार्यक्रम गांव से लेकर शहर तक हर गली मुहल्ले में संचालित किया गया। जिसमें जेएसएलपीएस की महिलाओ की भूमिका काफी सराहणीय रही। बीडीओ युनिका शर्मा ने कहा कि 25 मई को होने वाले मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए यह अभियान चल रहा था। अभियान के दौरान महिलाओ ने सुंदर रंगोली बनाई, जिसकी काफी प्रशंसा भी मिली। अब लोगों को 25 मई को घर से निकलवाकर हर हाल में बुथ में ले जाकर मतदान कराना सभी की जिम्मेवारी होगी। क्योकि आपके एक वोट से फर्क पड़ता है को लोगों को समझना होगा, तभी अभियान की सफलता में हम चार चांद लगा सकते है।

## न्यूज | बॉक्स

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुण्यतिथि पर राजीव गांधी को किया याद



**डुमरी।** डुमरी प्रखंड कांग्रेस कमिटी ने मंगलवार को निमियाघाट चौक में भारत रत्न, आधुनिक युग निमार्ता भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनायी। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पण करके अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया साथ ही उनके द्वारा किये गए कार्यों को याद कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।इस दौरान कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर मण्डल अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रमजान अंसारी,युवा कांग्रेस अध्यक्ष कपिल ठाकुर युवा कांग्रेस जिला सचिव सरफराज अहमद गुड्डु प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी सचिव विनोद कुमार, अब्दुल अंसारी,मुमताज अंसारी आदि उपस्थित थे।

### ओडिशा से जराईकेला होते हुए सारंडा के रास्ते गांजा की तस्करी शुरू

**किरीबुरु।** मध्यप्रदेश व ओडिशा के गांजा माफिया झारखंड के जराईकेला थाना क्षेत्र होते सारंडा के रास्ते छोटे वाहनों से गांजा की तस्करी निरंतर कर रहे हैं। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार ये गांजा तस्कर ओडिशा के बिसरा थाना क्षेत्र से झारखण्ड के जराईकेला थाना क्षेत्र की सीमा में छोटे वाहन कार आदि में गांजा भरकर प्रवेश करते हैं। उसके बाद वह जराईकेला से मुख्य सड़क या अन्य ग्रामीण सड़क का इस्तेमाल कर मनोहरपुर आते हैं।

### लोकसभा चुनाव में झारखंडी को जिताएं मतदाता : ललित महतो

**चांडिल ।** आजसू के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष ललित महतो ने कहा कि लोक सभा चुनाव में स्थानीय (खतियांधारी/झारखंडी) प्रत्याशी के पक्ष में ही मतदान करें, चाहे प्रत्याशी किसी भी दल या किसी भी गठबंधन का हो। उन्होंने मतदाताओं से जाति-धर्म और पार्टी से ऊपर माटी की रक्षा के लिए एकजुट रहते हुए धरती पुत्र-पुत्री के पक्ष में ही मतदान करने का अपील किया। वे मंगलवार को चांडिल डैम में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मतदाता किसी को जीताएं, लेकिन ध्यान रखे कि जीतने वाला झारखंड के बाहर का नहीं बल्कि राज्य का खतियानधारी निवासी है। दूसरे प्रदेशों के लोगों से राज्य का विकास करने की कल्पना नहीं की जा सकती है। लोगों को अपनी पहचान और अस्मिता बचाए रखने के लिए अब सुनहरा मौका मिला है। इसका लाभ उठाना चाहिए। इसके पूर्व झारखंड नव निर्माण समिति के चांडिल अनुमंडल संयोजक अवधेश मुर्मू की अध्यक्षता में बैठक हुई। मौके पर राज्य के विकास में योगदान विषय को लेकर चर्चा किया गया। वहीं लोकसभा चुनाव को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

### पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव ने कराईकेला उप स्वास्थ्य केंद्र का लिया जायजा



**चक्रधरपुर।** कराइकेला स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में जरूरत की दवाएं नहीं होने व अन्य समस्याओं के रहने को लेकर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत के जाने पर मंगलवार को पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ।विजय सिंह गागराई ने उप स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लिया।जहां उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र में कई खामियां पाई। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि बंदगांव घाटी नीचे छह पंचायत कराईकेला, नकटी, हुडंगदा, भालुपानी, ओटार एवं लान्डुपदा पंचायत के पचास हजार की आबादी में इस अस्पताल में डॉक्टर नहीं है। सिर्फ यहां शुक्रवार को ही कुछ देर के लिये एक डॉक्टर आते हैं। छह दिन कोई इलाज ही नहीं होता है। इससे यहां के लोगों को चिकित्सा सुविधा के लिए अनुमंडल अस्पताल चक्रधरपुर जाना पड़ता है । जिससे लोगों को समय के साथ-साथ पैसे की भी खर्च होते हैं।

### कथारा में आलमारी व बक्से की कुंडी तोड़ नकद सहित लाखों के आभूषण की चोरी

**बोकारो।** कथारा ओपी क्षेत्र की कथारा चार नंबर कॉलोनी में चोरों के आतंक से कॉलोनी वासी दहशत हैं. सोमवार की दोपहर चोरों ने कॉलोनी में रहने वाले भोला चौहान के आवास में घुसकर अलमीरा व बक्सा की कुंडी तोड़कर नकद रुपए सहित लाखों रुपए के जेवरात की चोरी कर ली। घटना के समय घर के दो छोटे बच्चे दूसरे कमरे में सो रहे थे, जबकि घर की महिलाएं बैंकिंग कार्य से कथारा मोड़ गई हुई थीं। पिछले 10 दिनों में चोरी की यह तीसरी वारदात है। पीड़िता सुमंती कुमारी ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे वह अपनी जेठानी के साथ बैंक के कार्य से कथारा मुख्य चौक गई हुई थी।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मनाई गई पुण्यतिथि



**नवीन मेल संवाददाता। घाटशिला**

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व। राजीव गांधी की पुण्य तिथि मंगलवार को बहरागोड़ा विधानसभा प्रभारी तापस चटर्जी के नेतृत्व में घाटशिला रेलवे स्टेशन के समीप मनाई गई। उनके समर्थकों ने बारी-बारी से स्व। राजीव गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 33 वर्ष पहले राजीव गांधी शहीद हुए थे। उनका राजनीतिक जीवन बहुत छोटा लेकिन बेहद प्रभावशाली था। उन्होंने अपने पीछे अनगिनत विरासतें छोड़ीं जिसे अब हम हल्के में लेते हैं। जैसे 18 वर्ष के युवाओं को वोट देने का अधिकार, पंचायतों और नगर पालिकाओं का संवैधानिक सशक्तीकरण, कंप्यूटर और टेलीकॉम युग में एक प्रमुख शक्ति के रूप में प्रवेश, सामाजिक चिंताओं और चुनौतियों का समाधान करने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी का उपयोग, भारत के अंतरिक्ष और परमाणु कार्यक्रमों को मजबूत बनाने जैसे कदम शामिल हैं। उन्होंने असम, मिजोरम, त्रिपुरा और पंजाब में शांति स्थापना के लिए किए गए उनके प्रयासों का भी उल्लेख किया। ज्ञात हो कि स्व। राजीव गांधी की मौत तमिलनाडु में प्रचार के दौरान 1991 में एक बम विस्फोट में हुई थी। 33 वर्ष पहले 21 मई को तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में उनकी हत्या की गई थी। आतंकी संगठन लिट्टे की एक महिला ने राजीव गांधी की हत्या की थी।

## प्रजापति कुम्हार महासंघ के सदस्यों ने चंद्र प्रकाश चौधरी को अपना समर्थन देने की घोषणा की






**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी**

झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ से जुड़े सदस्यों की एक बैठक मंगलवार को इसरी बाजार स्थित मथुरासिनी भवन में हुई जिसकी अध्यक्षता महासंघ के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह आजसू के केन्द्रीय सदस्य कुंजलाल प्रजापति ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सह गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी उपस्थित हुए जिनका स्वागत महासंघ के लोगों ने फुल माला पहना कर एवं बुके देकर किया।बैठक की शुरूआत सांसद द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।बैठक में उपस्थित महासंघ के सदस्यों को सांसद ने अपने संसदीय क्षेत्र में किये गए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए लोकसभा चुनाव में अपने पक्ष में समर्थन करने की अपील करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए आप सबों का समर्थन बहुत आवश्यक है।इस दौरान महासंघ ने सर्वसम्मति से एनडीए प्रत्याशी सीपी चौधरी को पूर्ण समर्थन करने का घोषणा किया। बैठक में प्रवक्ता परमानंद प्रजापति, फुलचंद प्रजापति,संतोष चौधरी, निरजा प्रजापति, उषा देवी, लक्ष्मण प्रजापति, जमुना प्रजापति, सुरेश प्रजापति, मीना देवी, धनकी देवी, मोहनी देवी, ईश्वर प्रजापति, मेघवाल प्रजापति, सुभाष पंडित, टेकलाल पंडित, अनिल कुमार, लखन पंडित, आरती देवी, पुष्पा कुमारी, ललीता देवी,रूक्मिणी देवी, सारा देवी, हेमिया देवी, महादेव पंडित, लालमणि पंडित, सचिन पंडित, प्रदुम्न पंडित,किसुन पंडित, धानू पंडित आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।


**कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, राँची**
**अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग**
(ब्लॉक–A, कमरा संख्या–112, ईमेल: dwo-ranchi@jharkhandmail.gov.in, फोन: 0651&2213348)

**नामांकन संबंधी सूचना**

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा राँची जिलान्तर्गत संचालित राजकीय पिछड़ी जाति आवासीय बालिका +2 उच्च विद्यालय, जेल रोड, राँची में शैक्षणिक सत्र 2024–26 हेतु कक्षा 11वीं में विज्ञान एवं कला संकाय में रिक्ति के विरूद्ध नामांकन हेतु राज्य सरकार द्वारा संचालित किसी भी सरकारी विद्यालय में 75% से अधिक अंकों के साथ उतीर्ण पिछड़ी जाति की वैसी छात्राएँ जो अन्य अहर्ताएँ भी पूरा करती हो, से दिनांक 28–05–2024 के अपराह्न 02.00 बजे तक आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्राप्त आवेदनों की मेधा–सूची दिनांक 31–05–2024 तक तैयार की जायेगी एवं मेधा–सूची विद्यालय के सूचना पट्ट पर प्रकाशित की जायेगी। जिसके आधार पर दिनांक 05–06–2024 से 10–06–2024 के बीच नामांकन लिया जायेगा।
आवेदन–पत्र राजकीय पिछड़ी जाति आवासीय बालिका +2 उच्च विद्यालय, जेल रोड, राँची से प्राप्त एवं जमा किया जायेगा।

रिक्तियों की विवरणी :–
विज्ञान संकाय– 29
कला संकाय– 10

आवेदन–पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है :–
1 वर्ग 10वीं उतीर्ण का अंक पत्र की छायाप्रति।
2 प्रवेश पत्र की छायाप्रति।
3 जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
4 आवासीय प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
5 गरीबी रेखा से नीचे का आय प्रमाण पत्र/ बी0 पी0 एल0 प्रमाण पत्र संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/ अंचल अधिकारी द्वारा प्रति–हस्ताक्षरित की छायाप्रति।
6 विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
7 आचरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति।

ह0/–
परियोजना निदेशक,
समेकित जनजाति विकास अभिकरण, राँची।

PR.NO.325007 Welfare(24-25):D

**सुप्रभात**

**अगर संघर्ष न रहें, किसी भी भय का सामना न करना पड़े, तब जीवन का आधा स्वाद ही समाप्त हो जाता है : सुभाष चंद्र बोस**

# चुनाव में मतदाताओं की शांति का अर्थ

***विपक्षी*** पार्टियां भाजपा के बारे में तो बता रही हैं कि उन्हें बहुमत से कम सीटें मिलेंगी, लेकिन उन्हें कितनी सीटें मिलेंगी, यह कोई नहीं बता रहा। सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस को ही लीजिए। उसका वोट प्रतिशत और सीट अचानक किस आधार पर इतना बढ़ जाएगा कि वह भाजपा के निकट पहुंच जाएगी? दक्षिण के तीन राज्यों- केरल, तेलंगाना और कर्नाटक में उसे कितनी सीटें मिल सकती हैं, जिससे यह मान लिया जाए कि कांग्रेस 150 या उससे ज्यादा स्थान प्राप्त कर लेगी? विपक्षी पार्टियां भाजपा के बारे में तो बता रही हैं कि उन्हें बहुमत से कम सीटें मिलेंगी, लेकिन उन्हें कितनी सीटें मिलेंगी, वे यह नहीं बता पा रहीं। चुनाव के दौरान पक्ष और विपक्ष द्वारा विजय एवं सीटों के आंकड़ों को लेकर अपने-अपने दावे करना अस्वाभाविक नहीं है। ऐसा ही इस चुनाव के दौरान भी हो रहा है। अब जबकि मतदान धीरे-धीरे समाप्ति की ओर है, हमारे सामने अलग-अलग दावे आ गए हैं। मसलन, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में 'इंडिया' गठबंधन को 79 सीटें प्राप्त हो रही हैं। राहुल गांधी कह रहे हैं कि चार जून के बाद नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे और भाजपा की सीटें डेढ़ सौ तक सिमट जाएंगी। ममता बनर्जी ने भाजपा को 200 से 220 सीटों तक सिमटा दिया है। अरविंद केजरीवाल कह रहे हैं कि भाजपा की सीटें उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, हरियाणा, गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, महाराष्ट्र, झारखंड सब जगह घट रही हैं। क्या वाकई अब तक के मतदान, माहौल, आदि को आधार बनाकर ऐसा निष्कर्ष निकाला जा सकता है? आज ऐसा क्या हो गया है कि लोग भाजपा को छोड़कर उसकी जगह सपा और कांग्रेस के गठबंधन को वोट देंगे? इस समय उत्तर प्रदेश में कांग्रेस प्रभावहीन पार्टी है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में योगी आदित्यनाथ का नेतृत्व, हिंदुत्व, कानून-व्यवस्था, विकास, समाज के निचले तबके तक कल्याण कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाना आदि भाजपा की जीत के प्रमुख कारण रहे हैं, जो आज भी विद्यमान हैं। माफियाओं की मृत्यु पर सपा का जो रवैया रहा, उससे जनता के बड़े वर्ग को लगा कि योगी आदित्यनाथ ही अपराधियों, माफियाओं और गुंडों के विरुद्ध कार्रवाई कर सकते हैं, सपा या अन्य दल नहीं। अगर इसी पहलू को राष्ट्रीय स्तर पर देखें, तो प्रश्न यही उठेगा कि जिन कारणों और सामूहिक मनोविज्ञान के तहत लोगों ने 2014 में स्थापित राजनीतिक शक्तियों को उखाड़कर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को बहुमत दिया, क्या वे कारण खत्म हो गए? वर्ष 2014 में भाजपा को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता का नकारात्मक एवं सकारात्मक, दोनों प्रकार का मत मिला था। तत्कालीन केंद्रीय शासन और राज्यों की पार्टियों, नेताओं की राजनीति और सत्ता के विरुद्ध लोगों का विद्रोह था, तो मोदी एवं भाजपा को व्यापक समर्थन। यूपीए सरकार के निराशाजनक प्रदर्शनों आदि के साथ हिंदुत्व अभिप्रेरित राष्ट्रीय चेतना तथा एक नेता के रूप में नरेंद्र मोदी का गुजरात में प्रदर्शन और उनका व्यक्तित्व लोगों के लिए आकर्षण का कारण बना। वर्ष 2019 में भाजपा को और ज्यादा सीटें मिलीं। अब भी ये सारे कारण खत्म नहीं हुए हैं। बेशक एक-दो राज्यों में भाजपा का प्रदर्शन कमजोर हो सकता है, किंतु कुछ राज्यों- पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तेलंगाना में उसका प्रदर्शन बेहतर होने की संभावनाएं हैं। विपक्षी पार्टियां भाजपा के बारे में तो बता रही हैं कि उन्हें बहुमत से कम सीटें मिलेंगी, लेकिन उन्हें कितनी सीटें मिलेंगी, यह कोई नहीं बता रहा। सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस को ही लीजिए। उसका वोट प्रतिशत और सीट अचानक किस आधार पर इतना बढ़ जाएगा कि वह भाजपा के निकट पहुंच जाएगी? दक्षिण के तीन राज्यों- केरल, तेलंगाना और कर्नाटक में उसे कितनी सीटें मिल सकती हैं, जिससे यह मान लिया जाए कि कांग्रेस 150 या उससे ज्यादा स्थान प्राप्त कर लेगी? कर्नाटक में भाजपा अब भी एक बड़ी शक्ति है। इसलिए नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को पूरी तरह पराजित करना कांग्रेस के लिए संभव नहीं दिखता। दिल्ली में विधानसभा चुनाव में जबर्दस्त प्रदर्शन करने के बावजूद आप लोकसभा चुनाव कभी भाजपा के आसपास नहीं पहुंच सकी। कांग्रेस और आप, दोनों के पिछले चुनाव के मत प्रतिशत मिला दिए जाएं, तब भी भाजपा को मिले 56.86 प्रतिशत से काफी कम है।

इन दिनों

# शेयर मार्केट से मोदी सरकार की वापसी के संकेत





शशांक भारद्वाज

***पिछले*** सप्ताह भारतीय शेयर मार्केट पुनः तेजी के मार्ग पर लौट आए तथा निफ्टी में 447 अंकों की बढ़त रही। लोकसभा चुनावों के मध्य यह तेजी एक निर्णायक संकेत भी हो सकती है। सबसे महत्वपूर्ण उन शेयरों तथा क्षेत्र विशेष में तेजी रही जिनके बारे के अवधारणा है कि ये शेयर मोदी सरकार की वापसी पर बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। रक्षा, रेलवे, सरकारी बैंक,अदानी समूह आदि के शेयर इस श्रेणी के माने जाते हैं तथा इनमे बहुत अच्छी तेजी देखी गई। लोकसभा चुनाव के चार चरण संपन्न हो चुके हैं। इसके बाद पिछले सप्ताह जो अच्छी तेजी आई ,वो शेयर मार्केट के बड़े खिलाड़ियों का मोदी सरकार की वापसी को ले कर और अधिक आश्वस्त होने का संकेत दे रही है। जैसे जैसे अन्य चरण संपन्न होते जायेंगे तथा यह अवधारणा शक्तिशाली होती जायेगी, मार्केट में बड़ी तेजी संभव है, नई सार्वकालिक ऊंचाई भी बन सकती है। पिछले सप्ताह के पूर्व के सप्ताह में जो बड़ी गिरावट तथा एफआईआई की बिक्री देखी गई थी, वो अत्यंत आश्चर्यजनक थी। यूएस मार्केट 7 दिन लगातार तेज, नई सार्वकालिक ऊंचाई की ओर, पिछले सप्ताह डाउ ने बनाई भी, अन्य प्रमुख विदेशी मार्केट भी अच्छे, क्रूड में अच्छी गिरावट, आर्थिक आंकड़े अच्छे आदि आदि फिर भी भारतीय शेयर मार्केट में गिरावट थी। एफआईआई आक्रामक बिकवाल थे। उनकी ये बिकवाली भी आश्चर्यजनक तथा रहस्यमय थी। परंतु गिरावट का यह क्रम बदला,भारतीय घरेलू संस्थानों ने प्रभावी खरीद से मंदी समाप्त हुई। पिछले सप्ताह के आरंभ में एफआईआई बिकवाल ही थे परंतु डीआईआई ने उनके सामने अच्छी खरीद की। गुरुवार को तो उन्होंने एफआईआई के नकद संभाग में 2823 करोड़ रुपए की बिक्री से अधिक 3788 करोड़ रूपए के शेयर क्रय किए। इस दिन निफ्टी 203 अंक चढ़ा। यह डीआईआई की एफआईआई पर एक अच्छी जीत थी। इसने मार्केट का मनोभाव बदला तथा इस तेजी का विस्तार शुक्रवार को भी निफ्टी में 66 अंकों की तेजी के साथ हुआ । यहां तक की शनिवार को भी विशेष सत्र में निफ्टी गुरुवार को तो निफ्टी 36 अंक चढ़ा। गुरुवार को निफ्टी अपने निचले स्तर 22054 से 350 अंक चढ़ा। शुक्रवार को तो एफआईआई भी खरीदने के लिए विवश हो खरीदार हो गए तथा उन्होंने नकद संभाग में 1616.79 करोड़ के शेयर क्रय किए। एफआईआई ने ग्यारह दिन लगातार बिकवाली के पश्चात ये खरीदारी की।चूंकि पिछले कुछ दिनों से एफआईआई स्टॉक फ्यूचर में भी बड़े बिकवाल थे, तो इन्हे तेजी आने पर वो शॉर्ट भी काटने पड़े। कभी भारत के शेयर मार्केट में एफआईआई का एकाधिकार कहा जाता था। अब वैसी स्थिति नहीं है। वो प्रभावित करते अवश्य हैं परंतु उनके ही मन की अब नही चलती है। इस बार की बिकवाली भी उन्होंने निफ्टी 22500 से 22600 के स्तरों से प्रारंभ की थी, बहुत आक्रामक बड़ी बिकवाली थी, निफ्टी 22000 के निकट गिर कर आया भी परंतु फिर चढ़ 22500 हो गया।घरेलू निवेशक भी अब शक्तिशाली हुए हैं। आंकड़े आए हैं कि भारतीय शेयरों में डीआईआई का निवेश अब विदेशी निवेशकों से अधिक हो गया है। निफ्टी के शेयरों में एफआईआई की तुलना में डीआईआई का निवेश अधिक होता जा रहा है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भारतीय शेयर मार्केट में विक्रेता बने हुए हैं। उन्होंने मई माह में अभी तक 28200 करोड़ रुपए के शेयर बेचे हैं। पिछले तीन दिनों की दिशा, स्थिति से लग रहा कि उनकी यह बहुत बड़ी बिकवाली बहुत सीमा तक आत्मसात हो चुकी है। म्यूचुअल फंड में वित्त वर्ष 2024 के शेयरों में 1.30 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया। जिस प्रकार शेयर मार्केट का विस्तार हो रहा,अगले वर्ष यह राशि यहां से दुगनी भी हो सकती है। अप्रैल माह में एमएफ ने 20155 करोड़ रूपए का निवेश किया। चुनाव परिणाम यदि आशा अपेक्षा के अनुरूप आते हैं तो एफपीआइ भी पुनः बड़े क्रय के लिए आ सकते हैं। भारत में आर्थिक कारक तथा गतिविधियां अच्छी, उत्साहजनक बनी हुई हैं। सरकारी बैंको को पिछले वित्त वर्ष में 1.4 लाख करोड़ का शुद्ध लाभ हुआ है। यह 35 प्रतिशत की प्रभावी वृद्धि है। सरकारी बैंको की अच्छी आर्थिक स्थिति भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ही सकारात्मक है। वैश्विक वृद्धि में एशिया का प्रमुख योगदान बना रहेगा। इससे भारत को भी बड़ा लाभ होगा। अप्रैल माह में भारत के वस्तु तथा सेवा निर्यात में 6 प्रतिशत की वृद्धि रही। वर्तमान वित्त वर्ष में वस्तु निर्यात 500 अरब डॉलर का पार जाने की संभावना है। इसी वर्ष भारत के 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की बात है। अप्रैल माह में 3.35 लाख कार विक्रय का नया कीर्तिमान बना है। दो पहिए वाहनों ,घरों की बिक्री भी ऊंचाइयों पर ही है। चीन में विदेशी निवेश घट रहा जिसका लाभ भारत को मिल रहा, मिलेगा। विदेशी मुद्रा भंडार 2.56 डॉलर बढ़कर 644.15 अरब डॉलर हो गया है। विदेशों से अपने देश में धन भेजने में भारतीय सबसे ऊंचे स्थानों पर हैं। मोदी सरकार विनिर्माण को और भी बढ़ावा देने के लिए नई नीतियों पर कार्य कर रही है। कुछ अन्य क्षेत्र विशेष में एफडीआई को सरल बनाने की प्रक्रिया चल रही है।जनवरी मार्च 24 की तिमाही में प्रमुख 631 कंपनियों का लाभ 13.45 प्रतिशत बढ़ 2.6 लाख करोड़ रुपए रहा। इस आधार पर शेयर मार्केट पूंजीकरण के उचित मूल्यांकन के आधार में 7 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि हुई। विश्व के प्रमुख 20 शेयर मार्केट में 14 मार्केट कीर्तिमान ऊंचाई पर हैं। यह तेजी बनी रहने की संभावना है। अक्टूबर 2023 के बाद से अमेरिकी शेयरों का मूल्य 999.6 लाख करोड़ रुपए बढ़ गया है। विश्व के मुद्रा मार्केट कोषों के पास 500 लाख करोड़ रुपए नकद हैं। अमेरिका में ब्याज दरों में कमी के समय प्रारंभ होने की संभावना के कारण इनका बड़ा भाग शेयर मार्केट में आ सकता है। डाउ अपने इतिहास में पहली बार 40000 के ऊपर बंद हुआ है वो भी पिछले सप्ताह के अंतिम दिन। यह एक अधिक बड़ी तेजी का संकेत है। एसएंडपी का तो कीर्तिमान ऊंचाई बनाना दर्शाता है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था की कंपनियों का बड़ा भाग अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। यूएस बॉन्ड यील्ड घटकर 4.413 हुई है।डॉलर इंडेक्स नीचे हो 104.385 है। ये दोनो भी ब्याज दरों में कटौती का संकेत दे रहे हैं। यूरोप में भी मंदी समाप्ति का संकेत है। इन सभी कारणों से भारत सहित सभी प्रमुख विश्विक शेयर मार्केट ने अच्छी तेजी की संभावना है,भारत में तो विशेषकर क्योंकि यहां शेयर मार्केट में निवेश से ले कर अर्थव्यवस्था में एक बड़ा अभ्युदय हो रहा है। चूंकि भारत में लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं, इसलिए फ्यूचर के सौदे करने ही हैं तो ऑप्शन के माध्यम से करें। स्ट्रेडल बनाए, डीप इन द मनी कॉल खरीदे, ऊंची स्ट्राइक के कॉल खरीदे, बहुत नीची स्ट्राइक के पुट भी खरीद सकते हैं। उचित मूल्यांकन पर उपलब्ध शेयरों को इक्कठा करें तथा मोदी जी की जीत की प्रतीक्षा करें। एक उज्जवल भारत तथा उज्ज्वल शेयर मार्केट आपकी प्रतीक्षा कर रहे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### एक प्याला चाय

***चाय*** पीने के लिए नहीं बनाना कोई बहाना है।
लेकर एक चुस्की थकान मिटाना है।
सुबह की मिठास भरी चाय देती फुर्ती।
शाम की चाय तो मस्त होती।
गरीब और अमीर दोनों को पसंद है चाय पीना।
यह पेय पदार्थ गजब का है मनमोहना।
देखकर जी ललचाएं बिन पीएं रहा न जाएं।
लुत्फ उठाइए जीवन में लेकर चाय की चुस्की।
किसी भी जगह मिल जाती आसानी से चाय चाहत की। चाय देती है पूरे दिन ताजा रहने की एनर्जी।
पी लें एक फिर दोबारा पीएं न पीएं पीनेवाले की मर्जी। भारत में चाय से मेहमानों का होता स्वागत।
इसी का रहता डिमांड पार्टी हो या बारात।
अदरक, इलाइची, तेजपत्ते या फिर गोल मिर्च पाउडर वाली। या फिर स्पेशल मलाई वाली।
या मसालेदार चाय। सभी तरह के चायों के मिल जाएंगे शौकीन। चाय ही सबकी पहली पसंद है नौकर हो या मालकिन। समय के साथ इसके आ गए कई विकल्प। फिर भी इसका नही कोई जवाब, सबको एक घूंट की है तलब।
चाय का इतिहास आज का नहीं, बहुत पुराना है।
चाय पीने के लिए नहीं बनाना कोई बहाना है।
लेकर एक चुस्की थकान मिटाना है।
जम्मू कश्मीर के चाय बड़े मीठे और जायेकदार।
मणिपुर में चाय बेचनेवालें की भरमार।
पंजाब में चाय के और बंगाल में चाय के बाद शुरू होता कारोबार। राजस्थान में चाय सेहतमंद आहार।
उत्तरप्रदेश और दक्षिण भारत में चाय सबसे मजेदार।
दार्जिलिंग और हिमाचल के बागों के चाय का क्या कहना। चाय पीने के लिए नहीं बनाना कोई बहाना है। लेकर एक चुस्की थकान मिटाना है।
नींद सताएं तो पी लो एक प्याला।
दिल हो उदास और धधक रही जब ज्वाला।
न मिलें दिलवर और न मिलें दिलदार दिलवाला।
फिर भी भूख मिटाता है चाय संग रोटी का एक निवाला। खराब मूड हो तो चाय पीते ही माइंड फ्रेश हो जाता है। चाय पीकर नया आइडिया दिमाग में आता है। शिद्दत से अगर करो कोई काम सफलता मिल जाता है। खान लो तो प्रधानमंत्री भी बना जा सकता है। संसद से चौपाल तक हर मसला चाय पीकर शाल्व हो जाता है। रोजाना चाय पीनेवाले का वर्कस्टाइल बदल जाता है। चाय के बाद गणित का फॉर्मूला सोचिए। झट से कठिन सवाल भी बन जाता है। तो फिर चाय है न एक नं चीज।
आपका क्या कहना है। चाय पीने के लिए नहीं बनाना कोई बहाना है।
लेकर एक चुस्की थकान मिटाना है।

**- ऋतुराज वर्षा**

अर्थव्यवस्था

# वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत का रुपया क्या डॉलर का स्थान लेगा!



डॉ. मयंक चतुवेदी

***इसे*** आप काल के चक्र का प्रवाह एवं पुनर्चक्रीकरण भी मान सकते हैं कि जिस भारत का वैश्विक अर्थव्यवस्था में कभी 32 प्रतिशत का योगदान हुआ करता था, वह भारत एक बार फिर उसी दिशा में आगे बढ़ने लगा है। दुनिया के अर्थशास्त्री भारत के इस नए रूप को देख कर चमत्कृत हैं, वहीं अमेरिका को लगता है कि यदि इसी तरह से भारत आगे बढ़ता रहा तो कहीं ऐसा न हो कि डॉलर के रूप में जो विश्व में एक देश की दूसरे देश के साथ व्यापार करने की जो अनिवार्यता या आवश्यकता चली आ रही है, वह समाप्त न हो जाए। अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहे इसलिए आज वह इससे जुड़े जरूरी कदम उठा रहा है और भारत इसके लिए अपने हिस्से का दांव खेल चुका है। अभी भारत में लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है, देश के आम नागरिक अपने लिए सरकार का चुनाव कर रहे हैं।

> **अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहे इसलिए आज वह इससे जुड़े जरूरी कदम उठा रहा है और भारत इसके लिए अपने हिस्से का दांव खेल चुका है।**

ऐसे समय में सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रमुख नेताओं के साक्षात्कार लगातार मीडिया में आ रहे हैं, जिसमें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इंटरव्यू सबसे ज्यादा मीडिया में देखे जा रहे हैं, इनमें पूछे गए प्रश्नों में जब भी भारत की विदेश नीति का जिक्र हुआ है, तो प्रधानमंत्री मोदी यह साफ कहते हुए देखे-सुने जा सकते हैं कि ''भारत अपनी नीति स्वयं तय करता है, वह आज किसी भी विदेशी प्रभाव और दबाव में आकर अपने फैसले नहीं लेता। यदि हमें तेल की जरूरत है और वह रूस से सस्ता मिलता है तो भारत उसे खरीदेगा, फिर इससे अमेरिका या अन्य देश को क्या लगता है या नहीं, इससे हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। हम अपने देश की आवश्यकताओं के अनुसार ही निर्णय लेते हैं। न कि कोई देश खुश होगा या बुरा मान जाएगा, इस आधार पर।'' इसी तरह की अन्य बातें भी स्पष्ट तौर पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कही गई हैं। वस्तुतः प्रधानमंत्री मोदी जो कह रहे हैं, वह कितना सही है, इसकी भी पड़ताल आवश्यक है। आर्थिक स्तर पर जब उनकी कही बातों का अध्ययन किया जाता है तो वास्तव में वह सही साबित होती हैं। दुनिया की तमाम रेटिंग एजेंसियां आज भारत को विश्व के सभी देशों के बीच सबसे तेज दौड़ता हुआ तो देख ही रही हैं, इससे जुड़ी भविष्यवाणी भी कर रही हैं। साथ ही जो एक नया मोड़ सामने आया है, वह हर देश भक्त भारतीय को गदगद कर देता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से

Jitendra pratap singh
@jpsin1

यह कितनी भयावह तस्वीर थी जब ईरान के राष्ट्रपति ने अपने खिलाफ सोशल मीडिया पर लिखने के आरोप में एक शख्स को मौत की सजा दिया था

उस शख्स को जब क्रेन से फांसी पर लटकाया जा रहा था तब उसकी 5 साल की बेटी कैसे अपने पिता को देख रही थी

और अपनी बेटी को उदास देख उसका पिता अंतिम फलों में भी अपनी बेटी को हंस कर खुश करने की कोशिश कर रहा था

सोचिए पिता को मालूम था कि वह मरने जा रहा है फिर भी वह अपनी बेटी को हंस कर खिलखिला कर उसके चेहरे की उदासी खत्म करना चाहता था

आज दरिंदा मर गया हर दरिंदे का यही अंजाम होता है

Translate post



## X - से

ranchiupdates
Ranchi, Jharkhand




Join Ranchi Updates

2,060 likes

ranchiupdates 12 मई के अहले सुबह रांची रेलवे स्टेशन से बच्चा चोरों ने 9 महीने के शुभम कुमार को गायब कर दिया था। वह अपने माता पिता के साथ था जो दूसरे ट्रेन के इंतजार में वहीं पर सो गए थे। बच्चे के गायब होने की सूचना मिलते ही रांची रेलवे स्टेशन की पुलिस के साथ-साथ रांची पुलिस एक्टिव हो गई।

पुलिस के द्वारा त्वरित संज्ञान लेने के बाद करीब 5 दिनों की लंबी मशक्कत करते हुए पुलिस ने अपराधियों को अपने शिकंजे में ले ही लिया है। पुलिस द्वारा ग्राम मादी ब्रह्मपुर, जिला पूरी,ओड़िशा से अपहृत बच्चे को सकुशल बरामद किया गया तथा इस कांड में चोरी एवं बच्चे की खरीद-बिक्री में संलिप्त तीन महिला सहित दो पुरुष कुल 5 अपराधकर्मियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

#Ranchi #Jharkhand #News #RanchiUpdates

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# जैव विविधता पर संकट के बादल



योगेश कुमार गोयल

***जीव***-जंतु तथा पेड़-पौधे भी मनुष्यों की ही भांति ही धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन मनुष्य ने अपने निहित स्वार्थों तथा विकास के नाम पर न केवल वन्य जीवों के प्राकृतिक आवासों को बेदर्दी से उजाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है बल्कि वनस्पतियों का भी तेजी से सफाया किया है। धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इको सिस्टम भी कहा जाता है लेकिन चिंतनीय स्थिति यह है कि धरती पर अब वन्य जीवों तथा दुर्लभ वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है। वन्यजीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनियाभर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहा है। यही स्थिति वनस्पतियों के मामले में भी है। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवन में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। आज मानवीय क्रियाकलापों तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इस संबंध में 'प्रदूषण मुक्त सांसें' किताब में विस्तार से उल्लेख किया गया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। दरअसल विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बना है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे जीव-जंतु और पेड़-पौधे पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते जीव-जंतुओं के आशियाने लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं। हालांकि जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों की विविधता से ही पृथ्वी का प्राकृतिक सौन्दर्य है, इसलिए भी लुप्तप्रायः पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी पर मौजूद जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए तथा जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों में जागरुकता और समझ बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है। 20 दिसम्बर, 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रस्ताव पारित करके इसे मनाने की शुरूआत की गई थी। इस प्रस्ताव पर 193 देशों द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## बोधि वृक्ष

# प्रेम मंदिर वृंदावन

प्रेम मंदिर में शाम के 4:30 बजे से 5:30 बजे के बीच आरती और दर्शन होते है। शाम 5:30 बजे से 8:00 बजे के बीच प्रेम मंदिर भोग के लिए फिर से द्वार बंद कर दिए जाते है।

रात 8:00 बजे से 8:30 बजे में शयन आरती और दर्शन होते है और फिर मंदिर का दरबाजे बंद कर दिए जाते है।

**5. प्रेम मंदिर मथुरा में मनाये जाने वाले उत्सव**

मथुरा के प्रेम मंदिर हर साल जन्माष्टमी और राधाष्टमी त्योहारों को बड़े ही उत्साह और धूम-धाम के साथ मनाता है। इस खास मौके पर देश के विभिन्न शहरों से भक्त मंदिर के दर्शन करने के लिए आते हैं और मंदिर में होने वाले इन पवित्र समारोह में भाग लेते हैं।

**6. प्रेम मंदिर मथुरा के दर्शन करने का सबसे अच्छा समय प्रेम मंदिर मथुरा के दर्शन करने का सबसे**



**अच्छा समय** : अगर आप प्रेम मंदिर जाने के अच्छे समय के बारे में जानना चाहते हैं तो बता दें कि प्रेम मंदिर जाने का सबसे अच्छा समय नवंबर और मार्च के बीच होता है। इन महीनों में सर्दियों का मौसम होता है। प्रेम मंदिर की यात्रा फरवरी / मार्च के समय भी की जा सकती है क्योंकि यह अपने होली समारोह के लिए भी प्रसिद्ध है। **(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# जियो के ग्राहक हैं तो ऐसे उठाएं फ्री डाटा का मजा




***बता*** दें कि यह प्लान 365 दिनों यानी की 1 साल के लिए मान्य है। ऊपर दिए गए जो भी प्लान में हम OTT की बात कर रहे हैं, तो बता दें कि इन प्लान्स में जो भी OTT की बात की गई उनमें आपको सोनी लिव, 5G, जियो सिनेमा प्रीमियम ,डिज्नी+ हॉटस्टार, सोनी लिव, चौपाल ,एपिकऑन, सननेक्सट, होइचोई, जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म शामिल है। इसके अलावा अगर 1198 रुपए वाला प्लान की बात करें तो आपको लगेगा कि इसमें भी ओटीटी प्लेटफॉर्म में तो बता दे कि इसमें कुछ महंगे ओटीटी प्लेटफॉर्म को शामिल किया गया जिसमें आपको प्राइम वीडियो का आनंद देखने को मिलेगा तो वही डिज्नी + हॉटस्टार और सोनीलिव जैसे चैनल को इस प्लान के साथ शामिल किया गया है। यहां पर आप जियो सिनेमा भी आसानी से देख सकते हैं, वहीं अगर आप 1 साल वाले प्लान यानी की 4498 रुपए वाले प्लान की बात करते हैं तो इसमें आपको प्राइम वीडियो के साथ ही डिज्नी + हॉटस्टार, सोनीलिव, 5 जी जिओ सिनेमा जियोसिनेमा, सननेक्स्ट जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म भी आपको देखने को आसानी से मिलने वाले हैं। **(समाप्त)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# आतंकियों के आका और माफिया के सरपरस्त को सत्ता पर काबिज नहीं होने दें : मुख्यमंत्री योगी



कांग्रेस पर बड़ा हमला

**एजेंसी। सिद्धार्थनगर**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डुमरियागंज से सांसद और लोकसभा प्रत्याशी जगदंबिका पाल के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सपा और कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह लोग आतंकियों के आका और माफिया के सरपरस्त हैं। इनको सत्ता पर काबिज होने से रोकना होगा। हर अपराधी और माफिया 2017 के पहले जनता का खून चूसता था और वसूली करता था, बेटियों की सुरक्षा पर खतरा था। आज माफिया को उल्टा टांगने और 'राम नाम सत्य' की यात्रा निकालने पर सपा को पीड़ा होती है। हमें माफिया के सहयोगी, सरपरस्त, आतंकियों के आकाओं को सत्ता पर काबिज नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस और प्रदेश में सपा सरकार थी तो अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि, काशी में संकट मोचन, अयोध्या, लखनऊ और वाराणसी की कचहरियों पर आतंकी हमला हुआ था। सीएम बनते ही अखिलेश यादव ने आतंकियों पर दायर मुकदमों को वापस लेने का कार्य किया था। तब, न्यायालय ने कहा था कि आतंकी छूटेंगे नहीं, सरकार को शर्म आनी चाहिए। जनता जानती है कि सपा और माफिया का चोली-दामन का संबंध है। दोनों को अलग करके देखा ही नहीं जा सकता। प्रदेश का हर माफिया सपा से संबंध रखता है। सपा की संवेदना समाज के बेटी-व्यापारी की सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि, माफिया के साथ है। माफिया के प्रति इनकी संवेदना देखते हुए जनता ने इन्हें 2014, 2017, 2019, 2022 में खारिज कर दिया। अबकी बार 400 पार के नारे को सुनकर सपा चारों खाने चित हो रही है। सपा कुल 63 सीट पर चुनाव लड़ रही। इन सभी सीटों पर इनकी जमानत जब्त हो रही है। सीएम योगी ने कहा कि जिस माफिया को गोरखपुर, संतकबीर नगर की जनता ने लात मारकर भगाया है, उसे महात्मा बुद्ध की धरती सिद्धार्थनगर में नहीं पनपने देंगे। यह माफिया पनपेंगे तो गरीबों की संपत्ति पर कब्जा करेंगे। डुमरियागंज और कपिलवस्तु में मैं आंदोलन करता था, तब आपको न्याय मिलता था। फिर ऐसी नौबत न आने दें। यह माफिया केवल स्वार्थ के हैं। यह किसी की जमीन कब्जा कर बंदूक की नोक पर लिखवाने का कार्य करेंगे। इन माफिया का हम जीना हराम कर देंगे, लेकिन फिर भी यह माफिया आएंगे तो गुंडागर्दी का प्रयास करेंगे। रंगदारी-वसूली करेंगे। वोट और फैसला दोनों आपका है।

*अखिलेश यादव ने आतंकियों पर दायर मुकदमों को वापस लेने का काम किया था*

*सपा की संवेदना बेटियों-व्यापारियों की सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि, माफिया के साथ*

## न्यूज बॉक्स

### दिल्ली पुलिस बिभव कुमार को मुंबई ले गई



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पर हमले के सिलसिले में गिरफ्तार सीएम केजरीवाल के पूर्व निजी सचिव बिभव कुमार को दिल्ली पुलिस मुंबई ले गई। जांच से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने बताया, बिभव कुमार ने 17 मई को फोन में खराबी का हवाला देकर उसे फॉर्मेट कर दिया था। पुलिस उन्हें डेटा रिकवरी के लिए मुंबई ले गई है। उन्होंने फोन वहीं फॉर्मेट किया था। पुलिस ने 18 मई को बिभव कुमार को स्वाति मालीवाल पर हमले के मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद बिभव कुमार को स्थानीय कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। दिल्ली पुलिस ने बिभव कुमार के खिलाफ सबूतों से छेड़छाड़ और गैर इरादतन हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। उन्होंने 13 मई 2024 को मुख्यमंत्री आवास पर स्वाति मालीवाल पर कथित तौर पर हमला किया था। सिविल लाइंस थाने में आईपीसी की धारा 308, 341, 354(बी), 506 और 509 के तहत आरोप दर्ज किए गए हैं।

### इंदौर में भाजपा विधायक के पोते ने की खुदकुशी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में खिलचीपुर से भाजपा विधायक हजारीलाल दांगी के 19 वर्षीय पोते विजय दांगी ने आत्महत्या कर ली है। वह एक निजी कॉलेज से कानून की पढ़ाई कर रहा था और पुलिस को दो पेज का सुसाइड नोट मिला है। उसने सोमवार की देर रात आत्महत्या कर ली। विजय के पिता बापू लाल दांगी भवन निमार्ता हैं और उनकी खिलचीपुर में पुश्तैनी जमीन के साथ बड़ी खेती भी है। सुसाइड नोट में उसने अपने माता-पिता सहित परिवार के अन्य सदस्यों से माफी मांगी है और भाई को लिखा है कि मम्मी-पापा का ध्यान रखना। इसके अलावा उसने अपने दोस्तों को लेकर भी कई बातें लिखी हैं।

### पूर्व आईपीएस प्रेम प्रकाश ने ली भाजपा की सदस्यता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के चर्चित पूर्व आईपीएस प्रेम प्रकाश ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण कर ली। उन्हें लखनऊ स्थित भाजपा मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने सदस्यता दिलाई। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे। पूर्व आईपीएस अधिकारी प्रेम प्रकाश बसपा मुखिया मायावती के करीबियों में थे। प्रेम प्रकाश दलित समुदाय से हैं। मायावती सरकार में पावरफुल अधिकारी रहे प्रेम प्रकाश सपा सरकार में साइडलाइन रहे। इसके बाद जब यूपी में योगी सरकार आई तो फिर से प्रेम प्रकाश को अहम पदों पर तैनाती मिली।

### प्रज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने के लिए केंद्र को लिखा पत्र : परमेश्वर



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर सेक्स वीडियो कांड के मुख्य आरोपी जद-एस सांसद प्रज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने का अनुरोध किया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए परमेश्वर ने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना की गिरफ्तारी के लिए पहले ही वारंट जारी किया जा चुका है और उनका पासपोर्ट रद्द करने के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखकर अनुरोध किया गया है। कर्नाटक के गृह मंत्री ने कहा, पासपोर्ट रद्द होने के बाद, प्रज्वल रेवन्ना को भारत लौटना होगा।प्रज्वल के चाचा व पूर्व सीएम एच.डी. कुमारस्वामी द्वारा प्रज्वल के देश लौटने और जांच अधिकारियों के सामने पेश होने के अनुरोध के बारे में परमेश्वर ने कहा कि यह एक आंतरिक पारिवारिक मामला है। फोन टैपिंग के आरोपों का जवाब देते हुए परमेश्वर ने कहा कि सरकार ने किसी का फोन टैप नहीं किया है। "अगर उन्हें (देवेगौड़ा के परिवार को) संदेह है कि उनके फोन टैप किए गए हैं, तो उन्हें सबूत देने दीजिए और हम जांच करेंगे।

### कैफे विस्फोट मामले में एनआईए की कोयंबटूर में छापेमारी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित दो डॉक्टरों के आवासों पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम छापेमारी कर रही है। एनआईए के सूत्रों के अनुसार, छापेमारी एक मार्च को बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट से जुड़ी है। कैफे में हुए आईईडी विस्फोट में 10 लोग घायल हुए थे। एनआईए की दो टीमें साईं बाबा कॉलोनी के नारायणगुरु स्ट्रीट स्थित दो डॉक्टरों के आवास पर छापेमारी कर रही हैं। दोनों आवास के बाहर स्थानीय पुलिस तैनात है। ज्ञात हो कि इस मामले में दो संदिग्ध मुसाविर हुसैन एस. और अब्दुल मथीन ताहा को 12 अप्रैल को पश्चिम बंगाल में गिरफ्तार किया गया था।

### फार्म हाउस रेव पार्टी में तेलुगु अभिनेत्री हेमा मौजूद थीं : पुलिस

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने मंगलवार को बताया कि फार्म हाउस रेव पार्टी में तेलुगु अभिनेत्री हेमा भी शामिल थीं। पुलिस ने रेव पार्टी में छापेमारी कर ड्रग बरामद की थी। बेंगलुरु में पत्रकारों से बात करते हुए पुलिस आयुक्त ने बताया कि अभिनेत्री हेमा उस रेव पार्टी में शामिल थीं, जिस पर सोमवार को पुलिस ने छापा मारा। इससे पहले अभिनेत्री हेमा ने एक वीडियो जारी किया था। जिसमें उन्होंने दावा किया था कि वह हैदराबाद में हैं और रेव पार्टी में अपनी मौजूदगी से इनकार कर दिया था। पुलिस आयुक्त ने कहा, हेमा रेव पार्टी में मौजूद थीं। हम उन परिस्थितियों की जांच कर रहे हैं जिसका वीडियो उन्होंने बेंगलुरु के फार्म हाउस पर बनाया था।

### दिल्ली में कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार कन्हैया कुमार पर स्याही फेंकने के आरोप में एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार कन्हैया कुमार पर स्याही फेंकने के मामले में दिल्ली पुलिस ने 41 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान न्यू उस्मानपुर निवासी अजय कुमार उर्फ रणबीर भट्टी के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, 17 मई को शाम 6:53 बजे स्याही फेकने के संबंध में पुलिस नियंत्रण कक्ष को एक कॉल प्राप्त हुई थी। बैठक की मेजबानी आप पार्षद छाया शर्मा कर रही थीं।

## आज का राशिफल

**मेष** — शुभांक 3-5-7
समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृषभ** — शुभांक 2-5-7
नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर करेंगे।

**मिथुन** — शुभांक 2-5-6
सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा।

**कर्क** — शुभांक 1-4-8
समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। आलस्य का त्याग करें। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**सिंह** — शुभांक 2-6-8
यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्या** — शुभांक 3-5-8
शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**तुला** — शुभांक 3-5-8
खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिलेगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे।

**वृश्चिक** — शुभांक 1-3-5
समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**धनु** — शुभांक 5-7-9
कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें। संतान की उन्नति के योग हैं। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर** — शुभांक 1-6-8
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रही अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**कुम्भ** — शुभांक 1-3-8
सुख-आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन** — शुभांक 5-7-9
शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

## छपरा में गोलीकांड : एक की मौत, दो घायल बंद किया इंटरनेट, चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात

**एजेंसी। छपरा**

लोकसभा चुनाव के बीच मंगलवार को बिहार में छपरा के भिखारी चौक पर हुए गोलीकांड के बाद एहतियात बरतते हुए प्रशासन ने जहां दो दिनों के लिए इंटरनेट सेवा बंद कर दी है, वहीं चप्पे-चप्पे पर पुलिस बलों को तैनात कर दिया है। पुलिस की हर गतिविधि पर पैनी नजर है। वहीं, गोलीकांड में हमले में घायल गुड्डू राय ने कहा, तीन लोगों को गोली लगी है, जिसमें से एक की मौत हो गई है। पुलिस ने इस मामले में बीजेपी नेता रमाकांत सिंह सोलंकी को हिरासत में लिया है। घायलों को उपचार के लिए पटना भेज दिया गया है, जिनसे मिलने खुद रोहिणी आचार्य पहुंचीं। बताया जा रहा है कि यह गोलीबारी बीजेपी और आरजेडी समर्थकों के बीच हुई। यहां पर सोमवार मतदान हुआ, इस दौरान बूथ संख्या 118 पर तनाव देखने को मिला था। अब मंगलवार सुबह गोलीबारी हुई। छपरा के एसपी गौरव मंगला ने कहा, सोमवार को मतदान के दौरान विवाद हुआ था। इसके बाद मंगलवार को बीजेपी और आरजेडी कार्यकर्ताओं के बीच यह गोलीकांड हुआ है।

### छपरा गोलीकांड के बाद सियासत गर्म



छपरा। लोकसभा चुनाव के बीच बिहार के छपरा में हुए गोलीकांड ने सूबे में राजनीतिक गर्मी बढ़ा दी है। अब इसे लेकर राजनेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। तेजस्वी यादव ने कहा, प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि इस घटना में शामिल दो और लोगों को शाम तक पकड़ लिया जाएगा। हार की बौखलाहट में कुछ लोग ऐसा करते हैं। जेडीयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा, इतिहास गवाह है कि लालू परिवार जब जब चुनाव लड़ा है, सामाजिक उपद्रव होता रहा है। यहां की राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य ने कहा, हमारे ऊपर जानलेवा हमला हुआ। बीजेपी के गुंडों ने किया है और हमारे तीन कार्यकताओं को गोली मारी गई है। इन लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा, इस घटना पर अधिकारियों से बात हुई है। जांच चल रही है। जो दोषी होंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। हार से बौखलाहट से रोहिणी बूथ पर गई थी। इसके बाद लोग उग्र हुए।

## ताईवान के मामले पर अपनी गलती तुरंत ठीक करे अमेरिका



**एजेंसी। बीजिंग**

चीनी राज्य परिषद के ताईवान मामलों के कार्यालय के प्रवक्ता छन पिन ने संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया। इस मौके पर प्रवक्ता ने कहा कि दुनिया में सिर्फ एक चीन है। ताईवान चीन की प्रादेशिक भूमि का एक अभिन्न हिस्सा है। एक चीन की नीति अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के सावधानीपूर्वक बुनियादी मापदंड और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की आम सहमति है। दुनिया में अधिकांश देश एक चीन की नीति पर कायम रहते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि हम अमेरिका आदि चीन के साथ कूटनीतिक संबंध स्थापित करने वाले देशों द्वारा चीन के ताईवान क्षेत्र के साथ किसी भी तरीके की सरकारी आवाजाही करने का कड़ा विरोध करते हैं। चीन किसी भी तरह और किसी भी बहाने से ताईवान के मामले में हस्तक्षेप करने की कड़ी निंदा करता है। अमेरिका और संबंधित देशों को अपनी गलती जल्द से जल्द सुधारनी चाहिए और एक चीन की नीति व अपने राजनीतिक वचन का पालन करते हुए ताईवान मामलों का उचित समाधान करना चाहिए। प्रवक्ता ने कहा कि ताईवान की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेस पार्टी के अधिकारियों ने बार-बार बाहरी शक्तियों से जुड़कर थाईवान की स्वाधीनता की कोशिश की। उनकी कार्रवाई ताईवान द्वीप में मुख्यधारा की जनमत का बिलकुल उल्लंघन है और ताईवान जलडमरुमध्य की शांति व स्थिरता के लिए खतरा है। इससे यह तथ्य नहीं बदला जा सकता कि ताईवान चीन का हिस्सा है। इससे एक चीन की नीति का पालन करने वाले अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के पैटर्न को हिलाया नहीं जा सकता।

### कोयला तस्करी : आरोप तय करने की प्रक्रिया तीन जुलाई तक टाली

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्दवान जिले के आसनसोल क्षेत्र में विशेष सीबीआई अदालत ने कोयला तस्करी मामले में आरोप तय करने की प्रक्रिया तीन जुलाई तक टाल दी है। मामले में तीन आरोपियों की अनुपस्थिति के कारण अदालत ने यह फैसला किया। तीनों में से एक विनय मिश्रा लंबे समय से फरार है। सीबीआई के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, वह वर्तमान में वानुअतु द्वीप में बस गया है और वहां की नागरिकता ले ली है। विनय के अलावा, दो अन्य आरोपी जॉयदेब मंडल और नारायण खड़गे भी मंगलवार को अदालत में पेश नहीं हुए। उनके वकीलों ने अदालत को बताया कि खराब स्वास्थ्य के कारण वे उपस्थित नहीं हो सकते। मामले में आरोप तय करने की प्रक्रिया की अगली तारीख तीन जुलाई है। जज ने कहा कि उस दिन सभी आरोपियों को अदालत में मौजूद रहना होगा। सीबीआई ने इस मामले में विशेष अदालत में दो पूरक आरोपपत्र दाखिल किये हैं। मंगलवार को, सीबीआई के वकील ने अदालत को सूचित किया कि सुनवाई की अगली तारीख तक वे मामले में एक और पूरक आरोपपत्र दाखिल करेंगे और इसमें कुछ नए नाम शामिल किए जाएंगे।

## सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 तक बढ़ी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को कथित शराब घोटाले के आरोपी आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य की न्यायिक हिरासत 31 मई तक बढ़ा दी। सीबीआई की गिरफ्तारी के बाद पिछले साल 26 फरवरी से सिसोदिया हिरासत में हैं। इसके बाद उन्हें ईडी ने गिरफ्तार किया। 15 मई को दिल्ली कोर्ट ने इसी मामले में उनकी हिरासत 30 मई तक बढ़ा दी थी। इस बीच, दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामले में सिसोदिया की जमानत याचिका पर आज दिन में अपना फैसला सुनाएगी। पिछले हफ्ते, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक विशेष अदालत के समक्ष अपनी आठवीं चार्जशीट दायर की। इसमें आम आदमी पार्टी (आप) और उसके राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को आरोपी बनाया गया। मामले में अब तक कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, बीआरएस नेता के कविता और कई अन्य शामिल हैं।

**संगोष्ठी सह प्रदर्शनी** / विकसित भारत का लक्ष्य साकार करने के लिए कई प्रयास करने होंगे

## अतीत के अमूल्य ज्ञान को समझना होगा : रक्षा राज्य मंत्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** 'प्रोजेक्ट उद्भव' के हिस्से के रूप में मंगलवार को दिल्ली के राष्ट्रीय संग्रहालय में 'भारतीय सामारक संस्कृति के ऐतिहासिक पैटर्न' पर एक संगोष्ठी-सह-प्रदर्शनी आयोजित की गई थी। इसमें रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को तभी साकार किया जा सकता है, जब राष्ट्र समग्र रूप से प्राचीन अतीत के अमूल्य ज्ञान को समझेगा। आत्मनिर्भर भारत की भावना केवल भारतीय वस्तुओं के उत्पादन और उपभोग तक ही सीमित नहीं है, बल्कि, वर्तमान कार्यों और निर्णयों में भारतीय विचार और मूल्यों के सार को आत्मसात करने के लिए ईमानदार प्रयास भी हैं। 'उद्भव संकलन (2023-2024)' को विशेष रूप से सैन्य मामलों और सामान्य रूप से शासन कला के लिए भारत के प्राचीन ज्ञान पर, भविष्य की शिक्षा के लिए एक रिकॉर्ड बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें छह अध्याय और कई परिशिष्ट शामिल हैं। इस कार्यक्रम में 'प्राचीन काल से स्वतंत्रता तक भारतीय सैन्य प्रणालियों के विकास, युद्ध और सामरिक विचारों का विकास' विषय पर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया, इसके अलावा 'उद्भव कम्पेंडियम' और एक पुस्तक 'आल्हा उदल - बैलाड रेंडिशन ऑफ वेस्टर्न उत्तर प्रदेश' का विमोचन भी किया गया। उन्होंने आगे कहा, भूराजनीतिक परिदृश्य लगातार विकसित हो रहा है, और हमारे सशस्त्र बलों के लिए अपने दृष्टिकोण में नवीन होना अनिवार्य है। हमारे प्राचीन ग्रंथों और परंपराओं में गहराई से जाकर, उद्भव जैसी परियोजनाएं न केवल रणनीतिक संस्कृति की हमारी समझ को समृद्ध करती हैं, बल्कि अपरंपरागत युद्ध रणनीतियों, राजनयिक प्रथाओं और युद्ध में नैतिक विचारों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि भी प्रदान करती हैं। अजय भट्ट ने देश की रक्षा की ताकत को पहचानने के महत्व को रेखांकित किया। शक्ति के स्रोत के रूप में उन्होंने 'प्रोजेक्ट उद्भव' जैसी पहल को भविष्य के लिए मार्गदर्शक बताया, जहां भारत आत्मनिर्भर है और अपनी सांस्कृतिक विरासत में गहराई से निहित है।



### प्राचीन ग्रंथों की गहराई से पड़ताल

जनरल मनोज पांडे ने आगे कहा कि परियोजना ने वेदों, पुराणों, उपनिषदों और अर्थशास्त्र जैसे प्राचीन ग्रंथों की गहराई से पड़ताल की है, जो परस्पर जुड़ाव, धार्मिकता और नैतिक मूल्यों में निहित हैं। इसके अलावा, इसने महाभारत की महाकाव्य लड़ाइयों और मौर्य, गुप्त और मराठों के शासनकाल के दौरान प्रचलित रणनीतिक प्रतिभा का पता लगाया है, जिसने भारत की समृद्ध सैन्य विरासत को आकार दिया है।



## संन्यास के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने को लेकर महेन्द्र सिंह धोनी ने कहा

# कोई भी आपको उम्र के हिसाब से छूट नहीं देता



**नई दिल्ली।** भारत और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने कहा कि भले ही वह पूरे साल क्रिकेट नहीं खेलते हैं, लेकिन जब वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलते हैं तो कोई भी उन्हें उम्र के हिसाब से छूट नहीं देता है।

42 वर्षीय धोनी मौजूदा आईपीएल 2024 में रुतुराज गायकवाड़ के नेतृत्व में सीएसके के लिए खेले, जिन्हें उन्होंने इस सीजन से पहले कप्तानी सौंपी थी। शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से हार के बाद उनकी टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। सीएसके सात जीत, सात हार और 14 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रही और खराब नेट रन रेट के कारण अंतिम चार की दौड़ से बाहर हो गई।

सोमवार को दुबई आई 103.8 यूट्यूब चैनल पर धोनी ने कहा, सबसे कठिन बात यह है कि मैं पूरे साल क्रिकेट नहीं खेल रहा हूं। इसलिए मुझे फिट रहना होगा। एक बार जब मैं आऊंगा, तो मैं उन युवाओं के खिलाफ प्रतिस्पर्धा कर रहा होता हूं जो फिट हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना आसान नहीं है, कोई भी आपको उम्र के हिसाब से छूट नहीं देता है। अगर आप खेलना चाहते हैं, तो आपको दूसरे लोगों की तरह फिट रहना होगा। आपको खान-पान की आदतों में बदलाव और थोड़ा प्रशिक्षण करना होगा। आजकल सभी चीजें सोशल मीडिया पर हैं, शुक्र है कि मैं सोशल मीडिया पर नहीं हूं, इसलिए कम ध्यान भटकता है। धोनी ने यह भी कहा कि अपने क्रिकेट करियर के चरम के दौरान जब वह सभी प्रारूपों में सक्रिय थे, तब उन्हें परिवार के साथ समय बिताने की याद आती थी क्योंकि वह हमेशा क्रिकेट, विज्ञापन आदि में व्यस्त रहते थे। उन्होंने विभिन्न चीजों के बारे में भी खुलकर बात की, जो उन्हें तनावमुक्त करती हैं और उनका ध्यान केंद्रित रखने में मदद करती हैं, जिसमें पालतू जानवर भी शामिल हैं।

> **अपने क्रिकेट करियर के चरम के दौरान जब वह सभी प्रारूपों में सक्रिय थे, तब उन्हें परिवार के साथ समय बिताने की याद आती थी क्योंकि वह हमेशा क्रिकेट, विज्ञापन आदि में व्यस्त रहते थे।**
>
> *धोनी*

## एकता ने एफ51 क्लब थ्रो में जीता स्वर्ण पदक

**एजेंसी। कोबे**

भारत की एकता भयान ने यहां विश्व पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में महिलाओं की एफ51 क्लब थ्रो प्रतियोगिता में सीजन के सर्वश्रेष्ठ 20.12 मीटर के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया।

दीप्ति जीवनजी द्वारा महिलाओं की 400 मीटर टी20 वर्ग दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने के एक दिन बाद, भारतीय एथलीटों ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा और एकता ने शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि कशिश लाकड़ा ने 14.56 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता। अल्जीरिया के नादजेट बाउचरफ ने 12.70 मीटर के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।

हरियाणा सिविल सर्विसेज (एचसीएस) अधिकारी एकता ने एशियाई पैरा गेम्स चीन में कांस्य पदक जीता था। 38 वर्षीय, जिन्होंने हरियाणा सरकार में एचसीएस अधिकारी के रूप में चयन के बाद खेल में कदम रखा, जकार्ता में 2018 एशियाई पैरा खेलों में क्लब थ्रो स्पर्धा में स्वर्ण पदक भी जीता। उन्होंने टोक्यो 2020 पैरालिंपिक के लिए भी क्वालिफाई किया था।



## न्यूज बॉक्स

### पेरिस ओलंपिक से बाहर हुई ऑस्ट्रेलियाई महिला फुटबॉल टीम की कप्तान सामंथा केर



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई महिला फुटबॉल टीम की कप्तान सामंथा केर को एसीएल चोट के कारण आगामी पेरिस ओलंपिक से बाहर कर दिया गया है। फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया (एफए) ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा कि 30 वर्षीय कप्तान घरेलू क्लब वातावरण में अपना पुनर्वास कार्यक्रम जारी रखेंगी और बाद में पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगी। यह बयान तब आया, जब ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच टोनी गुस्तावसन ने एडिलेड और सिडनी में चीन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। रिपोर्ट के अनुसार, टीम में कई सितारे शामिल हैं जिन्होंने टीम को पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में मदद की, जिसमें गोलकीपर मैकेंजी अर्नोल्ड, डिफेंडर एली कारपेंटर और फॉरवर्ड मैरी फाउलर शामिल हैं।

### दिल्ली की अदालत ने यौन उत्पीड़न मामले में बृज भूषण के खिलाफ आरोप तय किए



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों द्वारा दायर एक आपराधिक मामले में यौन उत्पीड़न, धमकी और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप तय किए। बृज भूषण ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत के समक्ष खुद को निर्दोष बताया और सुनवाई की मांग की। बृज भूषण ने कहा, जब मैं दोषी नहीं हूं तो मैं दोष स्वीकार क्यों करूंगा?' अदालत ने मामले में सह आरोपी और डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर के खिलाफ भी आपराधिक धमकी का आरोप तय किया।

### विश्व पैरा-एथलेटिक्स : भाग्यश्री जाधव ने महिला शॉटपुट एफ 34 में जीता रजत

**कोबे।** भारतीय एथलीटों ने 2024 विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखा है और सोमवार को यहां भाग्यश्री जाधव ने महिला शॉट पुट एफ34 में रजत पदक हासिल किया। टॉप स्कीम एथलीट भाग्यश्री ने फाइनल में 7.52 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक हासिल किया। इसी के साथ इस प्रतियोगिता में भारत के नाम अब पांच पदक हो गए हैं, जिनमें एक स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल है। पहले टर्न में आयरन बॉल को 7.56 मीटर तक उछालने के बाद, भाग्यश्री ने तीन फाउल थ्रो फेंके और फिर 6.82 मीटर का थ्रो किया।

# रॉयल्स के सामने आरसीबी की कठिन चुनौती

**एजेंसी। अहमदाबाद**




संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स के सामने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग प्लेऑफ में आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की कठिन चुनौती होगी जो चमत्कारिक प्रदर्शन करके यहां तक पहुंची है। एक समय पर रॉयल्स का शीर्ष दो में रहना तय लग रहा था लेकिन लगातार चार हार और केकेआर के खिलाफ आखिरी मैच बारिश में धुलने के कारण वह सनराइजर्स हैदराबाद के बाद दूसरे स्थान पर रही। दूसरी ओर आरसीबी प्लेऑफ से बाहर होने की कगार पर पहुंचने के बाद सनसनीखेज तरीके से चौथे स्थान तक पहुंची। पहले आठ में से सात मैच हारने के बाद फाफ डु प्लेसी की टीम ने गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर प्लेऑफ में जगह बनाई। रॉयल्स चार हार और एक वषार्बाधित मैच रद्द होने के बाद यहां पहुंची है तो आरसीबी ने लगातार छह जीत दर्ज करके अपने प्रतिद्वंद्वी के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। आईपीएल के पहले सत्र 2008 की चैम्पियन रॉयल्स कुछ सप्ताह पहले खिताब की सबसे प्रबल दावेदार मानी जा रही थी लेकिन पिछले चार मैचों में उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की कमजोरियां उजागर हुई। जोस बटलर के इंग्लैंड लौट जाने से उसकी बल्लेबाजी पर असर पड़ा है। अब यशस्वी जायसवाल (348 रन), कप्तान सैमसन (504 रन) और रियान पराग (531 रन) को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी।

सैमसन और पराग के अलावा इंग्लैंड के टॉम होलेर कैडमोर से भी अच्छी पारी की उम्मीद होगी जो जायसवाल के साथ पारी का आगाज कर सकते हैं। शिमरोन हेटमायेर निचले क्रम को मजबूती दे सकते हैं हालांकि अभी तक बल्ले से इस सत्र में कमाल नहीं कर सके हैं। अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम बाकी मैदानों की तरह बल्लेबाजों की ऐशगाह नहीं है लिहाजा यहां रॉयल्स के गेंदबाज उपयोगी साबित हो सकते हैं।

इस मैदान पर इस सत्र में 12 पारियों में सिर्फ दो बार 200 से पार का स्कोर बना है यानी अनुशासित गेंदबाजी करने वाली टीम का पलड़ा भारी हो सकता है। दूसरी ओर आरसीबी के विराट कोहली इस सत्र में 14 मैचों में 708 रन बना चुके हैं और वह ट्रंपकार्ड साबित हो सकते हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी भी फॉर्म में लौट आए हैं जबकि रजत पाटीदार ने भी पांच अर्धशतक जमाए हैं।

## फर्स्ट हॉकी रांची लीग में खेले गए दो मैच, बापू क्लब और सिनी खूंटी की टीम ने जीत हासिल की



**रांची।** हॉकी झारखंड के सहयोग से हॉकी रांची ने 20 अप्रैल से 02 जून तक आयोजित 1st हॉकी रांची लीग महिला एवं पुरूष 2024 में आज पंद्रहवें दिन पुरूष वर्ग के 02 मैच खेले गए । पहले मैच में बापू क्लब और फगुवा 11 के बीच खेला गया जिसमें बापू क्लब ने फगुवा 11 को 05-02 से तथा दूसरे मैच में सिनी खूंटी और जातुर अखरा खूंटी के बीच खेला गया जिसमें सिनी खूंटी ने 04-01 से पराजित कर पूरे अंक हासिल किया ।

दूसरे मैच में हॉकी इंडिया के महासचिव श्री भोलेनाथ सिंह ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर मैच शुरू कराये । आयोजन को सफल बनाने में हॉकी रांची के माइकल लाल, जयन्त केरकेट्टा, असरिता लकड़ा, मनोज प्रधान, करुणा पूर्ति, नोमिता टोप्पो, नीतू कुमारी, प्रमोद केरकेट्टा, डेनिस केरकेट्टा, अभिषेक साहू इत्यादि उपस्थित थे।

### सब जूनियर हॉकी का आयोजन 22 से 25 तक

**रांची।** 1st हॉकी सिमडेगा मिनी सब जूनियर बालक & बालिका ग्रास रूट डेवलपमेंट हॉकी प्रतियोगिता 2024 का आयोजन कल से एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा होगी हॉकी की नर्सरी सिमडेगा में ग्रास रूट स्तर से हॉकी को आगे बढ़ाने में हमेशा तत्पर रहने वाला हॉकी सिमडेगा जिला में बाल अवस्था से हॉकी खिलाड़ियों में ग्रास रूट स्तर से ही प्रतियोगी क्षमता लाने के लिए एक नए अध्याय की शुरूवात कर रही है। जिसके तहत जिला के आयु वर्ग 07 वर्ष से 11 वर्ष उम्र सीमा तक के नन्हे मुन्ने बालक और बालिका हॉकी खिलाड़ियों के लिए हॉकी सिमडेगा द्वारा हॉकी झारखंड के वित्तीय सहायता और जिला प्रशासन सिमडेगा के सहयोग से १२३ हॉकी सिमडेगा मिनी सब जूनियर बालक & बालिका ग्रास रूट डेवलपमेंट हॉकी प्रतियोगिता 2024 का आयोजन दिनांक 22 से 25 मई 2024 तक एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में की जा रही है।

## राष्ट्रीय योग ओलंपियाड में हिस्सा लेंगे राज्य के 16 बच्चे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रांची में रविवार को राज्यस्तरीय योग ओलंपियाड का आयोजन किया गया। इसमें प्रत्येक जिले से 96 चयनित प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उच्च प्राथमिक, मध्य विद्यालयों (10-14 आयु वर्ग) से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले चयनित एक छात्र एवं एक छात्रा तथा उच्च विद्यालयों (14-16 आयु वर्ग) में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले चयनित एक छात्र एवं एक छात्रा यानी कुल चार विद्यार्थी प्रत्येक जिले से शामिल हुए। राष्ट्रीय योग ओलंपियाड में भाग लेने के लिए उच्च प्राथमिक, मध्य विद्यालय श्रेणी (10-14 आयु वर्ग) में निशा गुप्ता, मोहित कुमार, प्रवीण कुमार महतो, मामोनी महतो, राही कुमारी, आदर्श रजक, शिवम पांडेय और अदिति कुमारी का चयन किया गया। उच्च विद्यालय श्रेणी (14-16 आयु वर्ग) में श्रवण रजक, पूजा कुमारी, पुनीत लोहरा, कार्तिक कुमार, रितिका प्रजापति, लवली कुमारी, दीक्षा सोनकर और शनि कुमार का चयन किया गया। ओलंपियाड प्रतियोगिता की निर्णायक मंडली में कलावती कुमारी, आम्या अंशु, मनोज सोनी, डॉ. परिणीता सिंह, मुकेश महतो, दोलों सिंह शामिल थे। प्रतियोगिता के संचालन में प्रीती मिश्रा, रजनीकांत मिश्र, कृष्णा कुमार विश्वकर्मा, डॉ. सौबान अहमद, अनमोल रतन रुंडा, समीर कुमार नन्द ने सहयोग किया।

**बच्चों ने योग से खींचा सबका ध्यान**

राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने कहा कि बच्चों ने राज्यस्तरीय योग ओलंपियाड प्रतियोगिता में योगासन के विविध मुद्राओ से सबका ध्यान आकर्षित किया।




## व्यापार/लाइफ व साइंस

# कार की टायर में क्यों भरे जाते है नाइट्रोजन गैस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देशभर में गर्मी का कहर जारी है और ऐसे मौसम में पर्यावरण का तापमान बढ़ने से सड़कें तपने लगती हैं और कारों के टायरों पर दबाव बढ़ जाता है। टायरों में हवा का सही दबाव बनाए रखना बेहद जरूरी है। गर्मियों में कम दबाव वाले टायर ज्यादा गर्म हो सकते हैं और खराब हो सकते हैं। ऐसे में गर्मियों में कार की टायर में नाइट्रोजन डलवाना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। गर्म मौसम में सामान्य हवा की तुलना में नाइट्रोजन कई फायदे प्रदान करता है। वैसे ये ध्यान रखना जरूरी है कि नाइट्रोजन मुफ्त नहीं है। आपको इसे गैरेज या टायर की दुकान पर भरवाने के लिए भुगतान करना होगा।



### नाइट्रोजन डलवाने के पांच बड़े फायदे

1. **टायर का दबाव स्थिर रहता है**
नाइट्रोजन हवा की तुलना में तापमान में बदलाव के साथ कम फैलता और सिकुड़ता है। इसका मतलब है कि नाइट्रोजन से भरे टायरों में हवा का दबाव गर्मियों में ज्यादा स्थिर रहता है, जिससे टायरों का घिसना कम होता है और माइलेज बढ़ती है।

2. **बेहतर टायर ग्रिप और हैंडलिंग**
स्थिर हवा का दबाव टायरों को बेहतर ग्रिप प्रदान करता है, खासकर गीली या फिसलन वाली सड़कों पर। इसका मतलब है कि बेहतर हैंडलिंग और ब्रेकिंग, जो सड़क पर आपकी सुरक्षा को बढ़ाता है।

3. **कम मेंटेनेंस**
नाइट्रोजन टायरों को ऑक्सीजन और नमी से बचाता है, जो टायरों को जंग लगने और सड़ने से बचाता है। इसका मतलब है कि नाइट्रोजन भरे टायर कम पंक्चर होते हैं और टायरों की लाइफ लंबी होती है।

4. **टायर का तापमान कम**
नाइट्रोजन हवा की तुलना में कम गर्मी का संचालन करता है, जिसकी वजह से टायरों का तापमान कम होता है। यह गर्म सड़कों पर टायरों को ज्यादा गर्म होने और खराब होने से बचाता है।

5. **ईको-फ्रेंडली**
नाइट्रोजन एक निष्क्रिय गैस है, जो पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाती है। टायरों में नाइट्रोजन का उपयोग करके आप पर्यावरण को थोड़ा सा बचाने में मदद कर सकते हैं।

### इन बातों का जरूर रखें ध्यान

**नाइट्रोजन** आपको बता दें कि नाइट्रोजन भरवाने से पहले आप सुनिश्चित करें कि टायर अच्छी क्वॉलिटी के हैं और उनमें कोई छेद नहीं है। इसके साथ ही हर 3-4 महीने में अपने टायरों के एयर प्रेशर चेक करवाएं, भले ही आपने उनमें नाइट्रोजन भरा हो। आप अगर टायरों में खुद ही हवा भरते हैं तो सुनिश्चित करें कि आप नाइट्रोजन के लिए डिजाइन किए गए सही प्रेशर गेज का इस्तेमाल कर रहे हैं।

1. **सप्लाई चेन में रुकावट**
वैश्विक महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान पैदा हो गया है। इलेक्ट्रिक कारों में इस्तेमाल होने वाले कई महत्वपूर्ण कॉम्पोनेंट्स की कमी हो रही है, जैसे कि सेमीकंडक्टर चिप्स और बैटरी।

2. **बुनियादी ढांचे की कमी**
भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए चार्जिंग स्टेशनों का बुनियादी ढांचा अभी भी अपने शुरूआती चरण में है। मारुति सुजुकी यह सुनिश्चित करना चाहती है कि जब वे अपनी इलेक्ट्रिक कार लॉन्च करें तो उनके ग्राहकों के पास पर्याप्त चार्जिंग स्टेशन उपलब्ध हों। अगर चार्जिंग स्टेशन आसानी से उपलब्ध नहीं होते हैं तो यह संभावित खरीदारों को हतोत्साहित कर सकता है।

## जीएसटी कंपनसेशन में झारखंड को मिले 165.63 करोड़




**रांची।** झारखंड सरकार को पिछले साल की तुलना में इस साल केंद्र से जीएसटी कंप्सेसन के रूप में सिर्फ 165.63 करोड़ रुपए ही मिले हैं। जबकि, 2023 में झारखंड सरकार को जीएसटी कंप्सेसन के रूप में 2064.63 करोड़ रुपए मिले थे। इस हिसाब से पिछले साल की तुलना में झारखंड सरकार को लगभग 1900 करोड़ रुपए कम मिले। राज्य सरकार का जीएसटी कलेक्शन में सिर्फ 12.28 फीसदी का ही ग्रोथ रहा। 2023 में राज्य सरकार को जीएसटी से 7506.07 करोड़ रुपए मिले थे। वहीं वर्ष 2024 में जीएसटी से 8427.97 करोड़ रुपए राजस्व की प्राप्ति हुई। जबकि 10 हजार करोड़ रुपए जीएसटी से राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा गया था।

### ऑडी क्यू7 भारत में हुई लांच

**नई दिल्ली।** लग्जरी कार बनाने वाली कंपनियां भी आए दिन अपने पॉपुलर मॉडल में कुछ वैल्यू एडिशन कर नए-नए एडिशन पेश कर रही है। अब इसी कोशिश में जर्मनी लग्जरी कार कंपनी ऑडी ने भारतीय बाजार में ऑडी क्यू7 बोल्ड एडिशन लॉन्च की है। क्यू7 के बोल्ड एडिशन में शाइनिंग ब्लैक ग्रिल के साथ ही फ्रंट और रियर में ब्लैक ऑडी रिंग्स, कार में विंडो के आसपास का ब्लैक एरिया, ब्लैक ओआरवीएम और ब्लैक रूफ रेल्स जैसी एक्सटीरियर खूबियां दिखती हैं। ऑडी क्यू7 बोल्ड एडिशन सीमित संख्या में उपलब्ध है।

## केटीएम 200सीसी और 250सीसी के नए कलर ऑप्शन हुए लांच

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रीमियम मोटरसाइकल बनाने वाली पॉपुलर कंपनी केटीएम ने भारत में स्पोर्टी लुक और पावरफुल इंजन वाली बाइक खरीदने वालों के लिए एक से बढ़कर एक विकल्प पेश किए हैं और अब कंपनी ने युवाओं की पसंद का ध्यान रखते हुए दो धांसू बाइक के नए कलर ऑप्शंस लॉन्च किए हैं। केटीएम 200 ड्यूक के नए कलर और डिकेल्स इलेक्ट्रोनिक ऑरेंज और डार्क गल्वानो हैं, वहीं केटीएम 250 ड्यूक को अब ग्राहक अटलांटिक ब्लू कलर में भी खरीद सकेंगे। नेकेड स्ट्रीटफाइटर सेगमेंट में अग्रेसिव लुक और धांसू फीचर्स की वजह से केटीएम की इन बाइक्स ने भारत में धूम मचा रखी है और युवाओं के बीच ये काफी पॉपुलर हैं।

**केटीएम 200 ड्यूक की खास बातें**

केटीएम ड्यूक 200 मोटरसाइकल की खूबियों की बात करें तो इसमें सुपीरियर विजिबिलिटी के लिए अल्ट्रा ब्राइट ऑल एलईडी लाइट्स दिए गए हैं। वहीं, एलसीडी डिस्प्ले में राइडर्स को वो सारी जानकारी मिल जाती है, जो उनके राइडिंग एक्सपीरियंस को शानदार बनाने के लिए काफी हैं। इसमें स्विचेबल एबीएस, अपसाइड डाउन फ्रंट फॉर्क्स और रियर मोनोशॉक सस्पेंशन दिए गए हैं। अल्यूमिनियम स्विंगआर्म और लाइटवेट ट्रेलिस फ्रेम पर तैयार इस नेकेड स्ट्रीटफाइटर में 200 सीसी का इंजन दिया गया है, जो कि 25 पीएस की मैक्सिमम पावर जेनरेट करता है। केटीएम 200 ड्यूक अपने लुक-फीचर्स और पावर की वजह से काफी पसंद की जाती है।

**केटीएम 250 ड्यूक की खास बातें**

केटीएम ने यंग राइडर्स के स्टाइल स्टेटमेंट और जरूरतों का ध्यान रखते हुए नए कलर ऑप्शन में केटीएम 250 ड्यूक को पेश किया है। इसमें 250 सीसी का पावरफुल इंजन दिया गया है, जो कि 31 पीएस की मैक्सिमम पावर जेनरेट करता है। इसमें नए ट्रेलिस फ्रेम के साथ ही वाइट पावर सस्पेंशन पैकेज, एलईडी लाइट्स, स्विचेबल एबीएस, क्विक शिफ्टर प्लस समेत काफी सारी खूबियां दिखती हैं, जो युवाओं को आकर्षित करने के लिए काफी हैं। बजाज ऑटो लिमिटेड में प्रोबाइकिंग डिविजन के प्रेजिडेंट सुमीत नारंग का कहना है कि केटीएम ड्यूक इंजीनियरिंग की मिसाल के तौर पर है और अपने सेगमेंट में बाकियों से आगे राइडर की वास्तविक क्षमता को उजागर करती है।

# ट्रेन की तत्काल टिकट बुक करने के लिए आईआरसीटीसी का करें उपयोग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रेलवे यातायात को लेकर हर कोई चिंतित रहता है। कभी यात्रा की योजना तो कभी तत्काल टिकट का इंतजार, रेलवे की यात्रा को लेकर हमेशा अनियमितता रहती है। लेकिन अब भारतीय रेलवे ने एक नया कदम उठाया है, जो यात्रा करने वालों को बहुत ही राहत देगा। भारतीय रेलवे तत्काल टिकट की बुकिंग में अक्सर लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। टिकट की बुकिंग के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन लाइन पर लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता है, और फिर भी टिकट नहीं मिल पाने की समस्या होती है। लेकिन अब यह समस्या होगी कम, क्योंकि आईआरसीटीसी ने एक नया फीचर लॉन्च किया है, जिससे तत्काल टिकट की बुकिंग को बहुत ही आसान बना दिया गया है।

**IRCTC Master List Feature** IRCTC के वेबसाइट और मोबाइल ऐप के माध्यम से उपलब्ध है। इसके माध्यम से यात्री अपने टिकट की बुकिंग को तत्काल में भी कर सकते हैं। इस फीचर के जरिए, यात्री को टिकट की बुकिंग के लिए लंबी कतारों में खड़ा होने की आवश्यकता नहीं है। यहां बताया जा रहा है कि इस फीचर का इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है।

**आईआरसीटीसी वेबसाइट पर लॉग इन करें :** सबसे पहले, यात्री को आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर लॉग इन करना होगा। ट्रेन टिकट बुक करने के लिए तत्काल श्रेणी चुनें। लॉग इन करने के बाद, वे अपनी यात्रा की जानकारी भरेंगे, और फिर तत्काल ऑप्शन का चयन करेंगे।

## एक नजर

### घर में लगी आग, बाइक सहित अन्य संपत्ति जल राख

**नौडीहा बाजार।** थाना के कवल गांव निवासी बिशुनदेव राम के घर में सोमवार को आग लग गई। इस घटना में बाइक सहित एक लाख रुपये से अधिक की संपति जल कर राख हो गई। गांव वालों के सहयोग से आग को बुझाया गया परंतु तब तक सबकुछ जल चुका था। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

### एलिट स्कूल के टॉप-5 विद्यार्थी सम्मानित

**मेदिनीनगर।** शहर के एलिट पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में स्कूल में टॉप पांच स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ देवाशीष मंडल भी मौके पर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि सह एलिट ग्रुप के अध्यक्ष डॉ आरपी सिन्हा, प्राचार्य एस राय ने टॉपर पांच विद्यार्थियों को अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न एवं उपहार देकर सम्मानित किया। समारोह के मुख्य अतिथि ने कहा कि समय का सदुपयोग कर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। जिंदगी में कई चुनौतियां आती रहती है। विद्यार्थियों को चुनौतियां से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि डटकर मुकाबला करना चाहिए। प्राचार्य एस राय ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। एलिट बीएड के प्राचार्य डॉ जगदंबा सिंह, फामेर्सी कॉलेज के प्राचार्य साकिब हसनैन, नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य के प्रसाद, डॉ कमलेश पांडेय, स्वास्तिका राय आदि मौके पर उपस्थित थे।

# टीएसपीसी उग्रवादियों ने पांच ग्रामीणों को पीटा,आपसी विवाद में हुई घटना, मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**

जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र सैलया खुर्द गांव में सोमवसार की रात तृतीय सम्मेलन प्रस्तुत कमिटी (टीएसपीसी) उग्रवादियों ने पांच ग्रामीणों की पिटाई कर दी। आपसी विवाद को लेकर इस घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है। उग्रवादियों के खिलाफ अभियान तेज किया गया है। इस संबंध में मंगलवार को मामला दर्ज किया गया।



पलामू में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी ने आपसी रंजिश मामले में ग्रामीणों को पीटा है। घटना पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के सैलया खुर्द गांव की है। मारपीट मे पांच लोग जख्मी हुए है। जिन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल मे भर्ती करवाया गया था। इलाज के बाद सभी ग्रामीण अपने घर लौट चुके है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने इलाके मे सर्च अभियान शुरू किया है। ग्रामीणों ने बताया कि घटना सोमवार की रात करीब नौ बजे की है। टीएसपीसी ग्रामीणों की पिटाई के बाद फरार हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि सैलया खुर्द गांव के रहने वाले जीतेंद्र सिंह नामक व्यक्ति हाल ही में उग्रवादी दस्ता में शामिल हुआ है। जख्मी लोगों में लल्लू सिंह और उनके पुत्र श्रीराम सिंह एवं रवि रंजन और भतीजा जीतेन्द्र सिंह एवं गांव के प्रेम शंकर सिंह शामिल हैं। जख्मी लोगों का जीतेन्द्र सिंह के साथ पुराना वाद विवाद रहा है। सभी जख्मी का इलाज छतरपुर पुलिस ने अनुमंडलीय अस्पताल में करवाया।

पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बताया कि आपसी वाद विवाद को लेकर पिटाई की गई। जितेंद्र सिंह कुछ दिन पहले ही उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति के दस्ते में शामिल हुआ है। घटना की जानकारी के बाद नौडीहा बाजार पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन कर रही है। पीड़ित ग्रामीणों के बयान के आधार पर टीएसपीसी के नगीना, गौतम, जीतेन्द्र समेत अन्य उग्रवादियों के खिलाफ नौडीहा बाजार थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। एसपी ने पीड़ित पक्ष एवं आसपास के लोगों से बातचीत के अनुसार बताया है कि मतदान करने के कारण पिटाई करने की बात गलत है। सलैया खुर्द के मतदान केंद्र संख्या 279 में 659 मतदाताओं ने मतदान किया है जिसका 68.02 प्रतिशत है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर मतदान का मामला रहता तो केवल एक ही परिवार को क्यों निशाना बनाया जाता।

इस क्षेत्र में माओवादियों का दस्ता भ्रमणशील नहीं है और ना ही किसी भी नक्सली संगठन द्वारा उक्त क्षेत्र में मतदान बहिष्कार करने हेतु ग्रामीणों को कहा गया था और ना ही पोस्टरबाजी की गई थी। महिलाओं के साथ मारपीट करने की भी बात गलत है, क्योंकि जितने भी जख्मी लोग हैं सारे पुरुष सदस्य हैं। इस संबंध में कांड संख्या 26/2024 धारा 147, 148, 149, 341, 323, 325, 307 भादवि एवं 17 सीएलए एक्ट के अंतर्गत कांड दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** थाना क्षेत्र के गोठा गांव में सोमवार की शाम जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में बीच हुई मारपीट में महिला सहित चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में चंदीप यादव उम्र 45 वर्ष, नागवेशीय देवी उम्र 35 वर्ष, निर्मला देवी उम्र 30 वर्ष, सरिता देवी उम्र 30 वर्ष का नाम शामिल है। मारपीट की घटना के बाद परिजनों के द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए छतरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सको ने चारों व्यक्ति की गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी चंदिप यादव और नागवेसिया देवी की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं इस घटना के बारे में घायल संदीप यादव ने बताया कि सोमवार की शाम उसके गोतिया के राजकिशोर यादव, रामराज यादव, सूर्यमल यादव, निर्मल यादव, रामधार यादव जमीनी विवाद को लेकर उसके घर पहुंचे। और बहस करने लगे। बहस के बाद मामला इतना बढ़ गया कि गोतिया के सभी लोग चंदीप यादव के परिवार के सदस्यों को लाठी डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर घायल के अन्य परिजन सदर अस्पताल पहुंच कर सभी घायलों का इलाज करवा रहे हैं। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर छतरपुर थाना की पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

# लिलिपुट में समर कैंप का आनंद ले रहे शहर के बच्चे



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में 18 मई से समर कैम्प चल रहा है जिसमें बच्चे नई नई एक्टिविटीज सीख रहे हैं। स्कूल की प्राचार्या रेणु गोयल ने आज बच्चों को गायत्री मंत्र और हनुमान चालीसा के श्लोक का पाठ करना सिखाया। बच्चों ने स्विमिंग पूल में भी खूब एंजॉय किया। आने वाले दिनों में स्पेशल एक्टिविटीज करवाई जाएंगी जिसमें पपेट शो, फायर सेफ्टी ड्रिल बाय फायरमैन आदि हैं। प्रसिद्ध एक्टर सैकत चटर्जी द्वारा बच्चों के स्टैंड अप कॉमेडी के गुर भी सिखाए जा रहे हैं। स्कूल के निदेशक राजीव गोयल ने बताया कि समर कैम्प का समापन 28 मई को पूल पार्टी के साथ किया जाएगा।

# पॉकेटमारों ने उड़ाए 29,500 रुपए बैंक से पैसे की निकासी कर जा रहे थे

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा से अपने खाते से रुपए निकाल कर बाहर निकले बैंक उपभोक्ता के पॉकेट से पॉकेटमारों ने 29,500 रुपए उड़ा कर चंपत हो गए। जानकारी के अनुसार हैदरनगर थाना क्षेत्र के सरहु गांव निवासी अर्जुन राम ने एसबीआई की मुख्य शाखा से तीस हजार रुपए निकालकर एक हार्डवेयर दुकान के समीप सामान की खरीदारी कर रहे थे। इसी क्रम में पॉकेटमारों ने पॉकेट से सारे पैसे उड़ा लिए। इस घटना की सूचना अर्जुन राम के द्वारा हुसैनाबाद थाना को दे दी है। उपभोक्ता ने बताया कि वह कर्ज को चुकाने के लिए बैंक से 30 हजार रुपए की निकासी किया था। जिसमें 500 रुपए की बाजार में खरीदारी किया था। इसी क्रम में ऊपर की पॉकेट में रखे 29,500 रुपए पॉकेट मार ली। इधर, हुसैनाबाद थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि खाताधारक के द्वारा लिखित शिकायत मिली है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# ट्रांसफार्मर ठीक कराने के बाद शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति हुई शुरू, लोगों को मिली राहत

### देवरी स्थित पानी टंकी के समीप लगा ट्रांसफार्मर खराब होने से समस्या उत्पन्न हुई थी : सुहैल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र में लगातार दो दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने से पेयजल आपूर्ति बंद थी। ट्रांसफार्मर को दुरुस्त होने के बाद मंगलवार से जलापूर्ति सुचारू रूप से चालू हो गई है।

पूर्व वार्ड पार्षद सुहैल आलम ने बताया कि देवरी स्थित पानी टंकी के समीप लगा ट्रांसफार्मर खराब होने से समस्या उत्पन्न हुई थी। उन्होंने बताया कि अविलंब खराब ट्रांसफार्मर ठीक करा दिया गया।

देवरी पानी टंकी के समीप के ट्रांसफार्मर को ठीक कराने में हुसैनाबाद कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने तत्परता दिखाई। उन्होंने मिस्त्री को अविलंब ट्रांसफार्मर ठीक कर बिजली बहाल कर शहर में पानी सप्लाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर मैकेनिक द्वारा कार्य युद्धस्तर पर कर पेय जलापूर्ति शुरू करा दी गई है। इसमें सभी नगर पंचायत कर्मियों का भी योगदान सराहनीय रहा। उन्होंने कहा कि इस बीच शहर को टैंकर से भी पानी सप्लाई की जा रही है। जिस वार्ड में जैसी आवश्यकता है। उसी के अनुसार बारी-बारी से सभी वार्ड को टैंकर से पानी सप्लाई की जाती है।

# खुले आसमान के नीचे सब्जी बेचने को विवश हैं विक्रेता



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड मुख्यालय में अभी तक सब्जी विक्रेताओं के लिये शेड का निर्माण नहीं हुआ है। जिसकी वजह से सभी विक्रेता खुले आसमान में जमीन पर बैठकर सब्जी सहित अन्य सामान बेचने को विवश हैं। शौचालय व पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से खासकर महिला व्यवसायियों को काफी परेशानी होती है। पिछले कई दशक पहले बाजार समिति द्वारा बनाये गये बाजार शेड बिल्कुल जर्जर हो गये हैं। जिसमें कुछ लोग दर्जी की दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। पांकी के साप्ताहिक हाट बाजार में पलामू, चतरा, लातेहार से सटे गांव के लोग व्यापार करने आते हैं। फल विक्रेता इदरीश अंसारी ने बताया कि 1980 के दशक में स्थानीय वैश्य समाज के लोग बैलगाड़ी से गया, लोहरदगा से लाह का व्यापार करते थे। बाहर के व्यापरियों का आना-जाना पांकी बाजार में हुआ करता था। लेकिन इतना समय बीत जाने के बाद भी यहां अब तक शेड का निर्माण नहीं हो पाया। बाजार की जमीन पर अब दुकानदार धीरे-धीरे अतिक्रमण करने लगे हैं, जिससे बाजार का अस्तित्व धीरे-धीरे मिटने लगा है।

**दर्जनों गांव के लोग सब्जी बेचने आते हैं बाजार :** पांकी के भगत चौक स्थित बाजार में दर्जनों गांव के लोग सब्जी बेचने आते हैं। सभी भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप में खुले आसमान के नीचे सब्जी बेचने को मजबूर हैं। बाजार समिति की ओर से बाजार शुल्क भी वसूला जाता है, लेकिन व्यवसायियों को कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है।

### 14वें सीपीएल नाइट क्रिकेट मैच का हुआ शुभारंभ

# गोलक्ष्मी व एनपीटी के बीच मुकाबला, एनपीटी की टीम विजयी

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** नगर पंचायत स्थित हाई स्कूल के मैदान में 14वें सीपीएल नाइट क्रिकेट मैच का शुभारंभ किया गया। इसके मुख्य अतिथि प्रशांत किशोर और विशिष्ट अतिथि कार्यपालक पदाधिकारी विश्वजीत महतो एवं छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन महिला थाना प्रभारी मुन्नी कुमारी व समाजसेवी सुमन गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया।




जिसमें शाम 7 बजे सोमवार को पहला मैच गोलक्ष्मी बनाम एनपीटी के बीच खेला गया। जहां एनपीटी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 74 रन बनाए। वहीं जवाबी पारी खेलते हुए गोलक्ष्मी के टीम ने 63 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इसके बाद दूसरी पारी की शुरुआत की गई। ज्ञात हो कि इस तरह का टूर्नामेंट प्रत्येक वर्ष छतरपुर प्रीमियर लीग के द्वारा पिछले 14 वर्षों से हाई स्कूल के मैदान में करवाई जा रही है। प्रशांत किशोर ने कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट से आज के युवाओं की प्रतिभा निखरकर सामने आती है और उन्हें स्टेट लेबल पर खेलने और आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष सोलडी सिंह, उपाध्यक्ष रजनीश कुमार, सचिव रितेश चंद्रा, संरक्षक सिंटू सिंह, संतोष कुमार, आशुतोष कुमार, रूपेश सिंह, योगी अमित कुमार, रोहित सिंह कोषाध्यक्ष मोनू सिंह, राहुल राय, मीडिया प्रभारी टिंकू सिंह, और काफी संख्या में दर्शक एवं क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहें।

## लाभुकों में पीडीएस दुकानदार के प्रति आक्रोश

**पाटन।** प्रखंड के हिसरा बरवाडीह पंचायत के नान्ही झरिया के पीडीएस दुकानदार न्यू सहेली महिला बिकास समिति के द्वारा 2 माह राशन, दाल, नमक, धोती, साड़ी का वितरण लाभुकों के बीच नहीं किया गया। जिससे लाभुकों में पीडीएस दुकानदार के प्रति आक्रोश। पीडीएस दुकानदार के पति के द्वारा अशब्द बोलने का मामला आया। लाभुक जन वितरण प्रणाली से राशन नहीं लेने का निर्णय लिया। लाभुकों ने पीडीएस दुकानदार को हटाने की मांग की है। लाभको ने बीडीओ पाटन अमित कुमार झा, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार, मुखिया हिसरा बरवाडीह जय शंकर प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य गीता देवी को पीडीएस दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। लाभुक धर्म देव राम, राजेंद्र राम, लक्ष्मी देवी, नगीना पासवान, मुना पासवान, आनंद राम, राम किशन राम, भरदूल राम, कमला कांत प्रसाद समेत अन्य लाभुक मौजूद थे।

### स्व. राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर प्रार्थना सभा

# राजीव गांधी देशवासियों के दिल में बसते हैं : बिट्टू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष जैस रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के अध्यक्षता में भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि मनाई गई सर्वप्रथम कांग्रेस जनों ने उनके चित्र पर माला फूल अर्पित करके श्रद्धा सुमन अर्पित की एवं कांग्रेस जनों ने उनके पुण्यतिथि पर एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राजीव गांधी 21वीं सदी के भारत के निमार्ता थे उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किया जिसका लाभ देशवासियों को मिल रहा है सूचना प्रौद्योगिकी दूरसंचार के क्षेत्र में क्रांति ले आए 18 वर्ष के युवाओं को मत देने का अधिकार देकर युवाओं के हृदय सम्राट बन गए गांव को सशक्त बनाने



के लिए पंचायती राज व्यवस्था लागू किया शिक्षा का आधुनिकरण किया भारत को कंप्यूटर युग में प्रवेश कराया राजीव गांधी अपने प्रधानमंत्री काल में कई बड़ी योजनाओं को लागू किए थे राजीव गांधी को झारखंड की जनता हमेशा याद रखेगी राजीव गांधी जी के बिना यह देश की कल्पना करना अधूरा है देश अगर आधुनिकरण हुआ है इसका देन स्वर्गीय राजीव गांधी जी का है पूरे देशवासियों के दिल में धड़कते हैं और बसते हैं राजीव गांधी जी मौके पर प्रमुख रूप से शमीम अहमद रायन ईश्वरी प्रसाद सिंह मिथिलेश कुमार सिंह जितेंद्र कमलापुरी गिरजा राम राजेंद्र अग्रवाल इंदु भगत अजय साहू नसीम खान रामानंद पाठक अनिल सिंह मुकेश सिंह अशोक पासवान उमेश यादव अखिलेश मांझी भूमिती नारायण पाठक मनोज चंद्रवंशी इत्यादि लोगों उपस्थित थे।

### आधा दर्जन बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था की जांच

**हरिहरगंज।** शहर के एसबीआइ, केनरा बैंक सहित आधा दर्जन बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसआइ सतीश कुमार गुप्ता ने मंगलवार को जांच की। शाखा प्रबंधक, कर्मियों एवं सुरक्षा गार्ड से बैंक में सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि सुरक्षा से संबंधित कई दिशा निर्देश बैंक के शाखा प्रबंधक को दिया गया है। उन्होंने जांच में बैंक में सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी कैमरा आदि की जानकारी ली। कहा कि हरिहरगंज शहर के सभी बैंक बिहार की सीमा से सटे हुए हैं, जिसे लेकर भी विशेष निगरानी रखी जाती है।

### पोखराहा बरूणा चेक डैम से शव बरामद

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के हिसरा पोखराहा बरूणा चेक डैम से सतबरवा पुलिस ने मंगलवार को एक नंग-धड़ंग शव बरामद किया है। शव की उम्र करीब 40 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेंज दिया, जहा से शव को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि मंगलवार को बरूणा चेक डैम में शव होंने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

### 1086 बच्चों को स्कूल में लाने की पहल शुरू, स्कूल चले अभियान के तहत होगा नामांकन

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में वर्ग एक से 12वीं तक के 1086 बच्चे आउट ऑफ स्कूल हैं। शिक्षा विभाग की ओर से इन बच्चों को पुनः स्कूल लाने की दिशा में पहल शुरू की गई है। सर्वाधिक आउट ऑफ स्कूल बच्चे विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र में है। विश्रामपुर में वर्ग एक से 12वीं तक में 192 बच्चे स्कूल से बाहर हैं। वर्ग एक से आठवीं तक में 1005 बच्चे स्कूल से बाहर हैं, जबकि वर्ग नौवीं से 12 तक में जिले में मात्र 81 बच्चे स्कूल से बाहर हैं। समग्र शिक्षा अभियान के एपीओ जॉन मुथ्यू ने बताया कि स्कूलों में नये सत्र में नामांकन प्रारंभ है। आउट ऑफ स्कूल बच्चे नामांकन नहीं करा पायेंगे वैसे बच्चों के लिए जून-जुलाई में स्कूल चले अभियान के दौरान स्कूलों में नामांकन सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में 43 बच्चे स्कूल से बाहर हैं। इसी प्रकार छतरपुर प्रखंड में 89, मेदिनीनगर में 43, हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र में 39, हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में 41, हुसैनाबाद में 40, लेस्लीगंज प्रखंड में 26, मनातू प्रखंड में 56, मोहम्मदगंज प्रखंड में 76, नावाबाजार प्रखंड में 22, नौडीहा बाजार में 40, पांडू प्रखंड में 41, पड़वा प्रखंड में 39, पांकी प्रखंड में 81, पाटन प्रखंड में 50, पिपरा प्रखंड में 32, रामगढ़ प्रखंड में 30, सतबरवा प्रखंड में 40, तरहसी प्रखंड में 34 और उंटारी रोड प्रखंड में 32 बच्चे आउट ऑफ स्कूल हैं। एपीओ ने कहा कि आउट ऑफ स्कूल बच्चों के अभिभावकों से भी संबंधित स्कूलों के शिक्षक संपर्क कर नामांकन कराने की दिशा में सार्थक पहल किया जा रहा है ताकि कोई बच्चा स्कूल से बाहर नहीं रह सके। सरकारी स्कूलों में सरकार स्तर से एमडीएम के साथ निःशुल्क पुस्तक, पोशाक आदि की सुविधा बच्चों को इसी उद्देश्य से प्रदान की जा रही है। उन्होंने आउट ऑफ स्कूल बच्चों के अभिभावकों से आग्रह किया है कि उम्र के हिसाब से अपनी नजदीक के स्कूलों में अपने बच्चों को दाखिला करायें, ताकि बच्चों का बेहतर भविष्य का निर्माण हो सके।

## आस्था

### कामनापूर्ति शिवशक्ति धाम का स्थापना दिवस

# मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, मन्नत मांगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेड़मा पांकी रोड में स्थित कामनापूर्ति शिव शक्ति धाम मंदिर का सातवां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आज पूजा के मुख्य यजमान पंडित राजमुनी तिवारी परिवार के द्वारा पूजा किया गया। कामनापूर्ति शिवशक्ति धाम समिति के अध्यक्ष ललन तिवारी एवं उनकी पूरी कामनापूर्ति शिवशक्ति धाम मंदिर समिति की टीम ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने का काम किया। समिति के अध्यक्ष ललन तिवारी ने बताया कि सर्वप्रथम रुद्राभिषेक के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करते हुए उनसे शहर वासियों एवं समस्त संसार के कल्याण की प्रार्थना की गई। उसके उपरांत भंडारा सह प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हर वर्ष की भांति किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं में प्रसाद प्राप्त करने का उत्साह देखा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष ललन तिवारी, मुकेश तिवारी, अजय शुक्ला, बीजू मिश्रा सुनील तिवारी, रविशंकर दूबे, रघुनंदन प्रसाद, रघुनाथ गुप्ता, कृष्णा शुक्ला, विरन तिवारी, पिंकू तिवारी, आशुतोष तिवारी, अश्विनी तिवारी सहित काफी संख्या में कामनापूर्ति शिवशक्ति धाम के श्रद्धालु उपस्थित रहे।





रुद्राभिषेक के साथ भगवान भोलेनाथ की हुई पूजा-अर्चना




# इंडी गठबंधन वालों को भारत का गौरव हजम नहीं होता : पीएम मोदी

- *इंडी गठबंधन वालों का एजेंडा है 370 फिर से लाएंगे, सीएए रद्द करेंगे*
- *सपा और कांग्रेस के कुशासन व हमारी आस्था के बीच 36 का आंकड़ा*



**एजेंसी। प्रयागराज**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को प्रयागराज के परेड ग्राउंड के मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की पहचान अब एक्सप्रेस-वे से होती है। विकास से होती है। भारत अब दुनिया में अपनी आवाज बुलंद कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की इस तरक्की से सब खुश हैं, लेकिन सपा, कांग्रेस और इंडी गठबंधन वालों को भारत का गौरव हजम नहीं होता। यह करते क्या हैं? कांग्रेस के शहजादे भारत को गाली देने के लिए विदेश जाते हैं। इंडी गठबंधन वालों का एजेण्डा है- 370 फिर से लाएंगे, सीएए रद्द करेंगे, भ्रष्टाचार के खिलाफ बने कानून को समाप्त करेंगे। मोदी ने पूछा कि क्या यह सब करने के लिए आप लोग इन्हें (इंडी गठबंधन) वोट देंगे? उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस के कुशासन और हमारी आस्था के बीच 36 का आंकड़ा है। इंडी गठबंधन से विकास नहीं हो सकता। प्रयागराज को ही देखिए। सपा-कांग्रेस की सरकारों में क्या होता था। भीड़ में भगदड़ मच जाती थी। लोगों की जान चली जाती थी। यह इसलिए होता था क्योंकि उन्हें कुम्भ से ज्यादा अपने वोट बैंक की चिंता रहती थी। कुम्भ के लिए कुछ करें तो उनका वोट बैंक नाराज न हो जाए। इसका उन्हें डर रहता था।

### गठबंधन में 20 लाख करोड़ के घोटालेबाज एक साथ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के मोतिहारी और महाराजगंज लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवारों राधामोहन सिंह और जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के पक्ष में चुनावी जनसभाओं में इंडी गठबंधन पर जमकर प्रहार किया। महाराजगंज में उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार का पता है यह गठबंधन। इनके नेताओं में तीन बातें एक जैसी हैं। कम्युनल, जातिवाद और परिवारवाद। गठबंधन में 20 लाख करोड़ के घोटालेबाज एक साथ हैं।

### नौकरी के बदले जमीन लिखाने वाले बिहार को आगे नही बढ़ा सकते

मोतिहारी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने लालू प्रसाद व उनके परिवार पर जमकर प्रहार करते कहा कि एक इंसान जिसे अदालत ने चोरी करने के गुनाह में सजा सुनाई है। जो जेल काट रहा था। बीमारी के कारण घर आने का अवसर मिला। वैसे लोगों को घर में बढ़िया खाने की फुर्सत है लेकिन रामलला के पास आने का समय नहीं है। जो लोग नौकरी के बदले जमीन लिखवा ले, वह दूसरे के भविष्य के बारे में क्या सोच सकता है? ऐसे लोग बिहार को आगे नहीं बढ़ा सकते, ये जंगलराज,भष्ट्राचार और पलायन ही दे सकते है।

### शुक्रिया बारामूला, लोकतंत्र के महापर्व में झूमे लोग, 59 प्रतिशत वोटिंग : मोदी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 खत्म होने का बड़ा असर इस आम चुनाव में दिखा है। अनुच्छेद 370 के बाद का 'नया कश्मीर' लोकतंत्र के महापर्व में झूम उठा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां की बारामूला लोकसभा सीट पर पांचवें चरण के लिए हुए मतदान के आंकड़े पर खुशी जताते हुए क्षेत्र के लोगों को बधाई दी है। इस बार बारामूला लोकसभा सीट पर 59 प्रतिशत मतदान हुआ। यह 1984 के बाद से अब तक सबसे ज्यादा है।
उल्लेखनीय है कि कुछ दशक तक बारामूला में 10 प्रतिशत से भी कम मतदान होता रहा है।
बारामूला लोकसभा क्षेत्र में अब तक का सबसे अधिक मतदान होने पर प्रधानमंत्री मोदी ने वहां की जनता का शुक्रिया अदा किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह एक शानदार ट्रेंड है। उन्होंने एक्स हैंडल पर लिखा, बारामूला की मेरी बहनों और भाइयों को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए बधाई। ऐसी सक्रिय भागीदारी एक महान प्रवृत्ति है। प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए यह बात लिखी। वहीं राज्यपाल मनोज सिन्हा ने लिखा, "58 प्रतिशत से अधिक मतदान बहुत उत्साहजनक है और लोकतंत्र में लोगों के दृढ़ संकल्प और अटूट विश्वास को दशार्ता है।

## यह संविधान और आरक्षण बचाने की लड़ाई है : खरगे



- *जगाधरी में इंडी गठबंधन की जनसभा को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया संबोधित*

**एजेंसी**

**यमुनानगर (हरियाणा)।** अंबाला और कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों के समर्थन में मंगलवार को जगाधरी की अनाज मंडी में इंडी गठबंधन की जनसभा को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संबोधित किया। उन्होंने इस चुनाव को संविधान और आरक्षण बचाने की लड़ाई बताया।

कांग्रेस प्रमुख खरगे ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश में आईटी क्षेत्र में क्रांति और पंचायती राज जैसे कानून लाने का काम स्वर्गीय राजीव गांधी ने किया। राजीव गांधी की सरकार ने ही देश में वोट देने के लिए तय आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष किया। आजादी के बाद पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने कई सरकारी संस्थानों का निर्माण किया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने उन संस्थानों को अपने बड़े-बड़े धन्ना सेठों को बेच दिये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ऊंचे पद पर बैठकर कहते है कि आपकी संपत्ति कांग्रेस बेच देगी और दूसरों को दे देगी। मोदी झूठों के सरदार हैं। अब यह चुनाव मोदी और जनता के बीच में है। हम जनता की मदद कर रहे हैं।
जनसभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा और प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने भी कांग्रेस के घोषणा पत्र की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अंबाला और कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्रों से पार्टी के उम्मीदवारों के लिए वोट करने की अपील की।

## आजमगढ़ में अखिलेश की जनसभा में हंगामा, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**एजेंसी**

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के लालगंज लोकसभा क्षेत्र के सरायमीर में खरेवा मोड़ पर मंगलवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव की जनसभा में जमकर हंगामा हुआ। अखिलेश यादव के जनसभा में आने के बाद सपा कार्यकताओं ने जमकर बवाल काटा। बेलगाम सपा कार्यकताओं ने जब उपद्रव शुरू किया तो पुलिस ने मोर्चा संभाला। इस दौरान जमकर कुर्सियां तोड़ी गईं और एक दूसरे पर कुर्सियों से वार किया गया। वहीं अखिलेश यादव मंच पर बैठे रहे और संचालक लगातार लोगों से शांति की अपील करते रहे लेकिन इसका कोई असर देखने को नहीं मिला। मंच के सामने पहुंचने की होड़ के चलते चारों तरफ से कार्यकर्ता आपस में ही नोक झोंक करने लगे। पुलिस कर्मियों को स्थिति को संभालने में काफी मशक्कत का सामना पड़ा करना पड़ा। लाठीचार्ज कर स्थिति को काबू करने की कोशिश की गई। काफी देर बाद जनसभा शुरू हुई, जिसे अखिलेश यादव ने संबोधित किया।

### भाजपा के लिए जनता लगा रही हार का नारा : अखिलेश



**लालगंज।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार पिछले 10 सालों से लूट और झूठ की बुनियाद पर टिकी है। इन्होंने वैक्सीन कंपनी से भी चंदा ले लिया और वैक्सीन जबरदस्ती लगवा दी, अब वैक्सीन से जान का खतरा हो गया है। उन्होंने कहा कि जनसमर्थन, उत्साह, जोश, दरोगा सरोज को जिताने जा रहा है। उत्तर प्रदेश की जनता ने भाजपा को सबक सिखाने का मन बना लिया है। उन्होंने आगे कहा कि इस बार जनता ने मन बनाया है कि पीडीए परिवार ही एनडीए को हराएगा। भाजपा के लोग कह रहे थे 400 पार, लेकिन इस बार 400 हार का नारा जनता लगा रही है। 4 जून के बाद जब सरकार बनेगी तो गरीबों और किसानों का कर्ज माफ होगा।

### 'बिना पर्ची-बिना खर्ची' मिल रही नौकरी : मनोहर लाल

**पानीपत (हरियाणा)।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और करनाल लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार मनोहर लाल ने मंगलवार को पानीपत के कई गांवों में रोड शो किया और भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हर वर्ग के विकास का काम किया है। अब युवाओं को 'बिना पर्ची-बिना खर्ची' के नौकरी दी जा रही है। प्रदेश में भ्रष्टाचार खत्म हुआ है। मैं आप लोगों से अपील करता हूं कि 25 मई को भाजपा को बड़े मार्जिन से जिताने का काम करें और 'अबकी बार 400 पार' के लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग दें। मैं सबको मोदी की राम राम देने आया हूं, मनोहर की राम-राम देने आया हूं। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का नाम दुनिया में चमक रहा है।

## जंगलराज से बिहार को काफी नुकसान हुआ : सीतारमण

**एजेंसी**



**पटना।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि बिहार में जंगलराज के कारण न केवल विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हुई थी, बल्कि आर्थिक रूप से भी बिहार पिछड़ गया था। बड़ी मेहनत से बिहार को वहां से बाहर निकाला गया है। पटना में एक पत्रकार वार्ता में सीतारमण ने कहा कि युवा मतदाताओं को यह जानना काफी जरूरी है। जंगलराज वाले उस दौर में कहा करते थे कि सम्मान चाहिए, विकास नहीं। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि जब जंगलराज का दौर आया तो प्रति व्यक्ति आय, जीडीपी ओडिशा से ज्यादा थी। ओडिशा की 1991 में प्रति व्यक्ति आय 20,591 रुपए थी, जबकि बिहार में 21,282 रुपए थी। जंगल राज शुरू होने के बाद बिहार में इसमें 33 फीसदी की गिरावट आई, जबकि ओडिशा में 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। उन्होंने बताया कि 2002 में प्रति व्यक्ति आय बिहार में कम होकर 14,209 तक पहुंच गई। 2002 के बाद से 2019 में प्रति व्यक्ति आय 37 हजार रुपए से ज्यादा हो गई है। उन्होंने कहा कि अगर यह जंगलराज नहीं आता तो आज बिहार बहुत आगे होता। इंडी गठबंधन वाले मुसलमानों को पूरा आरक्षण देने की बात करते हैं जो संविधान के खिलाफ है। कर्नाटक में मुस्लिम वर्ग को ओबीसी से काटकर आरक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मूलमंत्र सबका विकास है। आज सम्मान भी है और विकास भी। रामनाथ कोविंद, द्रौपदी मुर्मू को सम्मान इसका उदाहरण हो है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आज कांग्रेस संविधान बचाने की बात करती है, लेकिन कांग्रेस अपनी पार्टी के संविधान को नहीं मानती।

### अधीर ने कांग्रेस व वामदलों को बताया प. बंगाल की बड़ी ताकत

**बेहरामपुर (प. बंगाल)।** कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने वामदलों और कांग्रेस को पश्चिम बंगाल की सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा, बीजेपी अपनी साजिश के तहत लोगों को मताधिकार के प्रयोग से वंचित रखना चाहती है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा लोकसभा चुनाव के बीच किए जा रहे दावों और वादों को खोखला बताया। इसके साथ ही उन्होंने शक्तिपुर दंगे को सुनियोजित साजिश का नतीजा बताया। कांग्रेस नेता ने आगे कहा, ममता बनर्जी साधु-संतों के खिलाफ बोलकर मुस्लिम वोटों को बरकरार रखना चाहती है। ममता मौजूदा वक्त में ध्रुवीकरण की राजनीति में व्यस्त हैं।

## भगवान जगन्नाथ / संबित के बयान के बीच बीजेडी नेताओं के बोल भी वायरल

## राजनीतिक लाभ के लिए जाने-अनजाने भगवान पर टिप्पणी

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** ओडिशा की पुरी लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार संबित पात्रा के भगवान जगन्नाथ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भक्त बताने वाले बयान को लेकर सियासी बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। ओडिशा के मुख्यमंत्री और बीजेडी प्रमुख नवीन पटनायक ने संबित पात्रा के बयान की निंदा की और इसे भगवान जगन्नाथ के भक्तों और ओडिशा के लोगों की आस्था को ठेस पहुंचाने वाला बताया। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा से भगवान को किसी भी राजनीतिक चर्चा से ऊपर रखने की अपील की।
एक तरफ जहां सीएम पटनायक संबित पात्रा के भगवान जगन्नाथ को पीएम मोदी का भक्त बताने वाले बयान को लेकर भाजपा और पीएम मोदी को घेरने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, उन्हीं के पार्टी के नेता खुद भगवान जगन्नाथ का कई बार अपमान कर चुके हैं। बीजेडी नेता कई मौकों पर भगवान जगन्नाथ की तुलना मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से कर चुके हैं। कई बार सीएम को ओडिशा के लिए भगवान जगन्नाथ तक बता चुके हैं। इस साल फरवरी में उड़िया एक्टर और बीजेडी विधायक दैतारी पांडा ने सीएम नवीन पटनायक की तुलना भगवान जगन्नाथ से कर डाली थी। जिसके कारण उनका चौतरफा विरोध भी हुआ था। इसके अलावा बीजेडी के राज्यसभा सांसद अमर पटनायक ने नवीन पटनायक को ओडिशा का भगवान जगन्नाथ बताया था।

साल 2022 में ओडिशा के उद्योग मंत्री पीके. देब ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की तुलना भगवान जगन्नाथ से करके विवाद खड़ा कर दिया था। प्रताप देब ने बीजू जनता दल की एक बैठक के दौरान कहा था कि ओडिशा अब नवीन पटनायक के नाम से जाना जाता है, पहले यह भगवान जगन्नाथ के लिए जाना जाता था। उनके इस बयान को लेकर जमकर फजीहत भी हुई थी।

### पात्रा ने कहा जुबान फिसल गई

सोशल मीडिया पर संबित पात्रा का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह रोड शो के दौरान मीडिया से बात करते हुए भगवान जगन्नाथ को प्रधानमंत्री मोदी के भक्त बता रहे हैं। हालांकि, विवाद बढ़ने पर संबित पात्रा ने सफाई दी कि उनकी जुबान फिसल गई थी और वह पीएम मोदी को भगवान जगन्नाथ का भक्त कहना चाह रहे थे। संबित पात्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी को लेकर मुझसे जो भूल हुई है।

### अभिजीत गंगोपाध्याय के चुनाव प्रचार पर लगा 24 घंटे का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में तामलुक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय पर कार्रवाई की है। आयोग ने गंगोपाध्याय पर एक दिन के लिए चुनाव प्रचार करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। वे मंगलवार शाम 05 बजे से अगले 24 घंटे तक किसी भी प्रकार से चुनाव प्रचार में सम्मिलित नहीं हो सकते। गंगोपाध्याय ने 15 मई को हल्दिया में एक चुनावी जनसभा में ममता पर जो टिप्पणी की थी, उसे चुनाव आयोग ने बेहद आपत्तिजनक माना है। गंगोपाध्याय ने कहा था कि ममता बनर्जी, आप कितने में बिक सकती हो। उन्होंने आगे भी इसी संदर्भ में टिप्पणियां की थी। इस पर आपत्ति जताते हुए तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी।

## जहां जाते हैं राहुल, वहां कांग्रेस को मिलते हैं कम वोट : रामदास आठवले



**एजेंसी। सोनीपत**

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को हरियाणा में मतदान होना है। इसे लेकर सभी राजनीतिक दल प्रचार-प्रसार में कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहे हैं। इसी कड़ी में भाजपा और उसके सहयोगी दलों के नेता चुनाव प्रचार को लेकर एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। हरियाणा के सोनीपत पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास आठवले ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला। आठवले ने सोनीपत में राहुल गांधी की होने वाली जनसभा पर तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी जहां भी जाते हैं, वहां कांग्रेस के वोट कम हो जाते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर निशाना साधते हुए आठवले ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा मेरे अच्छे मित्र हैं, वो कांग्रेस के चुनाव प्रचार को लेकर चाहे जितना जोर लगा लें, लेकिन, जीत भाजपा की ही होगी। रामदास आठवले ने कार्यकर्ताओं और नेताओं की बैठक के साथ दलित समाज के लोगों से जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने बड़ा दावा करते हुए कहा कि हरियाणा की सभी लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत होगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com